www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

21 दिसंबर, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 63


BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM
ANM
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
D-PHARM
B-PHARM

# मंदिर-मस्जिद विवाद उठा कर लोग सोचते हिंदुओं के नेता बन जायेंगे : मोहन भागवत

- आरएसएस प्रमुख ने पुणे के कार्यक्रम में कही दो-टूक बात

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पुणे।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंदिर-मस्जिद विवाद के फिर से उठने पर चिंता जतायी है। भागवत ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि वे ऐसे मुद्दे उठा कर हिंदुओं के नेता बन जायेंगे। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। भारत को यह दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं। हम लंबे समय से सद्भावना के साथ रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना देना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। भागवत पुणे में सहजीवन व्याख्यानमाला में भारत विश्वगुरु पर व्याख्यान दे रहे थे।

मोहन भागवत ने किसी विशेष स्थान का नाम लिये बिना कहा कि हर दिन एक नया मामला (विवाद) उठाया जा रहा है। इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है? हाल के दिनों में मंदिरों का पता लगाने के लिए मस्जिदों के सर्वेक्षण की कई मांगें अदालतों में पहुंची हैं। हालांकि, भागवत ने अपने व्याख्यान में किसी का नाम नहीं लिया।

**अल्पसंख्यकों के साथ क्या हो रहा सभी देख रहे:** भागवत ने कहा कि दूसरे देशों में अल्पसंख्यकों के साथ क्या हो रहा, सब देख रहे। भारत में अक्सर अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर चर्चा की जाती है। अब हम देख रहे हैं कि दूसरे देशों में अल्पसंख्यक समुदायों को किस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

## राम मंदिर इसलिए बना, क्योंकि वो आस्था से जुड़ा था

भागवत ने कहा कि राम मंदिर इसलिए बना, क्योंकि वो आस्था से जुड़ा था। भारतीय समाज की बहुलता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाया जाता है। केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं, क्योंकि हम हिंदू हैं। हम लंबे समय से सद्भावना के साथ रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना देना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। राम मंदिर का निर्माण इसलिए किया गया, क्योंकि यह सभी हिंदुओं की आस्था का मामला था।

## अब संविधान के अनुसार चलता है देश

भागवत ने कहा कि बाहर से आये कुछ समूह अपने साथ कट्टरता लेकर आये हैं। वे चाहते हैं कि उनका पुराना शासन वापस आये, लेकिन अब देश संविधान के अनुसार चलता है। इस व्यवस्था में लोग अपने प्रतिनिधि चुनते हैं, जो सरकार चलाते हैं। राम मंदिर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह तय किया गया था कि अयोध्या में राम मंदिर हिंदुओं को दिया जाना चाहिए, लेकिन अंग्रेजों ने इसे भांप लिया और दोनों समुदायों के बीच दरार पैदा कर दी। तब से अलगाववाद की यह भावना अस्तित्व में आयी। परिणामस्वरूप, पाकिस्तान अस्तित्व में आया।

# हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओपी चौटाला का निधन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुरुग्राम।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया। वे 89 साल के थे। शुक्रवार को वे गुरुग्राम में अपने घर पर थे। उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद साढ़े 11 बजे उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में लाया गया। करीब आधे घंटे बाद दोपहर 12 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। इसका पता चलते ही उनके बेटे अजय, अभय चौटाला और पोते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला अस्पताल पहुंचे। वहीं अस्पताल के बाहर उनके समर्थकों की भीड़ भी जुटी। पूर्व सीएम का पार्थिव शरीर सिरसा स्थित तेजा खेड़ा गांव में उनके फार्म हाउस लाया गया। यहां अंतिम दर्शन के बाद शनिवार को अंतिम संस्कार किया जायेगा।

ओम प्रकाश चौटाला न केवल हरियाणा में, बल्कि दिल्ली देहात के ग्रामीण इलाकों में भी एक प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तित्व रहे हैं। उनका करिश्मा ऐसा था कि जब भी किसी गांव में उनकी सभा होती, तो दूरदराज के गांवों के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उनका भाषण सुनने आते थे।

**प्रधानमंत्री ने शोक व्यक्त किया:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदजी ने ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। प्रदेश की राजनीति में वे वर्षों तक सक्रिय रहे और चौधरी देवीलाल जी के कार्यों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ॐ शांति।

## न्यूज रील्स

### हेमंत सरकार कैबिनेट की बैठक 24 को

रांची। झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 24 दिसंबर मंगलवार को होगी। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। कैबिनेट की बैठक शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन सभागार में होगी। कैबिनेट की बैठक में राज्य हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेंगे।

### दिल्ली में पूरे साल रहेगा पटाखों पर बैन

नयी दिल्ली। दिल्ली में 2025 में पूरे साल पटाखों पर बैन रहेगा। यह जानकारी दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान दी। सरकार ने कोर्ट को बताया कि पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और जलाने पर प्रतिबंध रहेगा। इसे लेकर दिल्ली पर्यावरण विभाग ने आदेश भी जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी-हरियाणा को भी ऐसा प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है।

### पुणे एयरपोर्ट का नाम संत तुकाराम महाराज के नाम पर होगा

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा ने सर्वसम्मति से पुणे एयरपोर्ट का नाम जगदगुरु संत तुकाराम महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट रखने की मांग की गयी। पुणे का यह हवाई अड्डा अभी लोहेगांव एयरपोर्ट के नाम से जाना जाता है। राज्य सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी देकर केंद्र को भेजा है।

# झारखंड मिल्क कलेक्शन सेंटर में होगा इजाफा : शिल्पी नेहा तिर्की



## मंत्री ने मेधा डेयरी प्लांट का निरीक्षण किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि राज्य में मिल्क कलेक्शन सेंटर में इजाफा किया जायेगा। इसका उद्देश्य राज्य के पशु पालकों से उचित मूल्य पर दुग्ध कलेक्शन करना है। वह शुक्रवार को रांची के होटवार स्थित मेधा डेयरी प्लांट का औचक निरीक्षण करने पहुंची थीं। तिर्की ने कहा कि राज्य में 10 हजार लीटर से दुध कलेक्शन का काम शुरू हुआ था। आज प्रतिदिन 3 लाख लीटर दुध का कलेक्शन हो रहा है। बाजार की मांग 10 लाख लीटर प्रतिदिन की है। बाजार की मांग को दूसरी कंपनी पूरा कर रही हैं, जबकि मेधा के उत्पाद की क्वालिटी सबसे बेहतर है। मेधा के उत्पाद को राज्य के अंदर ही नहीं दूसरे राज्य तक भी पहुंचाना है। श्रीमती तिर्की ने कहा कि पशुपालक किसानों को दुध का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण इलाकों में बिचौलिया सक्रिय हैं। ऐसे में ये जरूरी है कि मिल्क कलेक्शन सेंटर में इजाफा कर बिचौलियों के सिंडिकेट को खत्म किया जाये। उन्होंने बताया कि मांडर की एक महिला 2016 से पशुपालन से जुड़ी हैं और आज दुध बेच कर प्रति माह 2 लाख रुपये तक का आय हासिल कर रही हैं।

# राजस्व संग्रहण को लेकर गंभीरता दिखायें अधिकारी: दीपक बिरुआ

## भू-राजस्व मंत्री ने विभाग की समीक्षा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा है कि राजस्व संग्रहण की दिशा में विभाग के अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। आमजनों की समस्याओं को दूर करने की दिशा में सार्थक प्रयास होना चाहिए। विसंगतियों को दूर कर हमें राज्य और राज्यवासियों की बेहतरी के लिए कार्य करना है। दीपक बिरुआ शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में भू राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। मंत्री द्वारा आहूत बैठक में विभागीय सचिव के अतिरिक्त सभी जिला के एसी और डीसीएलआर उपस्थित थे। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में मंत्री ने सभी एसी और डीसीएलआर से एक-एक कर बात कर उनके कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने भूमि से संबंधित मामलों एवं आम लोगों से जुड़े मामलों पर गंभीरता से कार्य करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने कहा कि इस तरह की समीक्षा बैठक समय-समय पर आयोजित होगी, ताकि कार्यों की गति और अधिकारियों की कार्य क्षमता का आकलन कर बेहतर निर्णय लिया जा सके।

# शिक्षा व्यवस्था पर लगे प्रश्नचिह्न को मिटाना है : रामदास सोरेन

## शिक्षा मंत्री सोना देवी विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**घाटशिला।** शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर लगे प्रश्न चिह्न को मिटाना है। इसके लिए सरकार शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने और संरचनात्मक विकास करने का प्रयास कर रही है। अभी दो इंजीनियरिंग कॉलेज और 30 डिग्री कॉलेज खोलने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। राज्य के छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए बाहर नहीं जाना पड़े, इसके लिए सरकार काम कर रही है। रामदास सोरेन शुक्रवार को घाटशिला में सोना देवी विश्वविद्यालय के पहला स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी को सरकारी नौकरी नहीं दे सकती है, लेकिन यहां के छात्र सोना देवी विश्वविद्यालय से तकनीकी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं। राज्य सरकार सोना देवी विश्वविद्यालय को हरसंभव आवश्यक सहायता देगी। इस मौके पर सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ जेपी मिश्रा ने उपस्थित गणमान्य का स्वागत किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे जीवन में नेक इंसान बनें। आपकी छवि से ही सोना देवी विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ेगी, नाम रौशन होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के क्रियाकलाप पर प्रकाश डाला। कुलसचिव प्रो डॉ गुलाब सिंह 'आजाद' ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त, हंगामे में खो गये जनता के सवाल

# 26 दिन, 20 बैठकें और 62 घंटे हुए काम

## संसद के शीत सत्र में सबसे कम काम का बना रिकॉर्ड

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** अठारहवीं लोकसभा का तीसरा सत्र शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा की 20 बैठकें हुईं, जो 62 घंटे तक चलीं। लोकसभा के इस सत्र के दौरान उत्पादकता 57.87% रही। सत्र के दौरान लोकसभा में पांच सरकारी विधेयक पेश किये गये और चार विधेयक पारित किये गये। शून्य काल के दौरान अविलंबनीय लोक महत्व के 182 मामले उठाये गये और नियम 377 के अंतर्गत 397 मामले उठाये गये। यह सत्र 25 नवंबर से शुरू हुआ था। भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा 13 दिसंबर को शुरू हुई और 14 दिसंबर को समाप्त हुई। शून्य काल के दौरान 61 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिये गये और सदस्यों द्वारा अविलंबनीय लोक महत्व के 182 मामले उठाये गये।

**शीतकालीन सत्र में सबसे कम उत्पादकता :** लोकसभा का शीतकालीन सत्र अब तक के सभी सत्रों में सबसे कम उत्पादकता वाला रहा। लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 57% रही और राज्यसभा की प्रोडक्टिविटी 43% रही। संविधान पर चार दिन चर्चा चली और बाकी समय शोरशराबा और हंगामा होता रहा। इस सत्र में 26 दिनों में 19 बैठकें हुईं।

## गरिमा बनाये रखना सभी सदस्यों की सामूहिक जिम्मेदारी

अठारहवीं लोकसभा के तीसरे सत्र के अंतिम दिन अपने समापन भाषण में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संसद की गरिमा और मर्यादा बनाये रखना सभी सदस्यों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संसद के किसी भी द्वार पर धरना, प्रदर्शन करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि इसका उल्लंघन होता है, तो संसद को अपनी मर्यादा और गरिमा बनाये रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का अधिकार है। उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि उन्हें किसी भी दशा में नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए।

### भोपाल में पूर्व आरटीओ कांस्टेबल के घर लोकायुक्त की छापेमारी

# जगंल में कार से 52 किलो सोना और 10 करोड़ नकद बरामद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भोपाल।** भोपाल में एक पूर्व आरटीओ कांस्टेबल सौरभ शर्मा और उनके साथी चंदन सिंह गौर के घर लोकायुक्त के छापे के बाद बड़ा खुलासा हुआ है। गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात में आयकर विभाग ने मेंडोरी गांव के पास एक गाड़ी से 52 किलो सोना और 10 करोड़ रुपये बरामद किये हैं। यह संपत्ति शर्मा और गौर अथवा आयकर छापों की जद में आये लोगों की हो सकती है।

गौरतलब है कि शर्मा और गौर के खिलाफ पहले से ही आय से अधिक संपत्ति का मामला चल रहा था। गुरुवार को हुए छापे में शर्मा के घर से 2.5 करोड़ रुपये नकद, जेवर और प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले थे। शर्मा ने एक साल पहले स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी और अब रियल एस्टेट के कारोबार में हैं। लोकायुक्त की स्पेशल पुलिस एस्टाब्लिशमेंट (एसपीइ) ने गुरुवार को सौरभ शर्मा और चंदन सिंह गौर के घरों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार और अवैध भूमि उपयोग की शिकायतों के बाद शुरू हुई थी। इस मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा मेंडोरी गांव के पास एक छोड़ी हुई गाड़ी से हुआ। इस गाड़ी से 52 किलो सोना और 10 करोड़ रुपये नकद मिले हैं।

# जयपुर में गैस टैंकर हादसा में 11 की मौत, 35 झुलसे

## अजमेर हाइवे पर एलपीजी टैंकर और ट्रक में टक्कर के कारण स्लीपर बस समेत 40 वाहनों में लगी आग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में अजमेर हाइवे पर शुक्रवार की सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। एलपीजी गैस टैंकर की एक ट्रक से भिड़ंत हो गयी। हादसे में अब तक 11 लोगों की जान जा चुकी है। करीब 35 लोग झुलसे हैं। हादसा इतना भीषण था कि पूरा इलाका आग की लपटों से घिर गया। एक घर भी आग की चपेट में आया है। हादसा दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास सुबह करीब 5:44 बजे भांकरोटा इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास हुआ।

जानकारी के मुताबिक एलपीजी टैंकर अजमेर से जयपुर की ओर जा रहा था। मगर जब टैंकर अजमेर की ओर यू-टर्न लेने लगा तभी जयपुर से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के कारण गैस लीक होने लगी। देखते ही देखते यह 200 मीटर के दायरे में फैल गयी। अचानक एक धमाके के साथ पूरा इलाका आग के गोले में बदल गया। हादसे में 40 से अधिक वाहनों में आग लग गयी। कई लोगों को मौके से भागने तक का समय नहीं मिला। एक स्लीपर बस भी आग की चपेट में आ गयी।

## प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने दुख व्यक्त किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जयपुर हादसे के पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिवार को दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये के मुआवजे की घोषणा की। वहीं, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने घटना पर दुख व्यक्त किया। राजस्थान सरकार ने मृतकों के परिवार को पांच लाख रुपये और घायलों को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का एलान किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

| सर्राफा | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 91,000 रु./प्रति किलो |



# अपनी सियासी छवि को नुकसान पहुंचा गये राहुल गांधी

## संसद परिसर में हुई धक्का-मुक्की से नये विवाद में फंस गये कांग्रेस के युवराज

**आजाद सिपाही विशेष**

18वीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी एक बार फिर गंभीर विवाद में फंस गये हैं। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान अडाणी मुद्दे के साथ शुरू हुआ उनका सफर संविधान और अंबेडकर से होता हुआ धक्का-मुक्की पर आकर खत्म हुआ और वह एक नये आपराधिक मामले के आरोपी बन गये हैं। कहा जा रहा है कि संसद परिसर में घटी शर्मनाक घटना से जुड़ा यह विवाद राहुल गांधी के राजनीतिक करियर का न तो पहला विवाद है और न अंतिम। करीब ढाई दशक के अपने राजनीतिक करियर में वह कई बार विवादों में फंस चुके हैं, लेकिन यह पहली बार है, जब एक सांसद के रूप में उनके आचरण को लेकर विवाद खड़ा हुआ है। 18वीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद से राहुल गांधी के स्वभाव में एक किस्म का अक्खड़पन देखा जा रहा है और अपने राजनीतिक विरोधियों से उनके व्यवहार पर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। लेकिन ये सवाल धक्का-मुक्की तक पहुंच जायेंगे, इसकी कल्पना किसी ने भी नहीं की थी। भाजपा के जिस सांसद प्रताप सारंगी को धक्का देने का आरोप उनपर लगा है, वह ओड़िशा के बालासोर इलाके के सांसद ही नहीं, पूरे देश में अपनी सादगी के लिए चर्चित हैं। वह उम्र में राहुल गांधी से बहुत बड़े हैं और अपने से बड़े किसी भी व्यक्ति के साथ इस तरह का व्यवहार अच्छा नहीं माना जाता है। इतना ही नहीं, राहुल गांधी ने लोकसभा के अंदर अडाणी, संविधान और अंबेडकर को लेकर जो कुछ भी किया, उससे भी उनका सियासी नुकसान ही पहुंचा है। क्या है राहुल गांधी से जुड़े इस प्रकरण का पूरा किस्सा और क्या हो सकता है इसका सियासी असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देश की सबसे बड़ी पंचायत और लोकतंत्र का मंदिर, यानी संसद का शीतकालीन सत्र बिना कोई खास काम किये खत्म हो गया। इस सत्र में जितना काम हुआ, उससे अधिक विवाद हुआ और सत्र की समाप्ति के एक दिन पहले तो इसके गौरवशाली इतिहास में एक शर्मनाक अध्याय जुड़ गया। यह अध्याय संसद में बीजेपी और कांग्रेस के बीच अंबेडकर पर छिड़ी जंग के हिंसक रूप में बदलने का है। इस शर्मनाक अध्याय के साथ ही लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी एक नये विवाद में फंस गये हैं। भारत के संसदीय इतिहास में यह पहला मौका है, जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पर शारीरिक हिंसा के आरोप लगे हैं।

### क्या हुआ संसद परिसर में

दरअसल संसद का शीतकालीन सत्र खत्म होने से एक दिन पहले संसद परिसर में एक शर्मनाक घटना हुई, जिसमें राहुल गांधी ने बीजेपी के सांसदों के साथ धक्का-मुक्की की, जिससे पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रताप सारंगी के सिर पर गंभीर चोट आयी और वह अस्पताल के आइसीयू में भर्ती हैं। प्रताप सारंगी ओड़िशा के बालासोर से बीजेपी के सांसद हैं और अपनी सादगी के लिए चर्चित हैं। यह वाकया तब का है, जब कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष के सांसद संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। यह विरोध बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर अमित शाह द्वारा दिए गये एक बयान के विरोध में हो रहा था। अपने बयान पर अमित शाह ने सफाई भी दे दी है। खास बात यह रही कि विरोध सिर्फ विपक्ष की तरफ से ही नहीं, बल्कि बीजेपी की तरफ से भी हो रहा था। बीजेपी सांसद अमित शाह के समर्थन में कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और देखते ही देखते दोनो तरफ के प्रदर्शनकारी संसद के मकर द्वार पर बिल्कुल आमने-सामने आ गये थे। वहां जो धक्का-मुक्की हुई, उसमें ही प्रताप सारंगी का सिर फट गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। अब यह विवाद दिल्ली पुलिस के पास पहुंच चुका है। संसद परिसर में हुई धक्का-मुक्की के मामले में राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी के तीन सांसदों, बांसुरी स्वराज, अनुराग ठाकुर और हेमांग जोशी ने मामला दर्ज कराया है। बीजेपी सांसद प्रताप सारंगी का दावा है कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया था, जो उन पर गिर गये और वह भी घायल हो गये। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर विरोध प्रदर्शन के दौरान दो बीजेपी सांसदों पर हमले का आरोप लगाया। नागालैंड से बीजेपी सांसद कोन्याक ने राहुल गांधी पर पास पहुंच कर चिल्लाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि वह बहुत असहज हो गयी थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनो सांसदों से फोन पर बात कर हालचाल जाना। शिवराज सिंह चौहान ने कहा, राहुल गांधी की गुंडागर्दी का ऐसा दूसरा उदाहरण नहीं मिलेगा। मुझे समझ नहीं आता कि राहुल गांधी को गुंडागर्दी करके मिलेगा क्या? अब ऐसे सांसदों को पीटा जायेगा? ऐसा आचरण आज तक भारत के संसदीय इतिहास में देखने को नहीं मिला।



### राहुल गांधी की राजनीति

राहुल गांधी के साथ एक अच्छी बात भी हुई है, और एक बुरी भी। अच्छी बात यह है कि राहुल गांधी को अंबेडकर के अपमान के मुद्दे पर विपक्ष का साथ मिल रहा है। और बुरी बात ये है कि वह बीजेपी के हमले में घिरने लगे हैं। पूरा मामला अब प्रताप सारंगी से बीजेपी की महिला सांसद की तरफ शिफ्ट होने लगा है और राहुल गांधी के लिए ठीक नहीं है। देखा जाये तो अडाणी के मुद्दे से अंबेडकर के अपमान के मुद्दे पर पहुंच चुकी कांग्रेस के लिए फिर से संभलने का मौका आ गया है। अडाणी के मुद्दे पर भले ही विपक्षी दलों के नेताओं ने कांग्रेस का साथ छोड़ दिया था, लेकिन अंबेडकर की बात पर भला ऐसी हिम्मत कौन जुटा सकता है। अडाणी के मुद्दे पर कांग्रेस अकेली पड़ रही थी। तृणमूल कांग्रेस के बाद समाजवादी पार्टी और दूसरे दलों ने भी साथ छोड़ दिया था और ममता बनर्जी को इंडी ब्लॉक का नेता बनाने की मांग शुरू हो चुकी थी। लालू यादव से लेकर शरद पवार तक ममता बनर्जी के समर्थन में खड़े हो गये थे। ऐसे में अंबेडकर के बहाने कांग्रेस को अचानक सपोर्ट सिस्टम मिल गया है, क्योंकि ये राहुल गांधी की जातीय राजनीति की लाइन को भी सूट कर रहा है। अंबेडकर का नाम दलित राजनीति से जुड़ा है, जिसे हर राजनीतिक दल अपनी तरफ करने की होड़ में शामिल है। जातिगतण जनगणना का फोकस ओबीसी पॉलिटिक्स है, जबकि अंबेडकर दलित राजनीति के आइकन हैं और राहुल गांधी कुछ दिनों से कांग्रेस के खोये जनाधार को हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। अडाणी से अंबेडकर की तरफ चल पड़ी लड़ाई का फायदा ये भी है समाजवादी पार्टी और आरजेडी जैसे राजनीतिक दल चाहकर भी मुंह मोड़ नहीं सकते, जबकि उनको नुकसान भी हो सकता है।

### राहुल गांधी को नुकसान

इस विवाद के परिप्रेक्ष्य में अब यह साफ दिख रहा है कि इससे राहुल गांधी को सियासी नुकसान हुआ है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद से राहुल गांधी के स्वभाव में एक अक्खड़पन देखा जा रहा है। लोग कहने लगे हैं कि राहुल गांधी पहले से अधिक आक्रामक हो गये हैं और उनकी आक्रामकता केवल उनके भाषणों-वक्तव्यों में नहीं, बल्कि हाव-भाव में भी दिखने लगा है। इतना ही नहीं, राहुल गांधी अब एकांगी बातें करने लगे हैं, यानी वह किसी भी मुद्दे का सिर्फ वही पक्ष सामने रखते हैं, जो उनके हित में होता है। उदाहरण के लिए अंबेडकर के मुद्दे पर ही वह केवल अपने पक्ष की बातें करते हैं, लेकिन वह कभी यह नहीं बताते कि कैसे पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अंबेडकर के खिलाफ चुनाव प्रचार किया था और कांग्रेस ने बाबा साहेब को पीछे धकेलने का हरसंभव प्रयास किया।

संसद परिसर में घटी शर्मनाक घटना ने जिस विवाद को जन्म दिया है, उससे राहुल गांधी को नुकसान तो हुआ ही है, कांग्रेस को भी इसका खामियाजा उठाना पड़ेगा। अभी दिल्ली विधानसभा का चुनाव होना है और कांग्रेस का दुरूह रास्ता इस विवाद के बाद अब और कठिन दिखने लगा है।

# राज्यपाल से मिला झारखंड आंचलिक पत्रकार संघ का प्रतिनिधिमंडल, ज्ञापन सौंपा

## प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को छह सूत्री मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंचलिक पत्रकार संघ का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को छह सूत्री मांग पत्र सौंपा। उन्होंने राज्यपाल को ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन करने के दौरान पत्रकार को होने वाली विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पिछले तीन-चार दशकों से ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित साधनों और संसाधनों के बीच काम कर रहे पत्रकारों की स्थिति काफी दयनीय है। सरकार द्वारा समय-समय पर जो सुविधाओं की घोषणा की जाती है, उसमें भी इस तरह से वर्गीकरण किया जाता है कि उसका लाभ अंचल क्षेत्र के पत्रकारों को नहीं मिल पाता। राज्यपाल ने कहा कि वह अंचल के पत्रकारों की समस्याओं को समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में सरकार बन गयी है। इसलिए आपके मांग पत्र को मैं मुख्यमंत्री को भेज दे रहा हूं। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बात रखने को कहा।



**झामुमो के महासचिव ने मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बात रखने को कहा :** राज्यपाल के कहने पर संघ का प्रतिनिधिमंडल झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य से मिला और अपनी बातों को रखा। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जल्द ही पत्रकारों का बीमा शुरू होगा। मुख्यमंत्री और उनके प्रधान सचिव रांची से बाहर हैं। उनके आने के बाद सरकारी स्तर पर अंचल क्षेत्र के पत्रकारों के हित में कल्याणकारी नीतियों का निर्धारण कराने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि एक बार संघ के प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिले। प्रतिनिधिमंडल में संघ के संरक्षक केशव भगत, महासचिव दीपक जयसवाल, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरि, उपाध्यक्ष रोहित लाल महतो, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार उपस्थित थे।

# संत गाडगे बाबा के योगदान को हम नहीं भूल सकते : कर्मवीर सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महान संत एवं स्वच्छता के जनक बाबा संत गाडगे महाराज के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पुष्प अर्पित किया गया।

संगठन महामंत्री ने कहा गाडगे महाराज एक समाज सुधारक थे, जिन्होंने गरीबों और दलितों के बीच अज्ञानता, अंधविश्वास और अस्वच्छता के उन्मूलन के लिए काम किया। गाडगे बाबा एक महान संत जो गरीबों, कमजोरों, अनाथों, विकलांगों की सेवा करते हैं। जीवन भर लोगों को सिखाया। इस संत ने, जिन्होंने मनुष्य में भगवान की तलाश की, धर्मशालाओं, अनाथालयों, आश्रमों और अनाथों के लिए विद्यालयों की शुरूआत विभिन्न स्थानों पर की। महाराष्ट्र रंजले-गंजले, दीन- कमजोर, अपंग और अनाथ उनके देवता थे। उन्होंने अपने सिर पर जिन्जा पहना था, खपरा के टुकड़े से बनी टोपी, एक कान में खोपड़ी, दूसरे कान में टूटी चूड़ी का शीशा, एक हाथ में झाड़ू, दूसरे हाथ में घड़ा।



उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज में व्याप्त अज्ञानता, अंधविश्वास, भोली-भाली मान्यताओं, अवांछित रीति-रिवाजों और परंपराओं को दूर करने के लिए समर्पित कर दिया। इसके लिए उन्होंने कीर्तन का मार्ग अपनाया। अपने कीर्तन में वे श्रोताओं को उनके अज्ञान, दोषों और दोषों से अवगत कराने के लिए विभिन्न प्रश्न पूछते थे। उनके उपदेश भी सरल और सहज होते थे। अपने कीर्तनों में वे कहा करते थे कि चोरी मत करो, साहूकारों से कर्ज मत लो, व्यसनों में लिप्त मत हो, भगवान और धर्म के नाम पर जानवरों को मत मारो, जातिगत भेदभाव और छुआछूत का पालन मत करो। उन्होंने आम लोगों के मन में यह बात बैठाने की कोशिश की कि भगवान पत्थर में नहीं बल्कि इंसानों में हैं। वे संत तुकाराम महाराज को अपना गुरु मानते थे। उन्होंने हमेशा कहा कि 'मैं किसी का गुरु नहीं हूं, मेरा कोई शिष्य नहीं है'। अपने विचारों को सरल और भोले-भाले लोगों तक पहुंचाने के लिए वे ग्रामीण भाषा का प्रयोग करते थे। गाडगे बाबा ने भी समय-समय पर संत तुकाराम के सटीक अभंगों का भरपूर उपयोग किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शशांक राज, जोगेंद्र लाल, राजीव राज लाल, राकेश कुमार राम, मनीष दुबे, रुपेश सिन्हा, संजय चौधरी, सुबोधकांत, प्रिंस कुमार, पवन पासवान, कर्नल वीके सिंह, पुरुषोत्तम राय, विकाश महतो, श्रीनिवास, राहुल सहदेव, बबन बैठा, अमन यादव, संजय महतो, रोहित, अनिल सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# यौन शोषण के आरोपी पूर्व डीडीसी को अग्रिम बेल देने से सिविल कोर्ट का इनकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने शादी का झांसा देकर महिला का 16 साल तक यौन शोषण करने के आरोपी सेवानिवृत्त डीडीसी अरविंद कुमार चौधरी को राहत देने से इनकार कर दिया है। सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त मनीष रंजन की कोर्ट ने अरविंद कुमार चौधरी की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही कोर्ट ने उनके बेटे मनीष आनंद की अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज कर दी। जिससे दोनों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं।




**शादी का झांसा देकर महिला के साथ बनाया शारीरिक संबंध :** महिला की ओर से अधिवक्ता शिशिर राज ने कोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि महिला नामकुम की रहने वाली है। विधवा महिला और अरविंद कुमार चौधरी की मुलाकात वर्ष 2008 में नौकरी को लेकर हुई थी। नौकरी देने का वादा करते हुए पाकुड़ में तैनात अधिकारी अरविंद कुमार ने महिला को मिलने के लिए बुलाया। फिर एक होटल में ले जाकर उसका यौन शोषण किया। जब महिला ने इसका विरोध किया तो उन्होंने उससे शादी करने का वादा किया। इस दौरान अरविंद कुमार ने अपने आपको कुंवारा बताया और महिला के संपर्क में रहा। लोहरदगा ट्रांसफर होने के बाद अरविंद कुमार ने फिर से महिला को बुलाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद वर्ष 2012 में अरविंद कुमार डीडीसी पद से सेवानिवृत्त हो गये।

# हत्या मामले में पत्नी और उसका प्रेमी दोषी करार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रेमी के संग मिलकर पत्नी के द्वारा अपने पति की हत्या मामले में आरोपी पत्नी अंजली देवी और उनके प्रेमी राज मुंडा को अपर न्याययुक्त मनीष रंजन की कोर्ट ने दोषी करार दिया है। दोनों की सजा के बिंदु पर अदालत 21 दिसंबर को सुनवाई करेगा। हत्या की यह घटना खेलगांव थाना क्षेत्र के गाड़ीगांव पाहन टोली की है। मृतक राजू मिर्धा की पत्नी अंजली देवी का राज मुंडा से अवैध संबंध था। राजू मिर्धा कमाने गुजरात गया था, उसी दौरान उसकी पत्नी का परिचय नामकुम थाना क्षेत्र के लालखटंगा निवासी राज मुंडा से हो गया था।

राजू मिर्धा की पत्नी और बच्चे गाड़ीगांव पाहन टोली में किराये के मकान में रहते थे। वहीं राजू मिर्धा की अनुपस्थिति में राज मुंडा अक्सर उनके घर आना जाना करता था और वह दोनों शादी करना चाहते थे। 26 अगस्त 2021 की रात राजू मिर्धा घर पर सो रहा था तभी उनकी पत्नी अंजली देवी और प्रेमी राज मुंडा ने राजू मिर्धा की गला दबाकर उसका हत्या कर दी थी।

# सजायाफ्ता नक्सली जेठा कच्छप की अपील पर हाइकोर्ट ने मांगा एलसीआर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस मुखबिर के आरोप में भूषण कुमार सिंह और राम गोविंद की हत्या मामले में सजायाफ्ता नक्सली जेठा कच्छप की ओर से सजा के खिलाफ दाखिल क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) की मांग की है।

दरअसल, अपर न्याययुक्त दिनेश कुमार की कोर्ट ने नक्सली जेठा कच्छप और पौलूस सुरीन को दोहरे हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अदालत ने जेठा कच्छप पर 45 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। जुर्माना की राशि नहीं देने पर उसे 1 साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

**क्या था मामला :** घटना खूंटी के तोरपा में साल 2013 की है। पुलिस मुखबिर भूषण सिंह और राम गोविंद की हत्या कर दी गयी थी। मामले में पौलूस सुरीन, नक्सली जेठा कच्छप, कृष्णा महतो और 3 महिला समेत 6 आरोपी ट्रायल फेस कर रहे थे। इसी मामले में पीएफएलआइ सुप्रीमो दिनेश गोप भी ट्रायल फेस रहे हैं। अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाह पेश किये गये थे। जबकि बचाव पक्ष की ओर से 1 गवाह पेश किया गया था। हत्याकांड की घटना को लेकर कर्रा थाना में कांड संख्या 27/2013 के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी। अपराधियों ने इन दोनों की घर के सामने चबूतरा में अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या कर दी थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.6 °C | 9.8 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.25 बजे |



# मनुस्मृति वाले संविधान निर्माता का अपमान कर रहे: विनोद पांडेय

- जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा-आरएसएस शुरू से आरक्षण को समाप्त करने की साजिश में
- अमित शाह नकार रहे देश के वंचित वर्ग के लिए बाबा साहेब का अमूल्य योगदान, भाजपा और आरएसएस मनुस्मृति लागू करना चाहते हैं



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के उस बयान की निंदा की है, जिसमें उन्हंने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह केंद्रीय प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि संसद में संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान कर उन्होंने अपनी सोच को प्रदर्शित किया है। विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि अमित शाह अपने दल भाजपा और आरएसएस की उसी वैचारिक भावना को आगे बढ़ा रहे हैं, जो समाज में नफरत फैलाने में माहिर हैं। संविधान निर्माता ने देश के वंचित वर्ग का जीवन स्तर बेहतर करने में अमूल्य योगदान दिया, लेकिन संविधान की जगह मनुस्मृति लागू करने की बातें करने वाली भाजपा-आरएसएस ने उनके प्रति हमेशा अपनी नफरत का प्रदर्शन किया है। विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि कभी आरक्षण को समाप्त करने तो कभी आरक्षण की समीक्षा करने की बातें भाजपा-आरएसएस की ओर से इसी उद्देश्य के तहत उठायी जाती हैं। यही कारण है कि संविधान निर्माता के संदर्भ में लोकसभा में अमित शाह ने अपमानजनक टिप्पणी की। विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भारत के संविधान को मानने की बजाय इनकी निष्ठा मनुस्मृति के प्रति है। ये समाज को पीछे धकेलना चाहते हैं। यही वजह है कि संविधान की बातें होने से ही भाजपा का पूरा नेतृत्व वर्ग तिलमिला जाता है। विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि संविधान के प्रति अगर इनकी निष्ठा और आस्था होती तो ये बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के बारे में अपमानजनक बातें करने की नहीं सोचते। भाजपा की इसी सोच के कारण झारखंड की जनता ने इन्हें पूरी तरह ठुकरा दिया है। यहां चुनाव के दौरान आकर अमित शाह समेत अन्य प्रमुख भाजपा नेताओं ने समाज को बांटकर वैमनस्यता फैलाने की कोशिश की। विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि आने वाले दिनों में देश से इनका सफाया हो जायेगा।

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से एएचपीआइ झारखंड चैप्टर के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (एएचपीआइ), झारखंड चैप्टर के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, डॉ इरफान अंसारी ने झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाना है। डॉ अंसारी ने निजी अस्पतालों से अपील की कि वे मरीजों की वास्तविक शिकायतों का ध्यान रखें और अपनी सेवाओं में पारदर्शिता, किफायती दरें और संवेदनशीलता बनाये रखें। उन्होंने यह भी कहा कि गरीबों के साथ अच्छा व्यवहार और बेहतर इलाज देना अनिवार्य है। इस मुलाकात में एएचपीआइ के अध्यक्ष सईद अहमद अंसारी, सचिव डॉ राजेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष जोगेश गंभीर और उपाध्यक्ष डॉ शंभु प्रसाद सिंह शामिल थे।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — परिस्थितियों में काफी बदलाव होगा, लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक क्षेत्र में कार्य विस्तार होगा।
- **वृष** — नवीन योजना बनेगी,आमदनी में वृद्धि,धर्म-कर्म में रूचि,मान-सम्मान-यश में वृद्धि होगी।
- **मिथुन** — उत्साह उमंग भरा होगा,पदोन्नति तथा व्यवसाय में लाभ के अवसर बढ़ेगी,पारिवारिक सुख।
- **कर्क** — अनावश्यक खर्चो में कमी आयेगी। आर्थिक एवं व्यावसायिक मामलों के लिए समय अच्छा है।
- **सिंह** — मकान,वाहन,भौतिक सुखों की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।
- **कन्या** — नये प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा,रूका हुआ काम पूरा होगा,संतान सुख, महत्वकांक्षा पूरी होगी।
- **तुला** — नवीन योजनाओं को पूरा करने में कठिनाईयों का सामना हो सकता है।
- **वृश्चिक** — संतानों की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि, पुरानी परेशानी से छुटकारा मिलेगा।
- **धनु** — चिर संचित अभिलाषा पूरी होगी कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।
- **मकर** — आमदनी के साधनों में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।
- **कुंभ** — कुछ नये सम्बन्ध बनेंगे, पारिवारिक परेशानी से छुटकारा, अभी नौकरी में बदलाव न करें।
- **मीन** — वाणी पर नियंत्रण रखें,सरकारी नौकरी करनेवालों के नवीन पद और अधिकार मिलने की संभावना।

### राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव शुरू, मंत्री ने किया उद्घाटन

# खादी से जुड़कर बुनकरों और कारीगरों को एक बाजार मिला है : दीपिका पांडेय

जीवंत प्रदर्शनी और साबरमती आश्रम राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का मुख्य आकर्षण




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों को गांव तक ले जाने का एक सार्थक प्रयास है। खादी से जुड़कर बुनकरों और कारीगरों को एक बाजार मिला है। जहां उनकी प्रतिभा को उचित दाम मिल रहा है। उम्मीद करती हूं कि यह मेला हम सभी की उम्मीदों पर खरा उतरे। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थीं।

उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि 20 दिसंबर से 6 जनवरी तक चलने वाले इस मेले का मुख्य उद्देश्य खादी को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इस बार 500 से ज्यादा स्टाल लगे हैं। कला और संस्कृति विभाग की ओर से हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस बार मेले में स्टॉल के नाम पेड़ों के नाम पर रखे गये हैं। वहीं खादी संस्थाओं के साथ-साथ विभिन्न सरकारी, पीएमइजीपी, सरस एवं गैर सरकारी संस्थाओं के स्टॉल भी लगाये गये हैं। मेले में चलंत शौचालय और चलंत एटीएम की भी व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम में उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग के सीइओ हिमांशु मोहन, झारक्राफ्ट की एमडी कीर्ति सहित अन्य गणमान्य लोग मंच पर उपस्थित थे।

## राज्य उन्नति के पथ पर आगे बढ़ रहा है : संजय यादव

इस अवसर पर उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदर्शी सोच से राज्य उन्नति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। हमें खादी को बहुत आगे लेकर जाना है इसलिए खादी से जुड़े बुनकरों की समस्याओं पर ध्यान देना है। उन्हें प्रशिक्षित करना है ताकि पलायन रोका जा सके और झारखंड आगे बढ़े। विभाग से जुड़ी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। खादी से जुड़कर गांव में रहने वाले लोगों की आर्थिक उन्नति संभव है।

# वीरता पदक से सम्मानित किये गये रांची के शिवम



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 75वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अदम्य साहस और शौर्य प्रदर्शित करने हेतु सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी ) के असिस्टेंट कमांडेंट शिवम कुमार को गैलंट्री मेडल से विभूषित करने की घोषणा की गयी। यह पुरस्कार शुक्रवार को (20 दिसंबर) एसएसबी के सीमांत मुख्यालय सिलीगुड़ी में आयोजित एसएसबी के 61वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के द्वारा शिवम कुमार को दिया गया। पुरस्कार के रूप में गैलंट्री मेडल तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। गौरतलब है कि 2 फरवरी 2022 को बिहार के लखीसराय में पदस्थापन के दौरान भीमबांध जंगल स्थित घोर नक्सल क्षेत्र में हुई सीधी मुठभेड़ में शिवम ने दो हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया एवं 50 से अधिक हत्या, अपहरण एवं दुष्कर्म आदि जैसे संगीन अपराधों के आरोपी अर्जुन कोड़ा को गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिसके फल स्वरूप उसने आत्मसमर्पण किया।

## साइबर थाना की पुलिस ने देवीपुर और पथरड्डा में मारा छापा, 8 साइबर अपराधी गिरफ्तार




**देवघर (आजाद सिपाही)।** देवघर जिला के साइबर थाना की पुलिस ने देवीपुर थाना क्षेत्र के महबदिया और पथरड्डा ओपी क्षेत्र के भूरा गांव के पास छापेमारी कर आठ संदिग्ध साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों की पहचान 29 वर्षीय इंद्रदेव मंडल, 27 वर्षीय डब्लू कुमार दास, 20 वर्षीय रिजवान अंसारी, 21 वर्षीय नाजीर अंसारी, 19 वर्षीय प्रकाश कुमार, 22 वर्षीय मुन्ना कुमार दास उर्फ गौतम, 20 वर्षीय सचिन दास और 32 वर्षीय सचिंद्र कुमार दास के तौर पर हुई है। पुलिस ने इन साइबर अपराध के अभियुक्तों के पास से 14 मोबाइल फोन और 20 फर्जी सिम कार्ड बरामद किया है। इस संबंध में देवघर पुलिस के मीडिया सेल द्वारा मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार सभी साइबर अपराधियों के पास से बरामद मोबाइल फोन द्वारा साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है। साथ ही, इस मामले में गिरफ्तार इंद्रदेव मंडल और डब्लू कुमार दास का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है।

# ऐतिहासिक होगा शताब्दी समारोह और स्थापना दिवस : शशि भूषण

- पाकुड़ में बतौर पर्यवेक्षक शामिल हुए कांग्रेस नेता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आदेशानुसार बतौर पाकुड़ जिला कांग्रेस पर्यवेक्षक कांग्रेस नेता शशि भूषण राय ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगदीश साहू की मौजूदगी में पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में शामिल हुए। आगामी 26 दिसंबर 2024 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का 100 वर्ष के उपलक्ष्य पर शताब्दी समारोह तथा 28 दिसंबर 2024 को कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की सफल बनाने पर चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री राय ने सर्वप्रथम पाकुड़ में मिली प्रचंड जीत पर सभी को बधाई दी।

उन्होंने आलमगीर आलम, नवनिर्वाचित विधायक निशत आलम और युवा नेता तनवीर आलम के कुशल नेतृत्व और कार्यकर्ताओं को समर्पण को सलाम किया। उसके बाद आगामी 26 और 28 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा कर कार्ययोजना बनायी गयी। बैठक में जिला अध्यक्ष कुमार सरकार, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन, जिला महासचिव कृष्ण यादव, अर्ध शेखर गांगुली, जिला सचिव पप्पू गगवानी, नगर अध्यक्ष वशराज गोप, मोनिता कुमारी, शहनाज खातून प्रखंड अध्यक्ष मांसारुल हक, प्रखंड उपाध्यक्ष बसीर शेख, यूथ जिला उपाध्यक्ष बिलाल शेख, जैकी सादिक, सदीकुल आलम, रामविलास महतो एवं अन्य मौजूद रहे।

# हथियार तस्करी के आरोप में ओमप्रकाश गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हथियार तस्करी में शामिल ओमप्रकाश गुप्ता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुआ ओमप्रकाश बीते महीने हुए विधानसभा चुनाव में हटिया विधानसभा से चुनाव लड़ा था। गौरतलब है कि इस साल बीते छह नवंबर को भेष बदलकर पिस्टल का खरीदारी करने पहुंचे कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया था। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए मुस्लिम वेशभूषा में पिस्टल का खरीदार बनकर पहुंचे थे। इस दौरान मो राजन नाम के हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से दो देसी पिस्टल भी बरामद किया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुछ अपराधकर्मी अवैध हथियार लेकर कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी रांची अखाड़ा चौक के पास हैं। किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। इसके बाद कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। इस तस्करी में ओमप्रकाश भी शामिल था।

### रांची विवि में इंटर कॉलेज युवा महोत्सव रीझ-रंग 2024-25 का रंगारंग आगाज

# हमारे छात्र बेहतर प्रदर्शन करेंगे और रांची विश्वविद्यालय का परचम लहरायेंगे: कुलपति

- पीएफए विभाग के छात्रों की बीहू गीत नृत्य की प्रस्तुति माघे बीहू आरिल ने सबको झुमाया
- रांची विवि में 10 जनवरी 2025 से होगा स्पोर्ट्स कॉन्वोकेशन,
- तीन पीजी विभागों में होने जा रहा है अंतरराष्ट्रीय सेमिनार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में इंटर कॉलेज युवा महोत्सव रीझ रंग 2024-25 का रंगारंग आगाज हुआ। उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट, छात्रों ने अपनी बेहतरीन प्रसतुति से सभागर में आये सभी लोगों का मन मोह लिया। 20-22 दिसंबर 2024 तक चलने वाले इस महोत्स्व में डांस, म्युजिक, पोस्टर मेकिंग, क्विज, काव्य पाठ, स्पॉट फोटोग्राफी जैसी स्पर्द्धायें आयोजित हो रही हैं।

युवा महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर रांची विवि के कुलपति प्रो डॉ अजित कुमार सिन्हा ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय में प्रतिभाओं की कोई नहीं। हमारे पास अपार क्षमता है और मुझे पूरा भरोसा है कि इस बार पश्चित बंगाल के निवेदिता विश्वविद्यालय में होने वाले युवा महोत्सव में रांची विश्वविद्यालय के हमारे छात्र अपना परचम लहरायेंगे। क्योंकि हमारे बच्चों में अपार क्षमता है और शिक्षकों का विजन बहुत अच्छा है।

बीहू नृत्य गीत, झारखंड के लोकगीत और डमकच नृत्य गीत से सभी अभिभूत हुए

उद्घाटन सत्र में पीएफए विभाग के छात्रों ने बीहू गीत नृत्य माघे बीहू आरिल और नागपुरी लोकगीत अंबा मंजरे मधुमास प्रस्तुत किया वहीं, कुडूख विभाग के छात्र-छात्राओं ने डमकच गीत-संगीत की बेहतरीन प्रस्तुति दी जिसे देख कर सभी विभोर हो गये।

उद्घाटन सत्र में सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ रणजीत कुमार सिंह भी आये। कुलपति ने उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने सभी युवाओं को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दीं।

कुलपति प्रो डॉ अजित कुमार सिन्हा ने बताया कि हाल ही में आयी नैक पीयर टीम के सदस्य आरयू पीएफए विभाग के छात्रों द्वारा बनाये गये अपनी स्केच को देख कर अभिभूत हो गये थे। उन सबों ने यहां से लौटने के बाद हमारे छात्रों द्वारा बनायी गयी स्केच की मांग की है ताकि वो उसे फ्रेम करा कर यादगार के तौर पर रख सकें। रीझ-रंग महोत्सव के विजयी प्रतिभागियों की टीम 8-12 जनवरी 2025 तक पश्चिम बंगाल के निवेदिता विश्वविद्यालय में होने वाले युवा महोत्सव में भाग लेगी।

पहली बार रांची विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स कॉन्वोकेशन होगा: कुलपति

कुलपति प्रो डॉ अजित कुमार सिन्हा ने कहा कि 10 जनवरी 2025 से हम रांची विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स कॉन्वोकेशन कराने जा रहे हैं। ऐसा कॉनवोकेशन यहां पहली बार होगा। इसमें युवा महोत्सव के विजयी छात्रों को भी शामिल किया जायेगा। तीन विभागों में अंतरराष्ट्रीय स्तर का सेमिनार होने जा रहा है। कुलपति ने मंच से युवाओं और सभी शिक्षकों को कहा कि एक बार परिश्रम का ही नतीजा है कि आज हम भूगोल, दर्शन्शास्त्र और अन्य विभागों में तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर का सेमिनार कराने जा रहे हैं।

इससे पहले उद्घाटन सत्र में कुलपति, कुलसचिव, डॉ जीएस झा, डॉ सुदेश कुमार साहू, डॉ बीके सिन्हा, डॉ स्मृति सिंह ने द्वीप प्रज्ज्वलन किया। राष्ट्रगान और कुलगीत के बाद छात्रा शुभम ने गणेश वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ स्मृति सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव बी नारायण ने किया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के सभी वरीय पदाधिकरियों, शिक्षकों, विभिन्न विभागों के हेड, डीन, विमेंस कॉलेज की प्राचार्य और मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# रणनीति बना नशे के कारोबार पर कसें नकेल : मुख्य सचिव

- सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर पोस्ते की खेती करनेवालों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें
- लोग पोस्ते की खेती से दूर हों, इसके लिए उचित आमदनी का विकल्प दें
- अभियान चलाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करें



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि सभी संबंधित विभाग नशे के कारोबार पर रणनीति बना कर नकेल कसें। उन्होंने निर्देश दिया कि पोस्ते की खेती, उसकी फसल से अफीम का उत्पादन और वितरण मार्ग पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि पोस्ते की खेती से ज्यादा आमदनी होने के कारण ही लोग इसमें संलग्न होते हैं। वे जेल जाने तक से नहीं डरते। इसे लेकर पोस्ते की खेती से लोगों को निरुत्साहित करने और कृषि विभाग से मिलकर आमदनी का वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराने की जरूरत है। वह शुक्रवार को सचिवालय में पोस्ते की खेती पर रोकथाम को लेकर गृह विभाग द्वारा आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की पहचान करने, धर-पकड़ करने के साथ ज्यादा जरूरी है कि उन्हें सजा दिलाने के बिंदु पर भी फोकस करें। नशे के कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर ही हम मुकम्मल सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर पोस्ते की खेती जंगल में जलाशयों के पास होती है। वन विभाग जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर ऐसे स्थलों को चिह्नित करें और फसलों को नष्ट करने के साथ इसकी खेती से जुड़े लोगों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही जंगल की खाली जमीन पर पौधरोपण आदि के माध्यम से वन विभाग पोस्ते की खेती करनेवालों को हतोत्साहित करें।

उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार पर जन जागरूकता के माध्यम से भी नकेल कसा जा सकता है। इसके लिए हर स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाये।

बैठक में गृह सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने भी कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक में पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे एवं वन विभाग के सचिव अबूबकर सिद्धकी भी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
194000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 21 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# पुलिस ने छेड़छाड़ मामले को लेकर किया पैदल मार्च

## शिकायत दर्ज करनेवालों की पहचान रखी जायेगी गुप्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची पुलिस ने छेड़छाड़ के मामले को लेकर शुक्रवार को पैदल मार्च किया। रांची जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सभी थाना में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए पैदल मार्च किया गया। जिसके अंतर्गत सभी थाना क्षेत्र में पढ़नेवाले स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान एवं गर्ल्स हॉस्टल में जाकर उनसे बात की गयी तथा उनकी समस्याओं को सुना गया, साथ ही साथ कहीं पर छेड़-छाड़ का मामला आता है तो इस संबंध में उन्हें 100, 112 डायल कर तथा क्यूआर कोड के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए कहा गया। इसमें उनके नाम की गोपनीयता रखी जायेगी। अगर इस तरह का कोई मामला आता है और उस मामले में किसी भी पुलिस पदाधिकारी के द्वारा अगर लापरवाही बरती जाती है तो उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# गुलमोहर अस्पताल में स्वास्थ्य मेला का आयोजन 27 दिसंबर को

- मेला में देश-विदेश के डॉक्टर भाग लेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुलमोहर अस्पताल द्वारा अपने सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत स्व. श्रीराम नरेश सिंह की पुण्यतिथि पर 27 दिसंबर, दिन शुक्रवार को 'स्वास्थ्य मेला 2024 सह स्वास्थ्य जागरूकता अभियान' का आयोजन किया जायेगा। स्वास्थ्य मेला 2024 सुबह नौ बजे से दिन के एक बजे तक गुलमोहर अस्पताल परिसर में लगेगा। स्वास्थ्य मेला 2024 में हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ अंचल कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रचना ए. कुमार, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ बीएमके सिन्हा, स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज सिंह रखीया (मुंबई, नागपुर), क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ सोनल सिंह रखीया (मुंबई, नागपुर), कंधा रोग विशेषज्ञ डॉ नितीन मोदी (लंदन), क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ अदिति मोदी, फिजिशियन डॉ सोनू कुमार और क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ संजय कुमार अपनी सेवा देंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य मेला में ब्लड शुगर, यूरिक एसिड, बीएचडी, एक्स-रे, फिजियोथेरेपी और इसीजी की निःशुल्क जांच की जायेगी। साथ ही जरूरतमंद लोगों को दवाएं भी निःशुल्क दी जायेंगी। इसके लिए 9835131321 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। मेला में चिह्नित मरीजों का इलाज निःशुल्क किया जायेगा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### अपना घर आश्रम में रह रहे प्रभुजी को उनके परिवार से मिलाया गया



रांची (आजाद सिपाही)। समाजिक संस्था मंगल राधिका सदानंद श्रीकृष्ण प्रणामी सद्गुरु अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में रह रहे मंदबुद्धि दिव्यांग प्रभुजी दिलीप कुमार को शुक्रवार को उनके परिवार से मिला गया। वह 16 जून को अपना घर आश्रम में लाये गये थे। वह अपनी याददाश्त खो चुके थे। उनका इलाज न्यूरो सर्जन डॉ एचपी नारायण की देखरेख में चल रहा था। उनके प्रयास से दिलीप कुमार की याददाश्त कुछ दिन पहले वापस आ गयी। इसके बाद पुंदाग थाना के अफसर इंचार्ज से कह कर उसके चाचा को फोन कराया गया। उनके चाचा शुक्रवार को मध्य प्रदेश के सीधी शहर से रांची आये। उन्होंने अपने भतीजा का सही नाम प्रकाश चंद सोनी बताया। इस मौके पर मनोज कुमार पंडित, सत्यम कुमार, कंपाउंडर अशोक ठाकुर, सुधीर कुमार, पूरणमल सर्राफ, विशाल जालान, ओम प्रकाश सरावगी उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

### डीएवी सरला स्कूल तुपुदाना में प्री क्रिसमस का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। डीएवी सरला स्कूल तुपुदाना रांची में शुक्रवार को प्री क्रिसमस का आयोजन धूमधाम से किया गया। बच्चे रंग-बिरंगे और सांता क्लॉज की ड्रेस पहनकर शामिल हुए। सभी बच्चों ने वेलकम सॉन्ग से शिक्षकों एवं अभिभावकों का अभिवादन किया। क्रिसमस महोत्सव के मौके पर बच्चों ने ईसा मसीह के जीवन पर कार्यक्रम पेश किये। रंग बिरंगी पोशाक पहने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्कूल के निदेशक मेहुल दुबे ने केक काटकर बच्चों एवं अभिभावकों के साथ क्रिसमस की बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षिका मेघा बाखला सांता क्लॉज बनीं एवं बच्चों के टॉफी देकर आनंदित किया। बच्चों ने सांता क्लॉज के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई। प्री क्रिसमस महोत्सव को संबोधित करते हुए पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा क्रिसमस प्यार का त्योहार है, अगर हम दूसरों को समय देते हैं उनके लिए चिंता करते हैं तो वह हमारे प्रेम को दर्शाता है। प्रभु ने हमें दूसरा संदेश बताया क्षमा करना। विद्यालय के निदेशक मेहुल दुबे ने कहा - प्रभु यीशु का आगमन संसार में खुशहाली का प्रतीक है। उनके द्वारा दिये गये प्रेम, शांति और सेवा के संदेश को जीवन में अपनाते हुए समाज के बेहतरी के लिए काम किया जाना चाहिए। विद्यालय की शिक्षिका आरती मिंज, मेघा बाखला, महिमा सिंह ने भी नृत्य प्रस्तुत किया।

### डिजिटल लिटरेसी का केंद्र बनेगा डोरंडा कॉलेज : डॉ राजकुमार शर्मा




रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को सूचना एवं तकनीकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित एनआइइएलआइटी रांची झारखंड एवं बिहार के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर प्रो डॉ नितिन पुरी ने रांची के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य से मुलाकात की। उन्होंने डोरंडा महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ एनआइइएलआइटी का साझा कार्यक्रम एवं कोर्स हेतु स्टडी सेंटर के लिए प्रस्ताव एवं प्रेजेंटेशन दिया। डॉ पूरी ने बताया कि हम विद्यार्थियों को डिजिटली शार्प करेंगे साथ ही उनके कोर्स पूरा होने के बाद भी संपर्क में रहेंगे। उन्होंने डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य को एनआइइएलआइटी की ओर से स्मृति चिह्न, साल से सम्मानित किया एवं इंस्टीट्यूट का न्यूज लेटर प्रदान किये। डोरंडा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने बताया कि डोरंडा महाविद्यालय एनआइइएलआइटी के साथ जुड़ कर डिजिटल लिटरेसी की ओर सार्थक कदम उठायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि एनआइइएलआइटी के साथ जुड़ कर आज के समसामयिक स्थिति में महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को रोजगार प्रदत करने वाली कौशल आधारित कोर्स आवश्यक है। मौके पर एनआइइएलआइटी पटना के पीयूष त्रिपाठी, रांची से साइंटिस्ट डी जनमेजय शाह, गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के डॉ ओम प्रकाश उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटे



रांची (आजाद सिपाही)। मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ट्रस्ट के ट्रस्टी अभिषेक कुमार के पिता स्व. चंद्र किशोर वर्मा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि स्वरुप रांची के जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अभियान की शुरुआत ओरमांझी प्रखंड के चंद्रा बेड़ा गांव से भीठा बस्ती, डिबडीह बस्ती, कांके हथिया गोंदा बस्ती आतिद क्षेत्रों में चलाया गया, जिसका समापन 20 दिसंबर को हथिया गोंदा बस्ती में कंबल वितरण के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षा को लेकर जागरूक किया गया तथा रीना शर्मा द्वारा अपने जन्मोत्सव पर बच्चों के बीच नाश्ते का पैकेट, फल एवं टॉफी का वितरण कर उनके चेहरों पे मुस्कान लाने की कोशिश की गयी। ट्रस्ट के ट्रस्टी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम का समापन नहीं, बल्कि ठंड को देखते हुए यह सेवा निरंतर जारी रहेगी। मुखिया चंद्रा उरांव द्वारा ट्रस्ट के कार्यों की सराहना की गयी।

# फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में फ्रेशर्स डे

## फेयरवेल और क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** इरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में शुक्रवार को फ्रेशर्स डे, फेयरवेल, क्रिसमस गैदरिंग एवं न्यू इयर का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में, विधायक दल के उपनेता, खिजरी विधानसभा के विधायक राजेश कच्छप, विशिष्ट अतिथि के रूप में उप-प्रमुख रिजवान अंसारी, थाना प्रभारी ओरमांझी के अनिल तिवारी एवं हाजी अब्दुर रज्जाक एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव जीनत कौशर द्वारा कार्यक्रम का आगाज द्वीप प्रज्ज्वलित एवं केक काटकर किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक गीत और नृत्य पर संस्था के स्टूडेंट्स जमकर थिरके। मौके पर मुख्य अतिथि राजेश कच्छप ने कहा कि आप सभी स्टूडेंट मेहनत और लगन से पढ़ाई करें और अपना कॉलेज का नाम रोशन करें तथा यह भी कहा कि फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग मुख्य रूप से शिक्षा के दौरान सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पहलुओं के रणनीतिक शिक्षण के माध्यम से छात्रों को एक अच्छा इंसान बनाने और एक सफल पेशेवर बनाने पर केंद्रित है। विशिष्ट अतिथि अनिल तिवारी ने कहा कि आज इस मंच के द्वारा मैं उन बच्चों को संदेश देना चाहता हूं कि आप सभी अपने आप पर गर्व करें कि आप ऐसे प्रोफेशन को चुने हैं जहां आपको लोगो का आंसू पोछने का मौका मिलता है। वहीं संस्थान की सचिव जीनत कौशर ने कहा कि मैं सभी नये विद्यार्थियों का अपने कॉलेज में तहे दिल से स्वागत करती हूं और यह सुनिश्चित करती हूं कि हम आप सभी को शिक्षण संसाधनों, व्यावहारिक अनुभव और प्रशिक्षण विधियों से लैस करने में हर संभव प्रयास करूंगी एवं जो यहां से अपना शिक्षण पूरा करके जा रहे हैं उनको आने वाले चुनौतीपूर्ण समय के लिए शुभकामनाएं देती हूं। मौके पर मुख्य रूप से कॉलेज के निदेशक डॉ शाहीन कौशर, डॉ नाजनीन कौशर, अबू नसर, प्राचार्य विनिशा बंश्रीयर, उप-प्राचार्य सुधीर कुमार खुंटिया, ज्योति ग्लोरिया, माधुरी लिली, शोएब अख्तर, वर्षा कुमारी, बिन्हा खलखो, सुनीता हेंब्रोम, नीमा वंदना, रेशमा लकड़ा, सादिक अंसारी, शाहनवाज अंसारी, शशि कुमार, आंचल सिंह उपस्थित थे।

# भारतीय बुद्धिस्ट सोसाइटी का एक दिवसीय दलित अधिकार सम्मेलन

**झारखंड विधानसभा में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भारतीय बुद्धिस्ट सोसायटी ने शुक्रवार को धुर्वा स्थित पुराना विधानसभा क्लब में एक दिवसीय दलित अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में झारखंड विधानसभा में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किये जाने की मांग उठायी गयी। दलित परिवारों ने इस मुद्दे को लेकर आगामी होने वाले सत्र में विधानसभा घेराव की योजना बनायी है। सम्मेलन में उपस्थित बुद्धिस्ट सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते जैनेंद्र कुमार और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के गठन को 24 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक राज्य में कहीं भी बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित नहीं की गयी है। सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि 4, 5 और 6 जनवरी को हैदराबाद में दलित अधिकार मंच का महासम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें हजारों अनुसूचित जाति के लोग शामिल होंगे। दलित अधिकार मंच ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा आंबेडकर को लेकर दिये गये हालिया टिप्पणी का विरोध किया। मंच का कहना है कि बाबा साहेब ने दलितों को जितनी शक्तियां दी थीं, उनका सही इस्तेमाल किया होता, तो आज अनुसूचित जाति के लोग हाशिये पर नहीं होते। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां संविधान की सुरक्षा नहीं कर सकतीं। कांग्रेस ने करीब 50-55 वर्षों तक देश का संचालन किया, लेकिन अनुसूचित जातियों और दलित समुदायों के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये। उन्होंने कहा कि दस वर्षों से अनुसूचित जातियों को हिंदुत्व का पाठ पढ़कर समाज को तोड़ने का प्रयास हो रहा है। आज भी अनुसूचित जातियों को उनके वोटों के माध्यम से चुनावी राजनीति का हिस्सा बनाया जा रहा है, जबकि उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थिति प्राप्त नहीं हो पायी है। दलित अधिकार मंच ने कहा कि झामुमो के शासन काल में अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं किया गया, जिससे दलित परिवार के लोगों पर हो रहे शोषण और अत्याचार पर काबू पाने में कठिनाई हो रही है। मौके पर सोनिया देवी, पशुपति कोल, आंध्र प्रदेश से टी राजा, मदन भुइयां, सुरेश भुइयां, छाया कोल, अजय कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक प्रदर्शनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राची में वैश्विक लक्ष्यों के अनुरूप रचनात्मकता को ध्यान में रखते हुए वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। ऑक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन और झारखंड विधान सभा के सदस्य डॉ एसबीपी मेहता इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि के साथ अकादमिक निदेशिका डॉ सिमी मेहता, प्राचार्य रंजीत कुमार ठाकुर, अकादमिक समन्वयक रवि शेखर और जूनियर विंग प्रभारी राज किशोर शर्मा ने संयुक्त रूप से उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ एसबीपी मेहता ने विद्यार्थियों की प्रतिभा से अभिभूत होकर उनके द्वारा विभिन्न विषयों पर बनाये गये मॉडलों की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि शिक्षकों की इतनी अच्छी टीम के कुशल मार्गदर्शन और छात्रों के सराहनीय प्रयासों से स्कूल न केवल रांची बल्कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में अपना स्थान हासिल करेगा।

विद्यालय की अकादमिक निदेशिका डॉ सिमी मेहता एवं प्राचार्य रंजीत कुमार ठाकुर ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के 1500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर 500 से अधिक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी के आकर्षण का केंद्र चंद्रयान-3 का भव्य मॉडल रहा। भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कंप्यूटर, सामाजिक विज्ञान, गणित, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, शारीरिक शिक्षा, वाणिज्य, ललित कला, पुस्तकालय विषयों में छात्रों ने अपने प्रदर्शन प्रदर्शित किये और अपनी रचनात्मकता और नवीनता दिखायी। इस अवसर पर पेंटिंग और हस्तशिल्प वस्तुओं का भी प्रदर्शन किया गया, जिसने मेहमानों और आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। पूरी प्रदर्शनी में समग्र रूप से संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास के उद्देश्यों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें भारत की सहभागिता 2015 से ही सुनिश्चित है। कार्यक्रम के समापन समारोह में वार्षिक प्रदर्शनी के समग्र समन्वयक, देवाशीष भट्टाचार्य ने अपने धन्यवाद प्रस्ताव में, मुख्य अतिथि और सभी प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन विवेक गुप्ता ने किया। साथ ही साथ कार्यक्रम के संचालन में नैंसी रोजी सिंह, सुनंदा बॉल तथा सीसीए इंचार्ज खुशबू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राहुल गांधी का आचरण निंदनीय, संसदीय व्यवस्था को पहुंचायी चोट : चंद्रप्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** आजसू पार्टी के गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने राहुल गांधी के अशोभनीय व अमर्यादित आचरण को निंदनीय करार दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी हरकत से भारतीय संसदीय व्यवस्था को चोट पहुंचाया है। अराजकता करने की कोशिश की है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को कलंकित किया है। उन्होंने यह बातें संसद भवन में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष प्रेरणा स्थल पर विरोध प्रदर्शन करने के क्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का व्यवहार पूरी तरह से लोकतांत्रिक व संवैधानिक व्यवस्था के विपरीत है। यह व्यक्ति अपने को संविधान व कानून से ऊपर समझता है। संसद की गरिमा को तारतार किया है। राहुल गांधी को अपने कृत्य की सजा मिलनी चाहिए। इस घटना ने कांग्रेस के चाल चरित्र और चेहरा बेनकाब किया है। राहुल गांधी को अपने किये। पर माफी मांगना चाहिए। साथ ही पूरी कांग्रेस पार्टी को माफी मांगनी चाहिए।

# चाणक्य बीएनआर में 29 दिसंबर तक चलेगा हैदराबादी खाद्य महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सर्दी के इस मौसम में लजीज व्यंजनों के अलबेली स्वाद के लिए चाणक्य बीएनआर में 20 से 29 दिसंबर के मध्य होटल प्रांगण में हैदराबादी खाद्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में चाणक्य के खाद्य एवं मादक पदार्थ प्रबंधक धर्मवीर कुमार ने बताया कि हैदराबादी खाद्य पदार्थ का स्वंय में विशेष महत्व है, जो हैदराबाद के परंपरागत नेजाम किंगडम में प्रचलित, कबाब, गुलाबी मछली टिक्का, मटन बोटी, हैदराबादी फिश टिक्का, बिरयानी आदि खाद्य पदार्थ जो विख्यात हैं, जैसे फूड का इस खाद्य महोत्सव में विशेष प्रबंध किया गया है। इस संबंध में मुख्य शेफ कोशर अली, जो हैदराबादी फूड के लिए विख्यात हैं, उन्होंने बताया के हमारे कार्यकारी शेफ पिनाकी मिश्रा वा हैदराबादी व्यंजनों के विशेषज्ञ धीरेन शेरपा वा उनकी टीम ने इस उत्सव को सफल बनाने के लिए अपने टीम सदस्यों के साथ व्यंजन तैयार किये हैं। इस वर्ष हैदराबादी खाद्य महोत्सव में हैदराबादी परंपरागत मसालों के मिश्रण से विशेष फूड को तैयार किया गया है, जो हमारे ग्राहकों को हैदराबादी फूड का पूर्ण स्वाद देगा। इसके आयोजन में कार्यकारणी पिनाकी मिश्रा वा धीरेन शेरपा का विशेष योगदान है।

# प्रो डॉ नितिन पुरी को सम्मानित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** शुक्रवार को सूचना एवं तकनीकी मंत्रालय भारत सरकार के तहत एनआइइएलआइटी के झारखंड बिहार के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर प्रो डॉ नितिन पुरी के रांची आने पर एनआइइएलआइटी के कार्यालय में सॉल, कैनवास पेंटिंग और पौधा देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के अवसर पर गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन के सहायक प्राध्यापक डॉ ओम प्रकाश ने बताया कि एनआइइएलआइटी रांची का विद्यार्थी होने के नाते यह गर्व का पल है। साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के ट्रेनी टीचर्स भी एनआइइएलआइटी से जुड़ कर डिजिटली शार्प होंगे। इस अवसर पर प्रो डॉ नितिन पुरी ने बतलाया कि एनआइइएलआइटी पूरी तरह से रांची के सभी महाविद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों को लाभान्वित करेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि बहुत जल्द हम अपने स्टडी सेंटर के माध्यम से डिजिटल लिटरेसी प्रोग्राम, ए आइ, साइबर क्राइम के साथ साथ ओर भी अन्य कोर्स के माध्यम से डिजिटल इंडिया मिशन के साथ विकसित भारत 2047 को प्राप्त करेंगे। एनआइइएलआइटी पटना के पीयूष त्रिपाठी, रांची के जनमेजय शाह, भीम, वाइबीएन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ राम जी यादव, पूर्व प्राचार्य डॉ वासुदेव प्रसाद उपस्थित रहे।






# राहुल पर दर्ज मुकदमे के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर भाजपा नेताओं द्वारा दर्ज कराये गये झूठे मुकदमे के विरोध में प्रदेश कांग्रेस ने आक्रोश पूर्ण विरोध-प्रदर्शन किया। शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। इस क्रम में कांग्रेस जनों ने कांग्रेस भवन से अल्बर्ट एक्का चौक तक विरोध मार्च निकाला।



## भाजपा की पूरी नीति झूठ पर : केशव

केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा की पूरी नीति झूठ, फरेब, छल प्रपंच पर ही टिकी हुई है और इसी का सहारा लेकर पूरे देश की जनता को लगातार धोखा दे रही है। भारत रत्न बाबा साहेब का अपमान करने वाले गृहमंत्री के खिलाफ कांग्रेस का शांतिपूर्ण प्रदर्शन भाजपा को पसंद नहीं आया। जनता के चुने हुए विपक्ष के जनप्रतिनिधियों को भाजपा के सांसदों ने सत्ता के घमंड में संसद के अंदर प्रवेश करने से रोका, जिस पर कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकतांत्रिक ढंग से विरोध कर रही थी परंतु नाटक बाजी करते हुए भाजपा नेताओं ने फर्जी ड्रामा किया और इसी ड्रामा के तहत झूठा मामला बनाकर राहुल गांधी पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया।

**बाबा साहेब का अपमान बर्दाश्त नहीं : डॉ रामेश्वर**

पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा अमित शाह को देश की जनता से बाबा साहेब का अपमान करने के लिए माफी मांगनी होगी। झूठ और फर्जी मुकदमे कर कर भाजपा कांग्रेस को डरा नहीं सकती। राहुल गांधी देश की जनता के विश्वास का मजबूत स्तंभ है, जनता के अधिकारों की रक्षा करने के लिए सदैव तत्पर एक प्रहरी है, इनके नेतृत्व में जन-अधिकारों, मान- सम्मान के लिए संघर्ष जारी रहेगा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के ऊपर मुकदमा दर्ज करना संसदीय इतिहास का काला दिन है।

## राहुल गांधी निर्दोष हैं : राजेश कच्छप

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि वीडियो फुटेज और सांसद के बयान से साफ है कि राहुल गांधी निर्दोष हैं। राहुल गांधी संविधान को बचाने और देश को जोड़ने के लिए पूरे देश की यात्रा करते हैं और उन पर झूठा मुकदमा किया जा रहा है ,यह सिर्फ कांग्रेस का अपमान नहीं बल्कि न्याय का अपमान है। देश तानाशाही से नहीं लोकतंत्र से चलेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि भाजपा झूठ की दुकान है। बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने के लिए सारा खेल खेला जा रहा है, कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश हो रही है। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से केएन त्रिपाठी, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, रवींद्र सिंह, जयशंकर पाठक, सुलतान अहमद, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, अभिलाष साहू, आभा सिन्हा, निरंजन पासवान, सोनाल शांति, राजन वर्मा, डॉ राजेश गुप्ता, शांतनु मिश्रा, डॉ राकेश रिण महतो, सुरेंद्र सिंह, मुन्नम संजय, नेली नाथन, केदार पासवान सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

श्रम मंत्री ने स्किल स्टेकहोल्डर्स कनेक्ट 2024 का उद्घाटन किया

# युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना झारखंड सरकार की प्राथमिकता : संजय यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने स्किल स्टेकहोल्डर्स कनेक्ट 2024 का उद्घाटन किया। मंत्री ने कहा कि झारखंड में कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने नये जॉब रोल्स, विदेशी भाषा प्रशिक्षण और आधुनिक कौशल को शामिल करने पर जोर दिया। बताया कि झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी अगले वित्तीय वर्ष में 2 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने और राज्य के 264 प्रखंडों में न्यूनतम एक कौशल प्रशिक्षण केंद्र खोलने का लक्ष्य लेकर चल रही है।




## 8 प्रवासन सहायता केंद्र स्थापित किये गये

बताया गया कि युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 7 राज्यों में 8 प्रवासन सहायता केंद्र स्थापित किये गये हैं। अब तक 2.25 लाख युवाओं को नियोजित किया जा चुका है। वहीं श्रम सचिव मुकेश कुमार ने कौशल विकास में पारंपरिक जॉब रोल्स से आगे बढ़ने और समय की मांग के अनुसार नये कौशल अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। मिशन निदेशक शैलेंद्र कुमार लाल ने कहा कि कौशल विकास के क्षेत्र में नयी चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास और भविष्य की मांग के अनुरूप योजनाएं बनाना आवश्यक है। झारखंड सरकार के इस पहल का उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और रोजगार की दिशा में आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के पदाधिकारी, प्रशिक्षण सेवा प्रदाता, सेक्टर स्किल काउंसिल, उद्योग समूह और नियोक्ता कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का भव्य उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. डॉ तपन कुमार शांडिल्य, कुलपति, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी, रांची और विशिष्ट अतिथि के रूप में मधुकांत पाठक, कोषाध्यक्ष, भारतीय एथलेटिक्स महासंघ सह महासचिव झारखंड ओलंपिक संघ उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में 28 इवेंट आयोजित किये गये, जिनमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर की दौड़ और जलेबी रेस की प्रतियोगिता शामिल थी। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।




इस कार्यक्रम में शिशु विकास मंदिर समिति (झारखंड) के अध्यक्ष शक्तिनाथ लाल दास ने कहा कि क्रीड़ा विद्या भारती का प्रमुख अंग है, जिसके तहत बच्चों में शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक क्षमता विकसित होती है। शनिवार को खेल के कुल 34 इवेंट होंगे इसके बाद समापन समारोह होगा।

# जनता पर अनावश्यक टैक्स का बोझ न डालें: धर्मेंद्र तिवारी

**सरकार के होल्डिंग टैक्स बढ़ाने के फैसले का विरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरकार के होल्डिंग टैक्स बढ़ाने के फैसले का विरोध शुरू हो गया है।



नगर निगम द्वारा घरों का सर्वे करने और सर्वे के अनुसार जिस घर में भाड़ेदार रहते हैं या आसपास में लॉज है, उनका होल्डिंग टैक्स बढ़ाने के फैसले को लेकर लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि सरकार सुविधाओं के लिए बात नहीं करती है, बल्कि जनता पर अनावश्यक टैक्स का बोझ डालने की कोशिश करती है। लोगों ने सरकार से आग्रह किया है कि वह अपने कार्य को पारदर्शी बनाये और जनता पर अनावश्यक टैक्स का बोझ न डाले। इस मुद्दे पर धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि सरकार को जनता की सुविधाओं के बारे में सोचना चाहिए, न कि अनावश्यक टैक्स का बोझ डालने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें सरकार के इस फैसले का विरोध करना चाहिए और जनता के हितों की रक्षा करनी चाहिए।

# पीएमएफएमइ योजना का जिलों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें : सीएस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमइ) का जिलों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये, ताकि अधिक से अधिक उद्यमियों को इस योजना का लाभ दिया जा सके। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के उद्यमियों, विशेषकर महिला उद्यमियों के स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिया। वह शुक्रवार को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमइ) राज्यस्तरीय अप्रूवल कमिटी की बैठक की



अध्यक्षता कर रही थीं। बैठक में कृषि सचिव, उद्योग सचिव, वित्त विभाग के प्रतिनिधि, उद्योग निदेशक, सीइओ, लघु कुटीर बोर्ड, नबार्ड, एसएलबीसी, बीआइटी मेसरा, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि आजि उपस्थित थे।

## झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने आक्रोश जताया

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने बीआइटी मेसरा ओपी क्षेत्र में हुई बच्चों के साथ यौनाचार की घटना पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। इस घटना में एक 4 साल के बच्चे के साथ स्कूल वैन ड्राइवर द्वारा आपराधिक यौनाचार किया गया। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, यह घटना हमारे समाज के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूक रहना होगा और सख्त कार्रवाई करनी होगी। अजय राय ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि वे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और स्कूलों में सुरक्षा की व्यवस्था को मजबूत बनायें। उन्होंने कहा, हमें अपने बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव कदम उठाना होगा। स्कूलों में सुरक्षा की व्यवस्था को मजबूत बनाना, बच्चों को सुरक्षा के बारे में जागरूक करना, और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना आवश्यक है। एसोसिएशन ने स्कूल प्रबंधकों से भी आग्रह किया है कि वे इस तरह की घटनाओं पर पर्दा न डालें और स्कूल का रेपुटेशन बचाने के बजाय पीड़ित को न्याय दिलाने में सहयोग करें।



# गणतंत्र दिवस पर सुधांशु कुमार झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वाइबीएन यूनिवर्सिटी के छात्र सुधांशु कुमार को आरडी कैंप के लिए चुना गया है। वे 26 जनवरी 2025 को नयी दिल्ली में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। यूनिवर्सिटी के चेयरमैन रामजी यादव ने इस मौके पर सुधांशु को बधाई दी और कहा, सुधांशु कुमार की इस उपलब्धि पर हमें गर्व है। उनकी मेहनत और लगन ने



यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया है। हमें उम्मीद है कि वे अपने प्रदर्शन से हमारे संस्थान का नाम और ऊंचा करेंगे।

# संत गाडगे बाबा महामानव थे : सीपी सिंह

**भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने राष्ट्र संत गाडगे बाबा का परिनिर्वाण दिवस मनाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा रांची महानगर द्वारा राष्ट्र संत संत गाडगे बाबा के 69वें परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें रांची के विधायक सीपी सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान, संत गाडगे बाबा के जीवन और उनके द्वारा किये गये सामाजिक सुधार कार्यों पर प्रकाश डाला गया। सीपी सिंह ने कहा कि संत महात्मा



किसी जाति धर्म के नहीं होते हैं, वह सर्व समाज के पूजनीय होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि संत गाडगे बाबा मानवता के महामानव थे और उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज सुधार के दिशा में कई बहुमूल्य कार्य किये। इस अवसर पर अमर कुमार बाउरी ने कहा कि संत गाडगे बाबा ने समाज में फैली अशिक्षा, अंधविश्वास, छुआछूत और कुरीतियों को दूर करने के लिए 24 वर्ष की उम्र में बुद्ध के मार्ग पर चलते हुए गृह त्याग किया और समाज को जगाने के लिए कई विद्यालय, छात्रावास, धर्मशाला और पंसाला का निर्माण किया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य प्रमुख व्यक्तियों में समन्वय समिति के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार रजक, रविदास महासभा के अध्यक्ष दीपक कुमार रवि, युवराज पासवान, रामनगन राम, विनोद राजन, संजय रजक, संतोष रवि, प्रदीप रवि, रणधीर रजक, महामंत्री बलराम सिंह, योगेंद्र लाल, राकेश राम, राकेश सिंह, बीके दास, संजय रजक, प्रदीप रवि, विनय सिंह, मोहन राम, प्रदीप राम, इंद्रदेव यादव, विनोद महतो, गोविंद वाल्मीकि, वीरेंद्र सिंह, इंद्रदेव राम, कमलेश राम सहित अन्य शामिल थे।

# नाबार्ड आदिवासी समुदायों के विकास के लिए और अधिक प्रयास करे : डॉ आशा लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने शुक्रवार को नाबार्ड के झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नाबार्ड की भूमिका पर प्रकाश डाला और आदिवासी समुदायों के विकास में नाबार्ड के योगदान की सराहना की। डॉ लकड़ा ने कहा कि नाबार्ड की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसका नाम भारत के सुदूर कोनों में भी पहचाना जाता है।



नाबार्ड ने आदिवासी समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने नाबार्ड की पहलों की सराहना की, जिन्होंने आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर उद्यमशीलता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आदिवासी विकास कोष (टीडीएफ) की प्रशंसा की, जिसमें बागवानी-आधारित खेती, जल संसाधन सृजन और क्षमता निर्माण जैसी गतिविधियों का समर्थन करके आदिवासी बहुल क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ लकड़ा ने नाबार्ड के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नाबार्ड की सफलता का राज इसकी प्रतिबद्धता में है, जो आदिवासी समुदायों के विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने नाबार्ड के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे आदिवासी समुदायों के विकास के लिए और अधिक प्रयास करें।

# दिशा मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में 253 अभ्यर्थियों का चयन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अनुदिप फाउंडेशन, झारखंड द्वारा आयोजित दिशा मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में 253 अभ्यर्थियों का चयन 16 कंपनियों द्वारा किया गया। मेगा प्लेसमेंट शुक्रवार को बरनवाल टेंट हाउस, कोकर, रांची में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में 450 से अधिक अनुदीप द्वारा प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इसमें टेक महिंद्रा लिमिटेड, कॉन्सेन्ट्रिक्स, निंबस, बजाज, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस और आयुदा जैसी कंपनियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया और वर्कफोर्स के लिए चयन किया। कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, अनुदीप और राजू मिश्रा, प्लेसमेंट प्रमुख ने किया। अनुदीप फाउंडेशन की टीम के अन्य सदस्यों ने भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अनुदीप फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से दिशा ड्राइव जैसे सराहनीय कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है, जिससे युवा अभ्यर्थी आइटी प्रशिक्षण के बाद आइटी, आइटीइएस और अन्य क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे हैं।

**शपथ-पत्र**



शपथ पत्र सं. 5165 दिनांक 19/12/2024 के अनुसार मैं, खेमनी देवी, पति- देवकी महतो, उम्र लगभग 49 वर्ष, निवास स्थान ग्राम-कांडतरी, पोस्ट-सांद, थाना- बड़कागाँव, जिला-हजारीबाग, झारखंड की निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक ब्यान करती हूं कि :-

1. यह कि मेरे आधार कार्ड संख्या 7119 4367 9190 में मेरे पति का नाम प्रयाग महतो (Prayag Mahto) अंकित है।
2. यह कि मेरे पति का आधार कार्ड संख्या 8491 7313 5602 एवं पैन कार्ड संख्या CGPPM3904E है, जिसमें मेरे पति का नाम देवकी महतो (Devki Mahto) है।
3. यह कि प्रयाग महतो (Prayag Mahto) एवं देवकी महतो (Devki Mahto) दोनों एक व्यक्ति हैं, जो मेरे पति हैं।
4. यह कि मेरे उपरोक्त आधार कार्ड में मेरे पति का नाम सुधारकर मेरे पति के उक्त आधार कार्ड एवं पैन कार्ड के अनुसार देवकी महतो (Devki Mahto) अंकित कर दिया जाय, जिसके वास्ते मैं यह शपथ पत्र दे रही हूँ।
5. यह कि उपरोक्त तथ्यों पर भविष्य में कोई प्रश्न होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेवारी मेरी होगी।
6. यह कि उपरोक्त लिखित कथन सत्य व सही है।

# सहयोग संग सावधानी

भारत और चीन के बीच बुधवार को हुई विशेष प्रतिनिधियों की बातचीत में बनी सहमति इस बात का ठोस संकेत है कि दोनों देशों के रिश्तों में पिछले चार साल से आया ठहराव धीरे-धीरे दूर हो रहा है। हालांकि यह प्रक्रिया अभी शुरुआती चरण में है और इससे जुड़े कई किंतु-परंतु कायम हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर बैठक के दौरान हुई मुलाकात के बाद से मतभेद दूर करने की प्रक्रिया में जो तेजी आयी, उसका असर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर बने माहौल पर भी दिखा। पांच साल के अंतराल पर हुई विशेष प्रतिनिधियों की बैठक में सहमतियों पर अमल की तो पुष्टि हुई ही, यह संकेत भी मिला कि अब दोनों पक्ष इससे आगे बढ़ने को तैयार हैं। बॉर्डर ट्रेड, ट्रांस बॉर्डर नदियों पर डेटा शेयरिंग और मानसरोवर यात्रा की संभावनाएं वाकई उत्साह बढ़ाने वाली हैं। जैसे-जैसे सीमा संबंधी मसलों पर सहमति बन रही है और वहां माहौल सामान्य होने की तरफ बढ़ रहा है, दोनों देशों के रुख में सहयोग पर जोर भी बढ़ता जा रहा है। ध्यान रहे, चीन का काफी समय से आग्रह रहा है कि एलएसी से जुड़े मसलों को एक तरफ करके सहयोग बढ़ाया जाये, लेकिन भारत अपने इस रुख पर अडिग रहा कि जब तक एलएसी पर हालात सामान्य नहीं होते, रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। ऐसे में यह गौर करने वाली बात है कि अब भारत की तरफ से भी सहयोग का दायरा बढ़ाने की संभावना पर पॉजिटिव रुख दर्शाया जा रहा है। इस बात को भी कुछ हलकों में रेखांकित किया गया है कि संबंधों में सुधार और बातचीत में प्रगति को व्यक्त करने के दोनों पक्षों के तरीकों में पूरी तरह समानता नहीं है। मिसाल के तौर पर, बातचीत के बाद दोनों तरफ से जो अलग-अलग बयान जारी किये गये, उनमें अंतर है। जहां चीन के बयान में स्पष्ट शब्दों में सर्वसम्मति के छह बिंदु गिनाये गये हैं, वहीं भारत के बयान में इन्हें सर्वसम्मति करार देने से बचा गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की ओर से बुधवार को ही जारी पेंटागन की सालाना रिपोर्ट की यह बात भी गौर करने लायक है कि चीन ने न तो गलवान घाटी में जून 2020 को हुई सैन्य झड़प के बाद इस क्षेत्र में बढ़ायी गयी सैन्य तैनाती में कोई कमी की है और न ही टैंकों, मिसाइलों व अन्य भारी हथियारों की संख्या में कोई कटौती की है। हालांकि अभी उस इलाके से सैन्य वापसी की प्रक्रिया शुरू होनी बाकी है, लेकिन फिर भी चीन के पिछले रेकॉर्ड को देखते हुए सतर्क रहने की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता।

**बॉर्डर ट्रेड, ट्रांस बॉर्डर नदियों पर डेटा शेयरिंग और मानसरोवर यात्रा की संभावनाएं वाकई उत्साह बढ़ाने वाली हैं। जैसे-जैसे सीमा संबंधी मसलों पर सहमति बन रही है और वहां माहौल सामान्य होने की तरफ बढ़ रहा है, दोनों देशों के रुख में सहयोग पर जोर भी बढ़ता जा रहा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**1929 में जब मेरा जन्म हुआ, तब मेरे पिता बड़ौदा में डाक अधीक्षक थे। 1930 में उन्हें रेलवे मेल सेवा के अधीक्षक के रूप में पूना स्थानांतरित कर दिया गया। कई साल बाद 1964 में मुझे पुणे शहर का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया। भगवा वस्त्र पहने एक हिंदू पुजारी मेरे कार्यालय में आये और खुद को कोई ऐसा व्यक्ति बताया, जो मुझे तब से जानता था, जब मैं 2 साल का था। उन्होंने कहा कि उनके पिता डाक अधीक्षक कार्यालय में मेरे पिता के हेड क्लर्क थे।**

# सबसे बढ़िया क्रिसमस उपहार

जूलियो रिबैरो



3 सेवानिवृत्त पुलिस हेड कांस्टेबल मुझे पिछले शनिवार को पुलिस लाइन में आयोजित भगवान दत्ता की पूजा में भाग लेने के लिए आमंत्रित करने आये थे, जो उस इमारत के पीछे स्थित है, जिसमें मैं रहता हूं। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर मेरी मुलाकात कई अन्य सेवानिवृत्त और कुछ सेवारत पुलिसकर्मियों से हुई, जो वास्तव में मेरे आने से प्रसन्न थे। यह निश्चित रूप से सबसे बढ़िया क्रिसमस उपहार था, जिसकी मुझे उम्मीद थी। अपने करियर के किसी चरण में जिन लोगों का नेतृत्व करने का सम्मान आपको मिला, उनके द्वारा याद किये जाने और प्यार किये जाने से बड़ा कोई ईनाम नहीं है।

पुलिस कैंप में उस विशेष मंदिर का उद्घाटन मैंने 1982 में किया था, जब मैं शहर का पुलिस आयुक्त था। यह तथ्य मेरी याददाश्त से दूर हो गया था। इस आयोजन को रिकॉर्ड करने वाली एक पट्टिका मंदिर की दीवार पर चिपका दी गयी थी। पुरुषों ने उस पट्टिका के सामने तस्वीरें खिंचवाने पर जोर दिया, जिस पर मेरा नाम लिखा था। इस साल मेरा 96वां क्रिसमस सेलीब्रेशन होगा। 1929 में जब मेरा जन्म हुआ, तब मेरे पिता बड़ौदा में डाक अधीक्षक थे। 1930 में उन्हें रेलवे मेल सेवा के अधीक्षक के रूप में पूना स्थानांतरित कर दिया गया। कई साल बाद 1964 में मुझे पुणे शहर का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया। भगवा वस्त्र पहने एक हिंदू पुजारी मेरे कार्यालय में आये और खुद को कोई ऐसा व्यक्ति बताया, जो मुझे तब से जानता था, जब मैं 2 साल का था। उन्होंने कहा कि उनके पिता डाक अधीक्षक कार्यालय में मेरे पिता के हेड क्लर्क थे। उन्होंने अपना परिचय उस नाम से दिया, जो उन्होंने धार्मिक अनुशासन के प्रति अपनी पवित्रता और प्रतिबद्धता की शपथ लेने के बाद अपनाया था।

**मैं जिन 2 मुस्लिम महिलाओं मुमताज और शमीम को जानता हूं, वे अपने दिवंगत पिता द्वारा स्थापित बोटावाला ट्रस्ट चलाती हैं।**

30 साल बाद मुंबई से राजगुरुनगर कार से जाते समय मैं लोनावला में रुका। रास्ते में एक रेस्तरां में मेरे पहुंचने की खबर सुन कर उसी संत द्वारा संचालित आश्रम में काम करने वाले 2 या 3 लोग उस टेबल पर आये, जहां मैं और मेरी पत्नी बैठे थे और उन्होंने हमारा अभिवादन किया। उन्होंने मुझे बताया कि बाबा ने समाधि ले ली है। चूंकि बाबा ने एक से अधिक बार उनसे मेरा जिक्र किया था, इसलिए वे मुझसे व्यक्तिगत रूप से मिल कर बहुत खुश हुए। वह मुलाकात मेरी यादों में अभी भी अंकित है, जैसे बाबा का पुणे में मेरे कार्यालय में आना। उनमें से एक मुलाकात में उन्होंने समाधि लेने की बात कही थी और मुझे याद है कि मैंने उन्हें ऐसा करने से रोकने की कोशिश की थी। मुझे इस बात का अफसोस है कि इतने सालों बाद भी मैं उनका नाम याद नहीं रख सका। हालांकि मुझे दो क्रिसमस याद हैं, एक 1956 में और दूसरी 1989 में। 1956 में मैं नासिक डिवीजन का सहायक पुलिस अधीक्षक था। देवलाली मेरे अधिकार क्षेत्र में था। आर्टिलरी रेजीमेंटल सेंटर देवलाली में स्थित था।

वल्लाडारेस नाम के एक युवा ईसाई अधिकारी ने नासिक से मुंबई तक मेरी कार में लिफ्ट ली। हम दोनों एक हफ्ते की छुट्टी पर थे और चूंकि हमारे माता-पिता मुंबई से थे, इसलिए हमने क्रिसमस के लिए यात्रा की योजना बनायी। वह युवा सेना अधिकारी बांद्रा से था। मैंने उसे उसके घर छोड़ने का फैसला किया। मैंने कभी किसी जगह को इतनी चमकीली रोशनी और सजावट से भरा हुआ नहीं देखा था, जैसा कि मैंने 1956 में उस यादगार क्रिसमस की पूर्व संध्या पर देखा था। पिछली सदी के 50 के दशक में बांद्रा लगभग पूरी तरह से ईसाइयों का इलाका था। आज यह आंशिक रूप से ही है, लेकिन बांद्रा के ईसाई अभी भी चमकदार रोशनी लाना जारी रखते हैं। 1989 में मैं पूर्वी यूरोप में रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में तैनात था। यह एकमात्र ऐसा साल था जब मैं क्रिसमस के दिन चर्च में होने वाली प्रार्थना सभा में शामिल नहीं हो पाया था। रोमानियाई तानाशाह निकोले कॉसेस्कु को अभी-अभी पदच्युत किया गया था। उन्हें और उनकी पत्नी एलेना को क्रिसमस के दिन एक अस्थायी मुकदमे के बाद फायरिंग दस्ते द्वारा मार दिया गया था।

इस साल मैं मुंबई में क्रिसमस पारंपरिक तरीके से मनाऊंगा। हर साल क्रिसमस के आसपास, मेरी दोस्त लीना गांधी तिवारी, वकोला झुग्गियों के बच्चों के लिए एक वार्षिक दिवस मनाती हैं, जिन्हें उन्होंने सचमुच गोद लिया है। शुरुआत में उन्होंने केवल लड़कियों के साथ शुरुआत की, लेकिन हाल ही में वह अपने केंद्र में लड़कों को भी भर्ती कर रही हैं, जिसका नाम उन्होंने अपनी दादी के नाम पर रखा है। इस साल 2 लड़कियों ने एमबीए (वित्त) की परीक्षा पास की, 3 लड़कियों ने बीएमएस मार्कीटिंग और दो ने अकाउंटिंग और वित्त में बीएएफ की परीक्षा पास की। उन्हें नौकरी के बाजार में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाने के लिए उनके कौशल का विकास किया जा रहा है।

देश को और भी कई लीनाओं की जरूरत है, जो अपने से कम भाग्यशाली लोगों के लिए अपनी संपत्ति का कुछ हिस्सा देने को तैयार हों। मेरी दोनों बेटियां जो अब 60 के दशक में हैं, दिल्ली स्थित उदयन शालिनी फाउंडेशन नामक एक गैर-सरकारी संगठन द्वारा उनकी देखभाल के लिए सौंपी गयी लड़कियों को प्रशिक्षित करती हैं, जिसने मुंबई में एक शाखा खोली है। मैं जिन 2 मुस्लिम महिलाओं मुमताज और शमीम को जानता हूं, वे अपने दिवंगत पिता द्वारा स्थापित बोटावाला ट्रस्ट चलाती हैं। ट्रस्ट ने 50 छोटी मुस्लिम लड़कियों को आश्रय दिया है, जो कम उम्र में अनाथ हो गयी थीं। वे अपनी संपत्ति पर बनी इमारत में लड़कियों को रखते हैं, उन्हें खाना खिलाते हैं और आम तौर पर उनकी भावनात्मक जरूरतों का ख्याल रखते हैं।

**(लेखक : पूर्व डीजीपी पंजाब एवं पूर्व आइपीएस अधिकारी)**

## देश-विदेश की खबरें

# संजय राउत के बंगले की रेकी

**बाइक से आये संदिग्ध, रुके और रफूचक्कर हो गये, जांच में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को दो मोटरसाइकिल सवार लोगों द्वारा शिवसेना (उद्धव बालासाबेह ठाकरे) नेता संजय राउत के भांडुप स्थित बंगले की कथित तौर पर रेकी किये जाने के मामले में जांच शुरू की। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब नौ बजे राउत के 'मैत्री' बंगले के बाहर हुई। उन्होंने कहा कि दो व्यक्ति दोपहिया वाहन पर आये और कुछ देर के लिए राउत के बंगले के बाहर रुके और वहां से चले गये। उन्होंने बताया कि बंगले के बाहर इंतजार कर रहे कुछ लोगों ने दोनों संदिग्धों को देखा और शिवसेना (उबाठा) सांसद के छोटे भाई और स्थानीय विधायक सुनील राउत को इसकी सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि इसके तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी गयी। कांजुरमार्ग पुलिस थाने की एक टीम बंगले पर पहुंची और जांच शुरू की। उन्होंने कहा कि पुलिस बंगले में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है, जिसमें दो संदिग्ध दोपहिया वाहन पर दिखायी दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि संदेह है कि दोनों ने रेकी की थी। इसलिए उनके और उनके वाहन के बारे में जानकारी जुटाने के प्रयास जारी हैं। उनके अनुसार अभी तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। अधिकारी ने कहा कि यदि विस्तृत जांच में कुछ भी गंभीर पाया गया, तो संदिग्धों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। राउत को केंद्र और महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों के मुखर आलोचक के रूप में जाना जाता है।

# भाजपा सांसद ने प्रियंका को 1984 लिखा बैग दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को संसद में सांसद प्रियंका गांधी को '1984' लिखा बैग गिफ्ट किया। बैग पर 1984 को खून से रंगा दिखा गया। ऐसा माना जा रहा है कि इसके जरिए 1984 के सिख दंगों की याद दिलायी गयी।

दरअसल, पिछले दिनों संसद में प्रियंका की बैग पॉलिटिक्स चर्चा रही। वे कभी मोदी-अडाणी भाई-भाई, बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों (हिंदुओं) के समर्थन से जुड़े बैग लिए नजर आयीं तो कहीं फिलिस्तीन लिखा बैग लेकर भी पहुंचीं।

**प्रियंका को ओड़िशा की सांसद अपराजिता ने बैग सौंपा :** ओड़िशा के भुवनेश्वर से सांसद अपराजिता सारंगी ने प्रियंका को 1984 लिखा बैग दिया। अपराजिता संसद परिसर प्रियंका का इंतजार करती दिखीं। जैसे ही आने की जानकारी मिली, वे पीछा करते हुए प्रियंका के पास पहुंचीं और बैग सौंप दिया। प्रियंका गांधी ने बैग लेकर रख लिया और आगे बढ़ गयीं।

# मेरठ में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में भगदड़, महिलाएं-बुजुर्ग चोटिल

- एक लाख लोग पहुंचे थे, बाउंसर्स रोककर एंट्री कराने लगे तो भीड़ बेकाबू हुई



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेरठ।** मेरठ में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में शुक्रवार दोपहर भगदड़ मच गई। कई महिलाएं और बुजुर्ग गिरकर चोटिल हो गये। दिन के एक बजे से कथा शुरू हो चुकी थी। करीब 1 लाख लोग पहुंचे थे। कथा शुरू होने पर लोग जल्दबाजी में अंदर जा रहे थे। बाउंसर्स ने भीड़ अचानक बढ़ने पर लोगों को रोक-रोक कर एंट्री करानी शुरू कर दी फिर भगदड़ मच गई। चोटिल महिलाओं और बुजुर्गों का घटनास्थल पर बने हेल्थ कैंप में इलाज किया जा रहा है। शताब्दी नगर में चल रही कथा का आज छठा और कल आखिरी दिन है। रोज डेढ़ लाख लोग आ रहे हैं।

**एंट्री को लेकर बाउंसर्स से झगड़ा :** कथा में जिस रास्ते से भीड़ आ रही थी, उसी रास्ते से मुख्य यजमान भी जा रहे थे। तभी एंट्री को लेकर झगड़ा हो गया। एंट्री गेट पर बाउंसर्स ने महिलाओं को अंदर जाने से रोक दिया। पीछे से भीड़ आगे बढ़ने के लिए धक्का देती रही। इसी बीच 15-20 महिलाएं एक-एक कर गिर गईं।

**एक दिन में दो बार भगदड़ मची :** बताया जा रहा है कि कथा के दौरान शुक्रवार को 2 बार भगदड़ मची। सबसे पहले सुबह 9.30 बजे भगदड़ मची थी। इस दौरान लोग वीआइपी पास के लिए जुटे थे, लेकिन यह शांत हो गई। इसके बाद दिन के एक बजे फिर भगदड़ मच गयी।

# कैंसर वैक्सीन की कीमत 2.5 लाख रुपये

**दोबारा कैंसर होने का जोखिम नहीं होगा**

एजेंसी



**मॉस्को।** रूस के कैंसर वैक्सीन के एलान के बाद से दुनियाभर के कैंसर मरीजों में उम्मीद जगी है। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर आंद्रेई काप्रिन के मुताबिक रूस की इस कैंसर वैक्सीन को अलग-अलग तरह के मरीजों के लिए अलग-अलग बनाया जायेगा। इस खासियत की वजह से इसकी कीमत करीब 2.5 लाख रुपये होगी। रूसी नागरिकों को ये वैक्सीन मुफ्त में मिलेगी। हालांकि दुनिया के बाकी देशों के ये वैक्सीन कब मिलेगी, इसके बारे में काप्रिन ने कोई जानकारी दी है।

काप्रिन ने बताया कि प्रीक्लिनकल ट्रायल में वैक्सीन प्रभावी साबित हुई है। इससे ट्यूमर का विकास धीमा होने के साथ उस पर 80% तक कमी देखी गयी है। इस वैक्सीन को मरीजों के ट्यूमर सेल्स के डेटा के आधार पर स्पेशल प्रोग्राम के जरिए डिजाइन किया जाता है।

रूस की फेडरल मेडिकल बायोलॉजिकल एजेंसी की प्रमुख वेरोनिका स्वोर्त्सकोवा ने वैक्सीन के काम करने के तरीके को मेलानोमा (स्किन कैंसर) से समझाया है। सबसे पहले कैंसर के रोगी में से कैंसर सेल्स का सैंपल लिया जाता है। इसके बाद वैज्ञानिक इस ट्यूमर के जीन की सीक्वेंसिंग करते हैं। इसके जरिए कैंसर सेल्स में बने प्रोटीन की पहचान की जाती है। प्रोटीन की पहचान के बाद पर्सनलाइज्ड mRNA वैक्सीन बनायी जाती है। कैंसर वैक्सीन शरीर को टी सेल्स बनाने का आदेश देती है। ये टी सेल्स ट्यूमर पर हमला कर कैंसर को खत्म कर देती हैं। इसके बाद इंसानी शरीर ट्यूमर सेल के पहचानने लगता है, जिससे कैंसर दोबारा नहीं लौटता है। अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा के कैंसर एक्सपर्ट एलियास सयूर के मुताबिक इस तकनीक से बन रही वैक्सीन ने ब्रेन कैंसर के लिए 48 घंटों से भी कम वक्त में असर दिखा दिया था।

## एक और वैक्सीन का एलान जल्द

रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के नेशनल मेडिकल रिसर्च रेडियोलॉजिकल सेंटर की वेबसाइट के मुताबिक कैंसर से लड़ने के लिए दो तरह की खोज में जुटे हुए थे। इनमें पहली mRNA वैक्सीन और दूसरी दूसरी ऑन्कोलिटिक वायरोथेरेपी है। इस थेरेपी के तहत लैब में मॉडिफाई किये गये इंसानी वायरस से कैंसर सेल्स को टारगेट कर संक्रमित किया जाता है। इससे वायरस कैंसर सेल्स में खुद की मल्टीप्लाय करता है। इसका नतीजा ये होता है कि कैंसर सेल नष्ट हो जाती है। यानी इस थेरेपी में ट्यूमर को सीधे तौर पर नष्ट करने बजाय इम्युनिटी को सक्रिय करके कैंसर सेल्स नष्ट किया जाता है। इस थेरेपी के लिए बनायी जा रही वैक्सीन का नाम एंटेरोमिक्स है। इस वैक्सीन का रिसर्च साइकिल पूरा हो चुका है।

## सरकार ने लोकसभा में दी जानकारी

# बांग्लादेश में हिंसा के 2200 मामले सामने आये




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश में इस साल आठ दिसंबर तक हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के कुल 2,200 मामले सामने आये हैं और भारत को उम्मीद है कि ढाका उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठायेगा। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने अल्पसंख्यक और मानवाधिकार संगठनों के आंकड़ों का हवाला देते हुए लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

सिंह ने बताया कि पाकिस्तान में इस साल अक्टूबर तक हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के मामलों की संख्या 112 थी।

मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने पाकिस्तान से धार्मिक असहिष्णुता, सांप्रदायिक हिंसा, प्रणालीगत उत्पीड़न और अल्पसंख्यक समुदायों पर हमलों को रोकने के लिए कदम उठाने और उनकी सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि भारत उचित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की दुर्दशा को उजागर करता रहता है।

# डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ना चिंताजनक, बातचीत कर अनशन खत्म करवाये मोदी सरकार : राहुल गांधी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत को लेकर चिंता जताते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार को बातचीत करके उनका अनशन खत्म कराना चाहिए तथा किसानों की मांग मान लेनी चाहिए। केंद्र पर फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित आंदोलनकारी किसानों की मांगों को स्वीकार करने का दबाव बनाने के उद्देश्य से डल्लेवाल 26 नवंबर से खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर हैं। उच्चतम न्यायालय ने डल्लेवाल के अस्पताल में भर्ती होने का फैसला शुक्रवार को पंजाब सरकार के अधिकारियों और चिकित्सकों पर छोड़ दिया। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि एमएसपी की गारंटी और कर्ज.माफी समेत अन्य मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जी की तबीयत बिगड़ना चिंताजनक है। सरकार को बातचीत करके अनशन खत्म करवाना चाहिए। उनका कहना है कि जायज मांगों के लिए किसानों को बार-बार अनशन और प्रदर्शन के लिए मजबूर करना दुर्भाग्यपूर्ण है। 700 से ज्यादा किसानों की शहादत के बाद भी सरकार निर्दयी बनी हुई है।

# रंका मोड़ के पास झामुमो ने अमित शाह का पुतला फूंका

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर पर कथित रूप से की गयी टिप्पणी के विरोध में झामुमो ने शहर के रंका मोड़ घंटा घर के समीप अमित शाह का पुतला दहन किया। इससे पूर्व झामुमो नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री अमित शाह का शव यात्रा निकालकर शहर में भ्रमण किया। तत्पश्चात रंका मोड़ पहुंचकर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। नुक्कड़ सभा के पश्चात गृह मंत्री का पुतला दहन किया।

मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा कि देश के गृह मंत्री द्वारा दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर पर टिप्पणी करना बहुत ही शर्मनाक हरकत है। गृह मंत्री के इस बयान से पूरे देशवासी शर्मिंदा है गृह मंत्री अमित शाह का बयान बहुत ही खेदजनक है। इस प्रकार के बयान बाजी के लिए गृह मंत्री को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो देश की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। वक्ताओं ने कहा कि गृह मंत्री के बयान से यह साफ झलकता है कि भाजपा किस विचारधारा और मानसिकता की पार्टी है। वक्ताओं ने कहा कि गृह मंत्री सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगेंगे तो पूरे देश भर में और तेज आंदोलन होगा। मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, जिला सचिव मनोज ठाकुर, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, नितेश सिंह, रेखा चौबे, अंजलि गुप्ता, चंदा देवी, आराधना सिंह, फरीद खान, सलिम जाफर, मकबूल खान, सफिक अंसारी, आशिष गुप्ता, फूजैल अहमद, निलू, अरमान सिद्दकी, सुनिल गौतम, जैनुलला अंसारी, अनिल चंद्रवंशी, रोशन पाठक, संजय कांस्यकार, मुमताज रंगसाज सहित काफी संख्या में झामुमो नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाइक छोड़ने के लिए पैरवी के बजाय लोगों को करें जागरूक : थाना प्रभारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा/ धुरकी।** बाइक छोड़ने के लिए पैरवी करने के बजाय लोगों को करें जागरूक उक्त बातें थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कही। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निदेर्शानुसार थाना क्षेत्र के सगमा में सघन वाहन चेकिंग अभियान थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। जहां बिना कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेंट के चल रहे दर्जनों बाइक को जब्त कर चलान काटा गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों से और बाइक चालकों से आग्रह किया कि बाइक जांच के क्रम में पैरवी करने के बजाय अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करें, ताकि वे घर से जब भी निकले तो हेलमेंट पहनकर व सारी कागजात लेकर चलें तथा ट्रैफिक नियम का पालन अवश्य करें ताकि उनकी जान माल की सुरक्षा सुरक्षित रहे। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया की जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर अपराध नियंत्रण को रोकथाम व यातायात नियमों का पालन करने के लिए वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, यह अभियान लगातार जारी रहेगी।

## सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा की बैठक हुई



**मेराल (आजाद सिपाही)।** भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर हाई स्कूल के स्टेडियम पर कार्यक्रम प्रभारी विवेकानंद तिवारी की उपस्थिति में दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल के नेतृत्व में बैठक हुई जिसमें पार्टी कार्यकर्ता, मंच मोर्चा के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, सहसंयोजक शामिल हुए। बैठक में कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक सदस्य बनाकर पार्टी तथा देश को मजबूत करने का आह्वान किया गया। विवेकानंद तिवारी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और इस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करना हम सबों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को गढ़वा विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत दिलाने की खुशी में मंडल के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दिया। इस अवसर पर सभी पंचायत में दो प्रभारी नियुक्त किये गये जो अपने पंचायत के बूथ स्तर के कार्यकर्ता को जोड़ने का काम बतायेंगे जिससे अधिक से अधिक कार्यकर्ता बनाने में सहयोग मिलेगा। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष शंकर यादव, विजयपाल, युगुल दुबे, महामंत्री अमित कुमार साह, राधेश्याम यादव, श्यामलाल पासवान, वीरेंद्र ठाकुर, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, शिव नारायण चौधरी, अनीष अंसारी, धनंजय शर्मा, भोला पासवान, सिकंदर पासवान सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन मंडल महामंत्री राजेश यादव ने किया।

## समरसेबल चोर गिरोह का मास्टरमाइंड आधा दर्जन पंप के साथ गिरफ्तार

**बलराम शर्मा**



**मेराल (आजाद सिपाही)।** एसपी दीपक कुमार पांडे के निर्देश पर थाना पुलिस ने क्षेत्र के सीमावर्ती गांव हारादाग कला (रमुना थाना क्षेत्र) से समरसेबल मोटर चोर गिरोह के मास्टरमाइंड मुन्ना चौधरी को चोरी किए आधा दर्जन पंप के साथ गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। मेराल थाना में पत्रकार वार्ता के दौरान इसकी जानकारी देते हुए एसडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि मुन्ना चौधरी समरसेबल मोटर चोर गिरोह का मास्टरमाइंड है जो 9 माह से फरार चल रहा था। मुन्ना चौधरी हारादाग के पूर्व मुखिया ललन चौधरी का बेटा है। उन्होंने बताया कि एसपी दीपक कुमार पांडे को सूचना मिली की मुन्ना चौधरी अपने घर पर आया हुआ है इसके बाद थाना प्रभारी विष्णु कांत के नेतृत्व में टीम गठित कर मुन्ना को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि 29 मार्च 2024 की रात्रि में मेराल थाना क्षेत्र के अकलवानी गांव में रोहित कुमार के दुकान में चोरी की घटना घटी थी। जिसका उद्वेदन करते हुए तीन अभियुक्तों को चोरी के समान एवं 10 मोटर के साथ गिरफ्तार किया गया था। तभी से गिरोह का मास्टरमाइंड मुन्ना चौधरी फरार चल रहा था। 19 दिसंबर की रात्रि में मुन्ना चौधरी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया तथा उसकी निशानदेही पर छापेमारी कर थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी किए गये दो टुल्लू पंप मोटर, एक सोलर पंप तथा तीन समरसेबल पंप बरामद किया गया। एसडीपीओ नीरज कुमार के निर्देशन में गठित छापेमारी दल में थाना प्रभारी विष्णु कांत, पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार, दीपक पासवान, सअनि आशीर्वाद महतो तथा रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

## भाजपा ने किसानों की समस्या को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा मांगपत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** भाजपा का प्रतिनिधि मंडल किसानों की समस्या को लेकर जिला उपायुक्त शेखर जमुआर से मिलकर राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौंपा। उपायुक्त ने व्यवस्था में सुधार को लेकर भरोसा दिलाया है उन्होंने कहा कि जांच कर व्यवस्था में जल्द सुधार किया जायेगा।

मौके पर भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार किसानों को धोखा दे रही है। 32 रुपये धान खरीदने का वादा था और 24 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीद किया जा रहा है उसमें भी धांधली सामने आ रहा है उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार किसानों के साथ अन्याय नहीं करें। भाजपा कार्यकर्ता तमाम किसानों के साथ खड़ा है। किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। केसीसी ऋण माफी नहीं हो रहा है किसान ऋण माफी के लिए बैंक का चक्कर लगा रहे हैं वहीं बैंक के लोग सारे मामले में चिट्ठी नहीं मिलने का हवाला देते हुए पल्ला झाड़ रहे हैं।


भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा ने कहा कि झामुमो सरकार में किसानों के हक अधिकार के साथ लुट मचा है। धान खरीद में नमी दिखाकर किसान से प्रति क्विंटल 8 किलो का कटौती हो रहा है। जो बिल्कुल गलत है झामुमो सरकार का चुनावी घोषणा के तहत 32 रुपए धान खरीद किया जाए। सरकार वर्तमान में 2300 रुपए धान खरीद और 100 रुपए बोनस कुल 2400 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीद किया जा रहा है जो किसान के साथ भारी छलावा है। केसीसी एवं बिजली बिल माफी में राशन कार्ड की अनिवार्यता खत्म किया जाये। धान खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाये। अगर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन हमारी बाध्यता होगी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र चंद्रवंशी और भाजयुमो जिला मंत्री संजय जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बिशुनपुरा मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित




**बिशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुरा नवयुवक संघ के द्वारा मध्य विद्यालय बिशुनपुरा के मैदान मे आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन समाजसेवी डॉ प्रवीन यादव एवं प्रमुख प्रतिनिधि चंदन मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उद्घाटन मैच रामगढ़ बनाम अमहर के बीच खेला गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रवीण यादव ने कहा कि खेल खेलने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। वही क्रिकेट मैच में रामगढ़ की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेवाजी करने उतरी रामगढ़ की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 134 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाबी ओवर खेलने उतरी अमहर की टीम 64 रनों पर ढेर हो गयी। इस तरह रामगढ़ की टीम ने 71 रन से मैच जीत लिया। वही इस मैच में गौरव कुमार को 18 रन बना कर 3 विकेट झटकने पर मैन आफ दी मैच का पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर शिवकुमार ठाकुर, एसके वर्मा, विभूति पांडेय, जितेंद्र कुमार, अभिषेक सोनी, जगलाल चौरशिया, विकास कुमार, दीपक ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पुलिस के घर से करीब डेढ़ लाख के सामान की चोरी




**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अधौरा गांव निवासी सह झारखण्ड पुलिस के जवान प्रेमचंद कुमार और छोटे भाई आशीष कुमार के घर में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में रखे कीमती सामान चोरी कर फरार हो गये। घटना गुरुवार रात की है। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने लगभग डेढ़ लाख की संपत्ति चोरी कर लिये हैं। चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में घुस कर घटना को अंजाम दिया है। घटना के समय घर में कोई नही था। घर के लोग मेदिनीनगर में रहते हैं। जबकि प्रेमचंद कुमार अपनी ड्यूटी पर धनबाद में हैं। सूचना मिलने पर सभी घर आये। पीड़िता अनिता देवी और चंचला देवी ने बताया कि घर के अंदर ट्रंक में रखे पीतल, फूल और कांसा का कीमती वर्तन तथा अनिता देवी का एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ा कान का बाली तथा एक जोड़ा पायल के साथ कई आवश्यक कागजात चोरों ने चोरी कर लिए। चोरों ने दोनों के घर में रखे बक्सा, ट्रॉली बैग, दो बड़ा ट्रंक को तोड़कर उसमें रखा हुआ सभी सामान को घर के अंदर फेंक दिये हैं। चोरों ने आस पास के दो घर प्रमोद पासवान व राज कुमार गुप्ता के घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिये थे। घटना की सूचना पाकर एसआइ भावेश झा अपने पुलिस दल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल किये। इस विषय में थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि अभी आवेदन नही मिला है। पुलिस जांच कर रही है जल्द मामले का उदभेदन पुलिस कर लेगी।

## डीएवी भवनाथपुर के श्रीजल श्री ने जीता गोल्ड मेडल



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के अंतर्गत आयोजित खेल में हैंडबॉल एवं वॉलीबॉल के विजेता खिलाड़ियों को नेशनल खेल में प्राप्त गोल्ड मेडल को सृजल श्री एवं उसके अन्य साथियों को विद्यालय प्रांगण में प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि डीजीएम सेल के एसयू मेदा को खेल शिक्षक एवं प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने डीजीएम को पुष्प गुच्छ देकर विद्यालय परिसर में स्वागत किया गया। स्वागत भाषण में प्राचार्य ने कहा कि आप जैसे अतिथियों के आगमन से विद्यालय परिवार अत्यंत गौरव महसूस करता है, और आप सबों की उपस्थिति से बच्चों में भी नित नई ऊंचाइयों को छूने की प्रेरणा मिलती है। मुख्य अतिथि एसयू मेदा ने अपने आशीर्वचन में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद व कला के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की शुभकामनाएं प्रदान की।कहां की इस क्षेत्र का एकमात्र यह विद्यालय है जो इस ग्रामीण परिवेश में रहने वाले बच्चों को भी नेशनल लेवल तक पहुंचाने के प्रयास में निरंतर कार्य कर रहा है। तत्पश्चात सीसीए के अंतर्गत आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर लगभग 155 बच्चों को उनके वेशभूषा उनके अभिनय एवं अंक के आधार पर प्रथम द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना के रूप में प्रमाण पत्र का वितरण मुख्य अतिथि व प्राचार्य के कर कमलों द्वारा किया गया ।

## बीएसकेडी ने मिलेनियम पब्लिक स्कूल को 174 रनों से हराया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे हैं 23 वी गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवे दिन संत संत पॉल रेहला की टीम ने एस जी एन किंडर गार्डन मेराल को छह विकेट से हराकर वही दूसरे मैच में बीएसकेडी ने मिलेनियम पब्लिक स्कूल को एक तरफा मुकाबले में 174 रनों का विशाल स्कोर से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। एसजीएन किंडर गार्डन मेराल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉकी के 15 रनों की बदौलत 9 विकेट खोकर 70 रन बनाये। संत पॉल रेहला की और से अंकुश और जीशान ने तीन तीन विकेट लिया। जबाबी पारी खेलने उतरी संत पॉल रेहला की टीम ने जीशान के अर्ध शतक 51 रन के सहारे चार विकेट खोकर जीत ली।एस जी एन किंडर गार्डन मेराल की और से रोशन ने तीन विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संत पॉल रेहला के जीशान को दिया गया। दूसरे मैच में मिलेनियम पब्लिक स्कूल के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बीएसकेडी के सलामी बल्लेबाज पीयूष ने 63 और आदित्य ने 50 रन दोनों ने बल्लेबाज ने अर्धशतक की पारी खेलते हुए टीम का स्कोर निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 214 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 215 रनों के लक्ष्य को खेलने उतरी मिलेनियम पब्लिक स्कूल 40 रन पर ही सिमट गयी।

## सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा ने कार्यशाला का किया आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा नगर मंडल गढ़वा के द्वारा पुरानी बाजार रुकमणी साहून धर्मशाला में 2024 सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, कार्यक्रम का अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप द्वारा किया गया। 22 दिसम्बर से सदस्यता अभियान बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक बूथ अध्यक्षों के द्वारा करना है। सभी बूथ अध्यक्ष को कम से कम 200 एक बूथ पर सदस्य बनाना है इसी के तहत सभी बूथ अध्यक्ष को बुलाकर इस पर चर्चा किया गया एवं आगामी 26 दिसम्बर को बाल वीर दिवस के रूप में मनाने पर चर्चा किया गया एवं हर बूथ पर 11 सदस्यीय कमिटी बनाना है जिसमें चार महिला को रखना अनिवार्य है इस तरह के बहुत सारे कार्य पर चर्चा किया गया कार्यक्रम में उपस्थित लखन गुप्ता देवेंद्र गुप्ता मनोज महतो सुरेश अग्रवाल बंधू राम सोनू कुमार राजू कुमार बबलू कुमार विशाल गुप्ता आशीष कश्यप अभिषेक कश्यप डॉ सतेंद्र कुमार सुदर्शन मेहता उपस्थित थे।

## अधिक से अधिक किसानों से धान क्रय करने का लक्ष्य रखा गया है : बीडीओ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के हालीवंता ग्राम में शुक्रवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशन कुमार, जिला परिषद सदस्य रानी वाला देवी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी परमानंद सिंह, पर्यवेक्षक विकास कुमार ने संयुक्त रूप से किया। उक्त अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशन कुमार ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र का आज उद्घाटन होने के बाद इस केंद्र पर धान क्रय किया जायेगा। जिसमें सरकार के द्वारा माप डंडों के अनुसार क्रय किये गये धान की राशि किसान के खाते में दी जायेगी उन्होंने कहा कि सरकार अधिक से अधिक किसानों से धान क्रय करने का लक्ष्य रखी हैं जिसमें इस केंद्र को अपनी मजबूत भागीदारी तय करना है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि वह अपने धान को कम दामों में खुले बाजार में ना बेचे सरकार उनको उचित निर्धारित राशि दे रही है जिसके अंतर्गत वह केंद्र में ही अपना धान विक्रय करें। मौके पर प्रबंधक काशी प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सदर एसडीओ ने विधि व्यवस्था को लेकर की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने विधि व्यवस्था से जुड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न मामलों यथा अतिक्रमण, भूमि विवाद, अवैध बूचड़खाने, निषेधात्मक कार्रवाई, अवैध शराब, शहरी यातायात आदि मामलों को लेकर विमर्श किया। सर्वप्रथम उन्होंने अंचल अधिकारी गढ़वा सफी आलम तथा कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा सुशील कुमार से अब तक चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियानों की प्रगति और अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी ली। साथ ही इस अभियान के दौरान पदाधिकारियों के सामने आ रही व्यवहारिक दिक्कतों को भी जाना।बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री नीरज कुमार तथा पुलिस निरीक्षक श्री बृज कुमार ने कहा कि अतिक्रमण विरोधी अभियानों के साथ-साथ किसी भी विधि व्यवस्था के संधारण मामले में पुलिस सदैव सक्रिय भूमिका में तत्पर है।

**सोमवार से नदी अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान :**एसडीओ ने गढ़वा अंचल तथा नगर परिषद के अधिकारियों से दानरो नदी के अतिक्रमण हटाने की दिशा में अब तक किए गए प्रयासों और भविष्य की तैयारियों के बारे में जाना, तदनुरूप आगामी सोमवार से टीम बनाकर कार्य योजना के तहत दानरो नदी के किनारे हुए अस्थाई तथा स्थाई प्रकृति के अतिक्रमण को हटाने की दिशा में नियमानुसार कार्रवाई आरंभ करने का निर्देश दिया।

**अराजक तत्वों पर निषेधात्मक कार्रवाई जारी रखें:** अनुमंडल पदाधिकारी ने बैठक मौजूद पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि गढ़वा के अराजक तत्वों को चिन्हित कर समय-समय पर उनके विरुद्ध निषेधात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा अनुमंडल कार्यालय को प्रेषित करते रहें ताकि उन पर विधि सम्मत कार्रवाई की जा सके।

**अवैध बूचड़खानों को चिन्हित कर होगी कार्रवाई:** बैठक में निर्णय लिया गया कि अनौपचारिक स्त्रोतों से जानकारी जुटाकर अवैध बूचड़खानों को गोपनीय तरीकों से चिन्हित किया जाएगा, तदुपरांत कार्य योजना बनाकर संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## भंडरिया में धान खरीद केंद्र का उद्घाटन



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया पैक्स कार्यालय में शुक्रवार को भंडारिया पेक्स अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह के द्वारा पूजा पाठ कर के पूजा के उपरांत जिला परिषद हिरवंती देवी प्रमुख रुक्मिणी देवी उप प्रमुख श्रद्धा देवी झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की व उप मुखिया रविंद्र सिंह द्वारा संयुक्त रूप से धान अधिप्राप्ति केंद्र का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत जिला परिषद हिरवंती देवी ने अपने संबोधन में कहा कि यहां के किसान औने पौने दामों में धान बेचने पर मजबूर था और आज पैक्स खुलने से 2300 रुपये क्विंटल के साथ साथ और 100 रुपये क्विंटल बोनस के साथ 2400 रुपये का दाम किसानों को मिलेगा। धान अधिप्राप्ति केंद्र के उद्घाटन के मौके पर देवसागर सिंह, मदन केसरी, चंद्रदेव ठाकुर, अनिल ठाकुर सहित सैकड़ो किसान उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में सहायक अध्यापक की मौत

**धुरकी/ गढ़वा (आजाद सिपाही)।** एनपीएस घोड़पाथर परासपानी के सहायक अध्यापक के सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। जिसमें झारखंड सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना कुमार भारती के नेतृत्व में प्रखंड के सैकड़ो शिक्षक दाह-संस्कार में भाग लेने पहुंचे। शिक्षकों सहित प्रखंड के बीआरसी कार्यालय के बीपीओ बिपिन बिहारी गुप्ता भी पहुंच कर पीडित परिवार को ढाढ़स बंधाया।संघ के प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना कुमार भारती ने मीडिया के माध्यम से सरकार से दिवंगत शिक्षक सुरेश यादव के परिजन को कल्याण कोष से तत्काल 10 लाख रुपए देने की मांग की।साथ ही संगठन और सरकार के बीच दिसंबर 2022 में हुए समझौते के अनुरूप परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा पर नौकरी देने की मांग की है।साथ ही चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अगर नियमानुसार पीड़ित परिवार को लाभ नहीं दिया जाता है तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

## हाइस्कूल में हुई चोरी नकद एक लाख गायब

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चिलदाग एसएस प्लस टू हाईस्कूल में गुरुवार की रात चोरी हो गयी। चोरों ने स्कूल ऑफिस, प्राचार्य कक्ष एवं स्टाफ रूम का ताला तोड़कर आलमीरा में रखे करीब एक लाख रुपए गायब कर दिया। वहीं रूम में रखे आवश्यक कागजात को तितर बितर कर दिया। बताया जा राह कि चोरी हुई नकदी मैट्रिक परीक्षा फार्म भरने वाले बच्चों से शुल्क के तौर पर लिए गए थे। चोरों ने आलमीरा के लॉक को भी तोड़ दिया है। चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले चोरों ने स्कूल की बिजली लाइन काट दी और सीसीटीवी कैमरा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। प्राचार्य संगीता रवि ने बताया कि शुक्रवार की सुबह जब सभी शिक्षक स्कूल पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई। घटना की सूचना पाकर अनगड़ा पुलिस भी स्कूल पहुंची और मामले की छानबीन की। इस बाबत प्राचार्य ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन फेज वन को ग्रामीणों ने कराया बंद

## अधिकारियों के साथ वार्ता विफल, नौकरी व मुआवजा नहीं मिलने तक बंद रखने की घोषणा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले नौकरी और मुआवजे की मांग को लेकर शुक्रवार को मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन फेज वन को ग्रामीणों ने बंद करा दिया। मोर्चा और ग्रामीण झंडा-बैनर लेकर रेलवे ट्रैक पर ही धरने पर बैठ गए। जिस कारण उक्त रेल लाइन पर कोयला ढुलाई पूरी तरह बंद रही। इस दिन सुबह 10 बजे पिपरवार राजधर साईडिंग से एक मालगाड़ी कोयला लेकर रेलवे ट्रैक पर आयी जो हेसालोंग गंझु टोला में आंदोलनरत ग्रामीणों ने उसे रोक दिया। इसकी जानकारी मिलने पर अशोक परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह एवं खलारी सीओ प्रणव अंबष्ठ भी आंदोलन स्थल पर पहुंच गये। ग्रामीणों के साथ वार्ता की। जेके सिंह ने कहा कि प्रबंधन हमेशा विस्थापित-रैयतों के साथ हैं। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर हैं। प्रबंधन का प्रयास है कि रैयतो को नौकरी-मुआवजा मिले। वहीं, मोर्चा के शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से पिपरवार-राजधर साइडिंग के लिए मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन फेज वन के रैयत जमीन के बदले नौकरी एवं मुआवजे के लिए भटक रहे है। आजतक केवल आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। जिससे रैयतो में काफी आक्रोश है। जब भी रैयत कोई आंदोलन करने की बात करते हैं तो उन्हें आश्वासन देकर चुप करा दिया जाता है। लेकिन कोई पहल नहीं की जाती है। इसलिए मजबूर होकर रैयतो ने मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन फेज वन को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने प्रबंधन एवं सीओ के बातों से असहमत होने पर बंद को जारी रखने का निर्णय लिया है। कहा कि जब तक रैयतों को नौकरी मुआवजा नहीं मिलेगा मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन पर कोयला ढुलाई पूरी तरह बंद रहेगी। इस मौके पर रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया प्रवक्ता रामलखन गंझू, जालिम सिंह, अमृत भोगता, विनय खलखो, प्रभाकर गंझु, शिवनारायण लोहरा, हेमलाल गंझू, दामोदर गंझू, श्यामजी महतो, सुनील यादव, सुकर गंझु, कृष्णा भोगता, रमेश साव, रुपनाथ गंझु, राधेश्याम प्रसाद, विनय टोप्पो, ठाकुर साव, बिशेश्वर साव, सुकुल साव, रविंद्र मुंडा, मनीष भगत, बिनोद मुंडा, रविन्द्र साहू, धनंजय साहू, मुकेश गंझु व सुरेंद्र गंझु आदि मौजूद थे।



नौकरी-मुआवजा की मांग पर मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन फेज वन को अवरुद्ध कर प्रदर्शन करते रैयत-ग्रामीण।

## क्षेत्र की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रयास जारी रहेगा : विधायक

**पिपरवार पहुंचे बड़कागांव विधायक कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** बड़कागांव के भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी ने शुक्रवार को पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान बचरा पहुंचने पर स्थानीय भाजपा एवं आजसू के कार्यकर्ताओं ने फूलों का गुलदस्ता देकर विधायक का जोरदार स्वागत किया। वहीं, विधायक ने बचरा संगम विहार क्लब में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी, भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा, आजसू नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह, रविन्द्र सिंह, मोहन महतो, उमेश कुमार सिंह, रविशंकर जायसवाल, मोहम्मद एजाज, विनोद कुमार, सीटू शाही, अमन कुमार पांडेय, दिलेश्वर महतो, विजय लाल, उगन महतो, अनिल पांडेय, हैप्पी सिंह, राजकुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लायें अधिकारी : मसीह गुड़िया



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद सभागार में शुक्रवार को जिप अध्यक्ष मसीह गुड़िया की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। साथ ही सभी विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। बैठक में आपूर्ति, शिक्षा, पेयजल, कल्याण, पथ प्रमंडल, कृषि, विद्युत, भू अर्जन, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, खनन, मत्स्य और पशुपालन समेत अन्य विभाग को पूर्व में दिए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने अपनी योजनाओं की स्थिति और प्राप्त निर्देशों के अनुपालन से अवगत कराया। इस दौरान जिप अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में गति लाने के साथ ही गुणवत्ता सुनिश्चित करें। बैठक में कई नए प्रस्ताव रखे गये और कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। इनमें अड़की प्रखंड में गोदाम का निर्माण योजना को मुरहू प्रखण्ड में कराने का प्रस्ताव, कर्रा प्रखण्ड अन्तर्गत चंदापारा पार्क के पास डाक बंगला के निर्माण का प्रस्ताव, 15वें वित्त आयोग के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में पारित योजना का स्थल परिवर्तन, रद्द करने से संबंधित प्रस्ताव बैठक में रखे गये। इसके अलावा जिला परिषद खूंटी के आय के श्रोत के बार में भी चर्चा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषदए परियोजना निदेशक आइटीडीएए उपाध्यक्ष जिला परिषदए सांसद प्रतिनिधिए विधायक प्रतिनिधि और सभी जिला परिषद सदस्यए सिविल सर्जनए डीएसपी मुख्यालयए सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीए प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## सोनाहातू हाइस्कूल में चला सुरक्षा जागरूकता अभियान

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय में शुक्रवार को सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस ने शिक्षकों से स्कूल में सुरक्षा संबंधी जानकारी ली। साथ ही सड़क सुरक्षा से सबंधित बच्चों को जागरूक किया और यातायात नियमों की जानकारी दी। प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण यातायात नियमों का पालन ना करना और असुरक्षित वाहन चलाना है। इसलिए नियमों का पालन करना अनिवार्य है। 18 साल से नीचे के किशोरों को दो पहिया, चार पहिया वाहन चलाने के लिए ना दें। वहीं, 18 साल से ऊपर के सभी लोग हेलमेट पहनें, सीटबेल्ट लगाकर, ड्राइविंग लाइसेंस व गाड़ी के कागजात के साथ ही गाड़ी को लेकर सड़क पर चलें। तेज रफ्तार गाड़ी ना चलाएं। वहीं, छात्र-छात्राओं ने दो पहिया चार पहिया वाहनों से चल रहे लोगों को सड़क सुरक्षा के तहत जागरूक किया। मौके पर प्रधानाध्यापक रामेश्वर सेठ सहित शिक्षक व छात्र- छात्राएं मौजूद थे।

## लेपाटांड़ में फुटबॉल महाकुंभ कल



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के लेपाटांड़ गांव में 48वां एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को होगा। ग्रामीण कीड़ा संस्था लेपाटॉड़ पातकुम ईचागढ़ कमेटी की ओर से विधायक सबिता महतो से मुलाकात कर उन्हें फुटबॉल महाकुंभ सह मेला में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष नवल किशोर सिंह मुण्डा, उपाध्यक्ष पशुपति बागची, सचिव अजय कुमार, कोषाध्यक्ष राजकिशोर सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन



**सोनाहातू/मूरी/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 12 तक की छात्राएं शामिल हुई। सर्वप्रथम वार्डेन शशि बाड़ा ने प्रभु यीशु के जन्म, उनके जीवनकाल, माता-पिता मरियम एवं यूसुफ के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि क्रिसमस का त्योहार आपसी प्रेम और भाई चारा को बढ़ावा देता है। वहीं. छात्राओं ने विद्यालय में बनाएं गए केक को काटा। कार्यक्रम का संचालन छात्रा बिनीता कुमारी ने किया। इस मौके पर शिक्षिका सरोजिनी टोप्पो, सौरभ कुमार सिंह, फूलमणि बाड़ा, बनमाली कुमार, राजाराम लोहरा, ज्ञानरंजन महतो, कृष्ण चंद्र महतो आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, मुरी रेलवे इन्स्टीट्यूट में भी क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन रेलवे ट्राईबल फैमिली एसइआर रांची शाखा के मुरी की ओर से किया गया। जिसमें मौजूद मुरी रेलवे स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर जे कच्छप को बैच लगा कर व क्रिसमस टोपी पहना कर स्वागत किया गया।। शिबू पाहन, लोको पायलट अरूण कुमार भगत ने गीत कारण वहां मौजूद लोगों का मन मोह लिया। इसस दौरान उसुर्लाइन स्कूल के छात्रों ने प्रभु यीशु के जन्म पर नाटक पेश किया। प्रिंसिपल सरिता बोदरा ने उसुलाईन परिवार की ओर से सभा का आभार व्यक्त किया। उधर, तमाड़ कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में भी क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिवर्ष की तरह इस साल भी केक काटकर खुशी मनायी गयी। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से वार्डन रीता बडाईक, असस्थितियां लागून, शिल्पी कुमारी, वैजयंती कुमारी, करुणा कुमारी, सायरा खातून, सनज्योति कुमारी, असित कुंडू, रंजीत मोदक, गंगाधर महतो, प्रिया कुमारी, शबनम टोप्पो, सविता हरीश, सांडील, राखी कुमारी, ललिता कुमारी आदि मौजूद थीं।

## बुंडू में मोबिलाइजेशन शिविर का आयोजन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नगर पंचायत मैदान में झारखंड सरकार की पलाश जेएसएलपीएस ग्रामीण विकास विभाग की ओर से शुक्रवार मेगा मूवमेंट कम मोबीलाईजसन कैंप का आयोजन को किया गया। जिसमें बुंडू, तमाड़, सोनाहातू, राहे प्रखंड के सैकड़ो बेरोजगार युवक-युवतियां शामिल हुए। इसमें डीडीयूजीकेवाई के अंतर्गत विभिन्न ट्रेड जैसे एसएमओ इलेक्ट्रीशियन, डॉक्यूमेंट असिस्टेंट एंड लोजिस्टिक्स, टू व्हीलर मैकेनिक्स, डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए काउंसलिंग किया गया इस कार्यक्रम में बुंडू की बीडीओ सावित्री कुमारी मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुई। इनके अलावा डीएम स्कील एंड डेवलपमेंट के रमन सर, चारों प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित हुए।

# पूरे मनोयोग से करें सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी : रामसूर्या मुंडा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बिरसा कॉलेज में डीएस फाउंडेशन और हंस चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में शुक्रवार को झारखंड सिविल सेवा में प्रीमियर सेवा का प्रारंभ और सफलता विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा के अलावा बिरसा कॉलेज की प्राचार्या जर्मन किड़ो कुल्लू मौजूद थी। इस अवसर पर विधायक ने खूंटी में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाने की सराहना की। कहा कि प्रतिभागियों को आगामी परीक्षाओं में पूरे मनोयोग से तैयारी करने की जरूररत है। वहीं, प्राचार्या ने बताया कि अगले वर्ष के प्रारंभ से प्रत्येक रविवार को कॉलेज में छात्र-छात्राओं को सिविल सेवाओं की तैयारी हंस चौरिटेबल ट्रस्ट के विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क कराई जाएगी। हंस चौरिटेबल की ओर से मैनेजिंग ट्रस्टी एवं सिविल सेवा परीक्षा विशेषज्ञ एसपी चौबे ने सिविल सेवा की पूरी परीक्षा प्रणालीए सिलेबस और प्रश्नों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्टी नरेंद्र साहू और धन्यवाद ज्ञापन सीके भगत ने किया। इस मौके पर राजकुमार गुप्ता, सयूम अंसारी और शंकर मुंडा आदि उपस्थित थे।

# महिला, बाल और सड़क सुरक्षा को लेकर सिल्ली पुलिस ने पैदल मार्च कर लोगों को किया जागरूक



**मुरी (आजाद सिपाही)।** सिल्ली पुलिस की ओर से शुक्रवार को महिला बाल सुरक्षा, छेड़खानी एवं सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सिल्ली बाजार से आजाद स्कूल तक पुलिस ने पैदल मार्च किया गया। पुलिस ने हिदायत दी है कि यदि कोई लड़का स्कूल के आसपास फब्तियां कसते या आती-जाती लड़कियों को परेशान करता पाया गया तो अभिभावक तुरंत पुलिस को सूचना दे या मामला दर्ज करायें। ताकि उस पर कडी कार्रवाई हो सके। स्कूल के आसपास नशे का सामान भी नहीं बिकनी चाहिए। नाबालिग बच्चों को बाइक नहीं चलाने की भी हिदायत दी गई है।

# खलारी में घर पर फायरिंग मामले में दो गिरफ्तार



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी पुलिस ने पुरानी राय निवासी शंकर महतो के घर पर विगत दिनों हुई फायरिंग की घटना को अंजाम देने का खुलासा करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार कर भेज दिया है। उनके पास से बाइक और घटना में इस्तेमाल दो मोबाइल फोन व सिम कार्ड भी बरामद किया है। पकड़े गये आरोपितों की पहचान बुढमू थाना क्षेत्र के ग्राम मक्का निवासी सोनालाल महतो उर्फ छन्नू और खलारी के ही बमने गांव निवासी दीपक कुमार उर्फ दीप के रूप में हुई है। इनके पास से बाइक, दो मोबाइल और एक सिम बरामद किया है। थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गये लोगों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उन लोगों ने ही शंकर महतो के घर की रेकी की थी। परिवार के सब सदस्य जब गांव के पूजा में शामिल होने मंदिर चले गए तब अपराधियों ने उनके घर पर जाकर फायरिंग की थी। घटना वाले दिन इन दोनों के साथ दो अन्य अपराधी भी मौजूद थे जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

## पिपरवार जीएम ऑफिस में हुई सीएसआर योजना को लेकर बैठक

# ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न समस्याओं का होगा समाधान: विधायक

**बैठक में 10 पंचायतों के प्रतिनिधि हुए शामिल, विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में शुक्रवार को सीएसआर योजना को लेकर जरूरी बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार और संचालन कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल ने किया। इस दौरान कोयलांचल क्षेत्र के करीब 10 पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि, राजनीतिक पार्टी एवं स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में वर्ष 2025-26 में सीएसआर योजना के तहत विभिन्न पंचायत में कराये जाने वाले विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मौजूद पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने-अपने पंचायत में सीएसआर योजना से कराए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। इस बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पुल पुलिया, नाला, बोरिंग, जल मिनार सहित अन्य योजनाओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में बड़कागांव के भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी भी शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि सीएसआर योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को कराया जाएगा। इसके लिए सभी के सहमति से योजनाओं का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों मे उत्पन्न समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा। वहीं, पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने कहा कि सीएसआर योजना से विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा, जिसके लिए प्रत्येक वर्ष सीसीएल प्रबंधन ग्रामीण इलाकों के जनप्रतिनिधि एवं विधायक, सांसद के साथ बैठक की जाती है। बैठक में सभी के सहमति से योजनाओं का चयन किया जाता है और उसका निर्माण कार्य पूरा कराया जाता है। उन्होंने कहा कि सीसीएल प्रबंधन कोयला उत्पादन के साथ ग्रामीण इलाकों के विकास कार्यों पर भी काम कर रही है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, जीएम संजीव कुमार, एसओपी नागेश कुमार गोपाल, एसओसी बिपिन बिहारी, सीएसआर पदाधिकारी उज्जवल कुमार, टण्डवा प्रमुख रीना कुमारी, बचरा उत्तरी मुखिया गुंजन सिंह, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी, बेंती मुखिया सरीता देवी, किचटो मुखिया संगीता देवी, राय मुखिया शीला कुमारी, बहेरा मुखिया रेखा देवी, कल्याणपुर मुखिया महेश मुंडा, बिजय लाल, नागेश्वर महतो, विजय चौबे, भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा, संजीव मिश्रा, गणेश भुईया, आजसू नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह, धनराज भोक्ता, रविन्द्र सिंह, मोहन महतो, रविशंकर जायसवाल, रमेश मुंडा, मनीलाल महतो, अजय गंझू, अनिल पांडे, दिलेश्वर महतो सहित काफी लोग मौजूद थे।

## प्रशासन गांव की ओर के तहत शिविर का आयोजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन सिंह और संचालन ग्राम पंचायत सेवक सीताराम रवानी ने किया। इसमें मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का नया फार्म एवं शुद्धीकरण के 56 आवेदन जमा हुए। वहीं, राशन कार्ड से संबंधित 104 आवेदन और पेंशन से संबंधित 35 आवेदन आए। मुखिया गुंजन सिंह ने बताया कि पंचायत स्तर पर इस तरह के शिविर का आयोजन होने से लोगों को काफी लाभ मिलता है। शिविर के माध्यम से लोग सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। मौके पर महेंद्र महतो, कुलदीप महतो, समाजसेवी किशन कुमार सिंह, सेविका कलावती देवी, बाला कुमारी आदि उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले और विजेता टीम के खिलाड़ी सम्मानित



**चुट्टूपालू। (आजाद सिपाही)।** रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, चुट्टूपालू में आयोजित दो दिवसीय इंटर कॉलेज चैंपियनशिप के दूसरे दिन वालीबॉल और टेबल टेनिस का मैच संपन्न हुआ। दूसरे दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोपाल राम, प्रेसिडेंट रामगढ़ जिला वालीबॉल एसोसिएशन साथ ही वाइस प्रेसिडेंट झारखंड वालीबॉल एसोसिएशन के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन वालीबॉल और टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस इंटर कॉलेज खेल प्रतियोगिता में रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन,रामगढ़, डॉ एस राधाकृष्णन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, लारी, रामगढ़, मैक्स इंस्टिट्यूट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, रामगढ़, महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रामगढ़ और गिरिजा इंस्टिट्यूट ऑफ पॉलिटेकनिक,रामगढ़ भाग ले रही है। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में डॉ एस राधाकृष्णन टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, लारी से आकांक्षा सिंह प्रथम, द्वितीय अपूर्वा श्रीवास्तव, मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रैनिंग कालेज और तीसरा स्थान भुवनेश्वरी कुमारी रामशोभा कॉलेज आफ एजुकेशन प्राप्त किया। बालक वर्ग में प्रथम स्थान राजाराम महतो, गिरिजा इंस्टीट्यूट ऑफ पालिटेक्निक, रामगढ़, द्वितीय स्थान आकाश डुंगडुंग रामशोभा कॉलेज आफ एजुकेशन और तृतीय स्थान रोबिन, मैक्स टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज रामगढ़ प्राप्त किया। वालीबॉल प्रतियोगिता में कांटे की टक्कर में गिरिजा इंस्टीट्यूट ऑफ पालिटेक्निक विजेता और उपविजेता महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजूकेशन, रामगढ़ रहा। पुरस्कार वितरण समारोह में महाविद्यालय के निदेशक स्नेह नमन, प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया, विभागाध्यक्ष डॉ अवध किशोर सिंह,महर्षि परमहंस कॉलेज आफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ घन्सराम चोरया, गिरिजा इंस्टीट्यूट ऑफ पालिटेक्निक के उप प्राचार्य साकेत बिहारी सिंह उपस्थित रहे। निदेशक स्नेह नमन ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और विजेता टीमों को शील्ड, मेडल और सर्टिफिकेट देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अंत में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी अभिषेक कुमार पांडेय ने दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं सफलता के लिए सामूहिक खेल भावना प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न महाविद्यालय से भाग लेने वाले खिलाड़ियों और खेल प्रशिक्षकों और उपस्थित सभी लोगों का आभार प्रकट किया। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में खेल प्रशिक्षक श्री दिनेश का विशेष भूमिका रही।

## उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में मना वार्षिकोत्सव

**खलारी (आजाद सिपाही)।** उसुर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल क्षेत्र में कई चुनौतियों का सामना करते हुए शिक्षा का अलख जगाने का काम कर रहा है। विद्यालय का कुशूल प्रबंधन और यहां के शिक्षक शिक्षिकाओं की मेहनत का परिणाम है कि आज विद्यालय एक विशेश मुकाम को हासिल कर चुका है। उक्त बातें शुक्रवार को उसुर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित वार्शिकोत्सव समारोह के दौरान राज्य के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कही। इससे पूर्व बंधु तिर्की सहित विशिश्ट अतिथि मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी, बुकबुका पंचायत मुखिया पारसनाथ उरांव सहित अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक लाया। बंधु तिर्की, प्राचार्या सिस्टर जयंती सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का उद्घाटन किया। समारोह का संचालन अभिशेक पाण्डेय और अनन्या कुमारी ने किया। इसे सफल बनाने में सिस्टर नेली, सर शशि, अलका राही, मुकेश सिंह, आरती तिर्की, प्रभाकर शर्मा, अंबुज कर्मकार, सुबी सिंह, नोरबेता टोप्पो, सरोज केरकट्टा, मिस अंजना, विशाल शर्मा, कलविन्द्र कौर उल्लेखनीय योगदान रहा।

# एनआइओएस व इग्नू से आगे की पढ़ाई करेंगे बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के बंदी

## 10वीं में 46, इंटर के 13 व स्नातक के लिए 13 बंदियों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद के निर्देश पर रांची डालसा की ओर से दो दिवसीय (शुक्रवार-शनिवार) विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में किया गया। जिसका उद्देश्य बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में रह रहे बंदियों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना था। वैसे बंदी जिनकी आगे की पढ़ाई कारा में बंद होने के कारण रूक गई थी। उनका फिर से 10वीं और 12वीं में नामांकन कर परीक्षा की व्यवस्था रांची डालसा के सहयोग से राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआइओएस) के माध्यम से कराए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी। इसमें 46 बंदियों का नामांकन 10वीं एवं 13 बंदियों का नामांकन इंटर में कराने की प्रक्रिया बढ़ा दी गयी। वहीं, रांची इग्नू में 13 बंदियों को स्नातक में नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी। इस क्रम में बंदियों को इग्नू की ओर से चलाये जा रहे कंप्यूटर लिट्रेसी कार्यक्रम से जोड़ने की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गयी है। बिरसा मुंडा कारा के अंदर इग्नू व एनआइओएस के स्टडी सेंटर भी खोल दिये गये है। जेल के अंदर ही परीक्षा कराने की व्यवस्था भी करा दी गयी है। इस अवसर पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने कहा कि शिक्षा का हर क्षेत्र में अहम रोल है। प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार है। वैसे बंदी जिनकी पढ़ाई छूट गया है, वे जेल में रहते हुए आगे की पढ़ाई को जारी रख सकते है और परीक्षा देकर उत्तीर्ण भी हो सकते है। इस कारा में रह रहे बंदियों को शिक्षा के अधिकार के तहत शिक्षा मिलना अत्यंत आवश्यक है। वहीं, एनआइओएस के क्षेत्रीय निदेशक राजीव प्रसाद ने कहा कि इस संस्थान में प्रवेश लेकर और पढ़ाई करते हुए व्यक्ति अपने चरित्र का निर्माण कर सकता है। यहां से बाहर निकलकर रोजगार भी पा सकता है। इस संस्थान के पांच विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि प्रवेश लेने की कोई उम्र नहीं है। विषय चुनने की पूर्ण स्वतंत्रता है। एक वर्ष में दो बार परीक्षा आयोजित की जाती है। एक अप्रैल में व दूसरा अक्तूबर महीने में होती है। अप्रैल महीने की परीक्षा में अगर एक-दो विषय में कोई फेल हो जाता है तो उसी वर्ष के अक्टूबर महीने में उस अनुत्तीर्ण विषय को पुनः परीक्षा देकर पास किया जा सकता है। किसी भी बाहरी संस्था में जाकर वह प्रवेश ले सकते है। यहां रह रहे कैदियों के लिए कोई फीस नहीं लगता है। जो भी पढ़ाई होती है, उसके लिए पुस्तक एवं सीडी उपलब्ध कराये जाते हैं। तीन घंटे का वीडीओ लेक्चर ऑनलाइन प्रतिदिन चलता है। छात्रों को पढ़ने के लिए हमारी ओर से सिलेबस और पुस्तकें निःशुल्क दी जाती है। यह इंस्टीट्यूट सीबीएसई बोर्ड एवं जैक बोर्ड के समतुल्य काम करता है। वहीं, कार्यक्रम का संचालन डालसा सचिव ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित इग्नू के वरीय क्षेत्रीय निदेशक डॉ शुभकांत मोहंती ने कहा कि इग्नू की ओर से बंदियों के लिए बीए, बीए ऑनर्स, पोस्ट ग्रेजुएट, अंडर ग्रेजुएट सर्टिफिकेट कोर्स, विज्ञान, कला एवं वाणिज्य के अलावा अन्य विषयों पर शिक्षा उपलब्ध करायी जाती है। यह कोर्स तीन वर्ष के लिए होता है। लेकिन तीन वर्ष और अतिरिक्त दिये जाते है। एक वर्ष का पीजी डिप्लोमा की परीक्षा भी होती है। इस दौरान विषय में उत्तीर्ण नहीं होने पर अगले सत्र में भी छात्र नामांकन ले सकते हैं और पीछे की विषय को परीक्षा देकर उत्तीर्ण कर सकते हैं। दो भाषाओं में इग्नू के द्वारा पढ़ाई की जाती है। हिन्दी और अंग्रेजी। पुस्तक के साथ छात्रों को नोटस दिये जाते हैं। छात्र-छात्राओं के पढ़ाई से संबंधित शंकाओं को दूर किया जाता है। 100 नंबर का एसाईनमेंट और 100 नंबर का थ्योरी होता है। यह परीक्षा दिसंबर व जून महीने में आयोजित की जाती है। कम्प्यूटर लिट्रेसी प्रोग्राम एक महीने के लिए चलाया जाता है। इस प्रोग्राम के तहत बंदियों को कम्प्यूटर की शिक्षा और सर्टिफिकेट दी जाती है। इस मौके पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा, डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, विधि के छात्र-छात्राएं, काराधीक्षक सुदर्शन मुर्मू, जेलर, इग्नू के सहायक निदेशक डॉ रागिनी कुमारी, एनआईओएस के क्षेत्रीय निदेशक राजीव प्रसाद आदि उपस्थित थे।



बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित डालसा सचिव कमलेश बेहरा, एआइओएस के क्षेत्रीय निदेशक राजीव प्रसाद, इग्नू के वरीय क्षेत्रीय निदेशक डॉ शुभकांत मोहंती व अन्य गणमान्य लोग।

## लोगों के उत्थान के लिए सरकार चला रही है योजनाएं : बंधु तिर्की



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को लेपसर स्कूल में 11 अतिरिक्त कमरे का शिलान्यास पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग जल्दी ही लंबित योजनाओं का कार्य शुरू होते देखेंगे। राज्य की महागठबंधन सरकार झारखंड के लोगों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिसका आप लोग लाभ उठाएं। आने वाले समय में क्षेत्र में विकास को लेकर लोगों की शिकायतें खत्म हो जायेगी। उम्मीद है कि पूरा मांडर विधानसभा क्षेत्र एक मॉडल विकसित क्षेत्र के रूप में जाना जाएगा। मौके पर चान्हो प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तेयाक, इरशाद खान, रामचन्द्र मुंडा, जीवन मिंज, दिनेश राम, जुमन खान, रसीद अंसारी, संगीता देवी और नेयाजुल खान आदि मौजूद थे।

## टाटीसिलवे में लीजेंड फुटबॉल टूर्नामेंट कल



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** लीजेंड फुटबॉल क्लब टाटीसिलवे के तत्वावधान में 22 दिसंबर को इइएफ मैदान में 40 साल से अधिक उम्र के खिलाड़ियों के लिए एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसे लेकर क्षेत्र में खासी चर्चा है। इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को आयोजन समिति और फुटबॉल प्रेमियों की बैठक पूर्व फुटबॉलर कार्तिक महतो की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन मंतोष करमाली ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से एक कमेटी गठित की गयी। जिसके अध्यक्ष कार्तिक महतो, उपाध्यक्ष शंकर महतो, सचिव कुंवर करमाली, सह सचिव अमर महतो, कोषाध्यक्ष चैतु तिर्की, सह कोषाध्यक्ष मंतोष करमाली, संरक्षक काशीनाथ महतो, फलिन्द्र करमाली, जगदीश नायक, गणेश लाल एवं बिगना महतो बनाए गए। वहीं टूर्नामेंट प्रबंधक राष्ट्रीय रेफरी सरोज महतो को बनाया गया। कमेटी के अध्यक्ष कार्तिक महतो ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं। विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार के तौर पर खस्सी और ट्रॉफी दिया जाएगा।

## बेड़ो में 114 छात्रों के बीच साइकिल का वितरण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से प्रदत्त निःशुल्क उन्नति का पहिया साइकिल वितरण योजना के तहत प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को कक्षा आठवीं के छात्रों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। पंचायत सचिव करमु कंडीर ने कहा कि छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के लिए सरकार ने यह योजना शुरू की है, जो विद्यार्थियों के शैक्षणिक उन्नति में काफी मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले छात्र योजना से प्राप्त साइकिल से समय की काफी बचत कर समय पर स्कूल पहुंचेंगे। बताया कि प्रखंड क्षेत्र के गडरी, तुको व जहानाबाज स्कूलों के छात्रों के बीच कुल 114 साइकिलों का वितरण किया गया। मौके पर जनसेवक बैजू तिर्की, जगरनाथ भगत व शिक्षक विकास नारायण सिंह मौजूद थे।

## स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डोरंडा पीपर टोली गांव स्थित राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को डोरंडा के मुखिया महावीर उरांव ने कक्षा एक से पांच तक के छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण किया। मुखिया ने कहा कि बच्चों को स्कूल ड्रेस, किताब देने से बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार छात्रवृत्ति, पोशाक, मध्याह्न भोजन समेत छात्र-छात्राओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। छात्र-छात्राएं मन लगा कर पढ़ाई कर विद्यालय और देश का नाम रोशन करें, तभी सरकार की योजना कारगर होगी। इस मौके पर वार्ड सदस्य गौतम कुमार, युनूस अंसारी, पारा शिक्षक आजाद अंसारी आदि मौजूद थे।

## 80 किसानों के बीच चना और मसूर के बीच का वितरण





**रातू (आजाद सिपाही)।** पशुपालन, कृषि व सहकारिता विभाग की ओर से शुक्रवार को रातू प्रखंड कार्यालय में दलहन योजना अंतर्गत चार गांव के 80 किसानों के बीच चना व मसूर का वितरण किया गया। प्रत्येक किसान को 10 किलो चना व चार किलो मसूर का बीच दिया गया। बीटीएम मुन्नी कुजूर में उपस्थित किसानों को बीज लगाने का तरीका, बिजोपचार, टपक सिचाई की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया के अलावा प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी नीरज त्रिपाठी, रघुनंदन प्रजापति, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं कृषि मित्र उपस्थित थे।

## इटकी में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुर्गी गांव स्थित पचायत भवन के पास लैंपस में शुक्रवार को अधिप्राप्ति धान क्रय केंद्र का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन जिप सदस्य रीणा देवी, मुखिया रमेश महली और बीडीओ प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में बीडीओ प्रवीण कुमार ने किसानों के उपज धान को बिचौलियों के समक्ष बिक्री नहीं करने का आग्रह किया। कहा कि धान क्रय केंद्र में सरकारी दर 2300 प्रति क्विंटल की दर धान खरीदारी की जाएगी, जबकि प्रति क्विंटल 100 रुपया बोनस भी दिया जायेगा। धान क्रय केंद्र में पहले दिन किसानों से 16 क्विंटल धान की खरीदारी की गई। ज्ञात हो कि पिछले कई महीनों से क्षेत्र में निजी व्यापारियों की ओर से धान की खरीददारी की जा रही है। इस मौके पर प्रभारी कृषि पदाधिकारी हेमंत एक्का, लैम्पप अध्यक्ष सोमा उरांव आदि उपस्थित थे।

## वनरक्षियों के प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** लालगुटवा स्थित वन उत्पादकता संस्थान में एक सप्ताह से चल रहे झारखंड राज्य वन विभाग के वनरक्षियों का प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को समाप्त हो गया। अंतिम दिन संस्थान के निदेशक डॉ अमित पांडेय ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे वनरक्षियों को प्रमाण पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि वनरक्षी वनों के करीब रहते हैं। प्रशिक्षण शिविर में संस्थान के वरीय वैज्ञानिकों द्वारा बांस पौधशाला तकनीक, कृषि वानिकी में उपयोगी वृक्षों, वानिकी में रीमोट सेंसिंग और जीआईएस का अनुप्रयोग, लाह की उन्नत खेती, की विधि लाह उत्पादों, प्रसंस्करण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।

## मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मिले चंद्रवंशी समाज के प्रतिनिधि



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारत वर्षीय क्षत्रिय महासभा का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से धुर्वा स्थित उनके आवास पर जाकर मिला। संगठन के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डॉ इरफान अंसारी को स्वास्थ्य मंत्री बनाए जाने पर बधाई दी। साथ ही एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रतिनिधियों ने चंद्रवंशी समाज से जुड़ी समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए झारखंड के चंद्रवंशी समुदाय के सर्वांगीण विकास की दिशा में विशेष ध्यान देने की मांग की। आशा व्यक्त की कि इनके मंत्री बनने से राज्य में स्वस्थ्य सेवा और बेहतर बनेगी। इस मौके पर अखिल भारत वर्षीय क्षत्रिय महासभा की महिला प्रदेश अध्यक्ष रेखा वर्मा, रांची चुटिया के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद और सचिव वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## राशन कार्डधारियों को इ-केवाइसी करने में हो रही परेशानी

**नौवें दिन भी किया गया प्रयास पर नहीं हो पायी इकेवाइसी : शिबू**





**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** गरीबों को सरकारी दामों पर राशन मुहैया करने वाली जनवितरण दुकानों में इन दिनों राशन कार्डधारियों के पूरे परिवार के सदस्यों का ई- केवासी किया जा रहा है। कार्डधारी तीन-चार किलोमीटर दूर से चलकर पहुंच रहे हैं। पर जनवितरण दुकान पर उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक जनविताण दुकान पर आजाद सिपाही से बात करते हुए राशन कार्डधारी शिबू भोगता और तराबनी देवी ने बताया कि शुक्रवार को ई केवासी कराने के लिए वे लोग 8वें दिन पहुंचे हैं। पर इस दिन भी हो पाएगा कि नहीं, इस पर संशय है। इ बाबत राशन डीलर का कहना है कि ई-केवासी पोर्टल दोपहर एक बजे से खुलता है, जो काफी धीमी गति से कार्य करते हैं। एक व्यक्ति का दस्तावेज अपलोड करने में करीब आधा घंटे का समय लग जाता है। सरकार की ओर से 31 दिसंबर तक ही ई - केवासी करने का समय निर्धारित है। अगर यही स्थिति रही तो सभी कार्ड धरियों का ई केवासी करना संभव नहीं हो पायेगा। ई-केवासी कराने पहुंचे शिबू भोगता, श्याम भोगता, राजेंद्र मुंडा, भगना बेदिया, लम्बोदर हजाम, बिसेशवर बेदिया, तराबनी देवी, फुलको देवी, मालो कुमारी, करनी देवी, साबीत देवी, पंचम भोगता, करमदेव बेदिया, सहचरी देवी, सेखर भोगता, सनू बेदिया, होरिया बेदिया, दशरथ बेदिया आदि भी परेशान दिखे।

## गरीबों में कंबल बांटा

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झामुमो के अल्पसंख्यक मोर्चा के कोषाध्यक्ष सह लोवाडीह निवासी विलियम रिचर्ड लकड़ा ने शुक्रवार को अपने पुत्र अंकित लकड़ा के 25वें जन्मदिन पर गरीब, असहाय व जरुरतमंद सैकड़ों लोगों के बीच कंबल वितरित किया। कार्यक्रम की शुरूआत केक काटने से हुई। जिसके बाद लोवाडीह के हरिजन मोहल्ला और टोकी टोला में जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए। विलियम लकड़ा ने कहा कि जररूतमंदों की मदद कर उन्हें सुकून मिलता है। आज का दिन उनके बेटे के लिए यह सबसे अच्छा उपहार है। इस मौके पर उपाध्यक्ष बीरु साहू, हरीश कुमार, गेर लकड़ा आदि थे।

## कुख्यात अपराधी राहुल तुरी उर्फ आलोक के घर की हुई कुर्की-जब्ती



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू थाना अंतर्गत छापर में हुए आगजनी कांड के आरोपी खलारी निवासी राहुल तुरी उर्फ आलोक जी के गुलजार लाला धौड़ा बाग के तुरी ग्राम स्थित घर में मजिस्ट्रेट, ग्रामीणों, मुखिया एवं वार्ड सदस्य की उपस्थिति में कुर्की जब्ति की गयी। इसमें घर के बाहरी दरवाजा, खिड़की, चौकी, पंखा, सीसीटीवी आदि समान की कुर्की की गयी। कार्रवाई में सीओ सच्चिदानंद वर्मा, बुढ़मू इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी खलारी विजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी बुढ़मू रितेश कुमार महतो, पुअनि रवि सोनी और एएसआई सहदेव महतो आदि शामिल थे।

## इटकी में दो दिन कोर्ट दिवस निर्धारित, भूमि विवाद का होगा निपटारा

**इटकी (आजाद सिपाही)।** अंचल मुख्यालय में अब भूमि सुधार को लेकर सप्ताह के दो दिन (मंगलवार और शुक्रवार) को कोर्ट दिवस निर्धारित किया गया है। इसकी जानकारी सीओ मो अनीश ने दी। उन्होंने बताया कि भूमि संबंधी आपसी विवाद को लेकर आये दिन समस्या होती है। कोर्ट दिवस के दिन भूमि का दाखिल खारीज, ऑनलाईन पंजी टू सुधार, भूमि सीमांकन सहित संबंधित अन्य मामलों का निर्धारित समय सीमा पर मानक प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए निपटारा किया जायेगा।

## जरूरतमंदों की सेवा करना हमारी पहली प्राथमिकता : वंदना उपाध्याय



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** सेवा ही लक्ष्य उद्देश्य के साथ मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 16 से 20 दिसंबर तक ट्रस्टी अभिषेक कुमार के पिता स्व चंद्र किशोर वर्मा की पुण्यतिथि पर रांची और बिहार के मुजफ्फरपुर के विभिन्न सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों के बीच कंबल व गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इसकी शुरूआत 16 दिसंबर को ओरमांझी प्रखंड के चंद्रा बेड़ा गांव से की गई, जहां मुखिया सीमा तिर्की और उप मुखिया चंद्रा उरांव की उपस्थिति में जरूरतमंदों के बीच कंबल, गर्म कपड़े आदि का वितरण किया गया। ट्रस्टी अभिषेक कुमार ने बताया कि प्रति वर्ष 16 से 20 दिसंबर तक संस्था की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया जाता है। वहीं, संस्था की सचिव सह समाजसेविका वंदना उपाध्याय ने कहा कि अगर सभी का सहयोग नहीं मिला होता तो हम इतने बड़े अभियान का हिस्सा नहीं बन पाते। हमारी कोशिश सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचकर गरीब-जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को समझना और उसके निवारण के लिए प्रयत्नशील रहना होता है। हमारा कार्यक्रम ओरमांझी, भीठा बस्ती, डिबडीह बस्ती, कांके हथिया गोंदा बस्ती, बिहार और झारखंड के प्रत्येक क्षेत्रों में चलाया गया जिसका समापन शुक्रवार को हथिया गोंदा बस्ती में कंबल वितरण के साथ किया जाएगा। वहीं, मुखिया रमेश चंद्र उरांव ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना की। इस अभियान में अभिषेक कुमार मिंकु, शैलेंद्र सिंह, शोभा वर्मा, प्रियंका शर्मा, वंदना उपाध्याय, रिमझिम कुमारी, वैष्णवी, रिंकू सिंह के अलावा संगीता चक्रवर्ती, अभिषेक आसू, शुभम सिंह, अनूप, लावण्या, स्नेहलता, रूपेश और जया कुमारी ने सहयोग किया।

## लापुंग-गोविंदपुर सड़क पर बाइक की टक्कर में चार घायल

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग-गोविंदपुर मुख्य सड़क कालजे मोड़ के समीप शुक्रवार को दो बाइक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में चार लोग घायल हो गया। जिसमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। उनकी पहचान डुमरी मसिया भरनो निवासी सरधु मुंडा, सुमी मुंडाईन, सुनील लोहारा और बिच्चा केरकेट्टा के रूप में हुई है।

### बेड़ो व नरकोपी पुलिस ने छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

# मदद के लिए पुलिस हमेशा तैयार : डीएसपी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** डीएसपी अशोक कुमार राम के नेतृत्व में शुक्रवार को बेड़ो व नरकोपी पुलिस ने छात्राओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। डीएसपी की अगुवाई में दर्जनों पुलिस पदाधिकारियों व सशस्त्र बलों ने एसएस प्लस टू हाई स्कूल, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय बालक, कन्या मध्य विद्यालय और प्रखंड के नरकोपी राजकीय कृत उच्च विद्यालय के आसपास जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान डीएसपी ने छात्राओं से बातचीत भी की। साथ ही उन्होंने संभावित छेड़छाड़ की घटना पर अंकुश लगाने के लिए छात्राओं को निर्भिक होकर पुलिस, प्राचार्य और अभिभावकों को सूचना देने का सुझाव दिया। जिससे संभावित छेड़खानी वाली घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्कूलों में जाकर व घूम घूमकर छात्राओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए स्थिति का जायजा लिया। डीएसपी ने छेड़खानी की घटना पर अंकुश लगाने के लिए थाना प्रभारी नकुल साह को स्कूली क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने और मनचलों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। साथ ही स्कूल परिसर के आसपास बेवजह मजमा लगाने वाले व तेज रफ्तार वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही प्स्कूल परिसर व इसके आसपास थाना व पुलिस अधिकारियों का नंबर चिपकाया। ताकि अनहोनी की आशंका देख पुलिस को तत्काल सूचना दी जा सके। वहीं, डीएसपी अशोक कुमार राम ने कहा कि यह अभियान झारखंड पुलिस की ओर से चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य गांव-गांव और स्कूल-स्कूल जाकर महिलाओं और लड़कियों को उनके हक और सुरक्षा के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि किसी भी महिला या लड़की के साथ अत्याचार या नाइंसाफी होने पर वे पुलिस से तुरंत संपर्क कर सकती हैं, झारखंड पुलिस हमेशा उनकी मदद के लिए तत्पर है। इस मौके पर पुलिस निरीक्षक उत्तम उपाध्याय, बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह, नरकोपी थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, एसआई नंदू पैरा, एएसआई अक्षय कुमार सिंह व निरंजन तिवारी आदि मौजूद थे।



बेड़ो में स्कूली छात्राओं से बातचीत करते डीएसपी अशोक कुमार राम।

# बाबा साहेब अंबेडकर पर की गयी टिप्पणी से आक्रोशित लोगों ने अमित शाह का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/ पलामू।** इंडिया महागठबंधन हरिहरगंज प्रखंड ईकाई ने शुक्रवार को शहर के कॉलेज मोड़ पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला जलाया। राजद कार्यकर्ता गृहमंत्री द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी से आक्रोशित थे। इस पुतला दहन के दौरान गृहमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की गई।पुतला दहन राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव की अध्यक्षता में की गई। इसमें मौजूद राजद, झामुमो और कांग्रेस के कार्यकताओं ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब के प्रति टिप्पणी आरएसएस मानसिकता का परिचायक हैं। यह अंबेडकर और संविधान के प्रति संघ और भाजपा के द्वेष को जाहिर करता है। विदित हो कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में अपने अभिभाषण के दौरान बाबा साहब पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि अंबेडकर का नाम लेना फैशन बन गया है। अंबेडकर की जगह इतनी बार भगवान का नाम लिया होता तो सात जन्म तक स्वर्ग मिलता। इसी बात को लेकर विपक्षी दलों ने अमित शाह से माफी मांगने को लेकर पूरे भारत में पुतला दहन किया जा रहा है। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंह, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष राघव सिंह,राजद वरिष्ठ नेता बुधन सिंह यादव, राजद कार्यकर्ता सह समाजसेवी छोटेलाल गुप्ता, महादेव यादव, लखन यादव, दीपक यादव, सूरज यादव, कपिलदेव यादव, उमा यादव, त्रिपुरारी राम, मो. आविद, मो. इमरान खान, फहीम अख्तर, कादिर हुसैन, गुलाम गोस, अवधेश मेहता सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

## विश्रामपुर नप मुख्यालय के समीप केंद्रीय गृह मंत्री का पुतला दहन



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में राजद ने बिश्रामपुर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की शुरूआत स्थानीय बस स्टैंड से हुआ। जहां से राजद कार्यकर्ता अमित शाह का पुतला लेकर प्रदर्शन करते थाना चौक होते हुए हॉस्पिटल चौक पहुंचे और गृहमंत्री का पुतला दहन किया। जिसके बाद प्रदर्शन सभा में तब्दील हो गया। जिसकी अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव ने किया। संचालन राजद नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी ने किया। सभा में राजद नेताओं ने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अंबेडकर का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। गृहमंत्री अमित शाह को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाना चाहिए।

# राजद ने अमित शाह का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के राजद नेताओ व कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका। पुतला दहन कार्यक्रम शहर के अंबेडकर चौक पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व नगर अध्यक्ष सह राजद नेता शशि कुमार ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेडकर के विरुद्ध टिप्पणी कर उन्हें अपमानित किया है। जिसके कारण राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि राजद डॉ भीम राव अंबेडकर के खिलाफ टिप्पणी बर्दाश्त नहीं करेगा। कार्यक्रम की शुरूआत शहर के अंबेडकर चौक, स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद, शहर में हाथों में तख्ती लेकर लोगों ने नारा लगाया एवं शहर के मुख्य बाजार में भ्रमण के बाद अंबेडकर चौक पर पुतला जलाया गया।


**Government of Jharkhand**
**Department of School Education and Literacy**
**(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)**
**JSCA Stadium Road, Sector- III, Dhurwa, Ranchi-834004**
**Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com**

**e-Procurement Notice – 3rd Call**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Strengthening and Infrastructure Development of Existing Adarsh Vidyalaya located in different 03 Districts of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 2:00 PM on 04.01.2025.
The details of tender documents can be seen and applied through website https://jharkhand tendenders.gov.in only. Tender notification & Tender document can also be seen (read only purpose) from departmental website https://jepc.jharkhand.gov.in. Sd/-

Ref. No.: JEPC/CIV/03/721/2022/4729 — (Shashi Ranjan)State Project Director
Ranchi, Date : 19.12.2024 — Jharkhand Education Project Council
PR 342442 (Jharkhand Education Project Council)24-25*D


## सड़क के किनारे आग ताप रहे लोगों को कार ने कुचला, दो युवकों की मौत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर–मोहम्मदगंज पथ के सबनवा गांव के पास सड़क दुर्घटना में दो की मौत हो गयी। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना गुरुवार की रात्रि 8:40 बजे की बतायी जाती है। जानकारी के अनुसार सबनवा गांव के पास सड़क किनारे लोग बाइक व स्कूटी खड़ा कर आग ताप रहे थे।इसी क्रम में तेज गति से आ रही कार ने लोगों को कुचल डाला। जिससे 20 वर्षीय अरशद खान और 21 वर्षीय आसिफ खान की मौत घटना स्थल पर हो ही गयी। इस सड़क हादसे में 32 वर्षीय हसनैन खान व 55 वर्षीय जहांगीर खान गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों का इलाज पलामू के अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है।बताया जाता है कि दोनों मृतक सबनवा के रहने वाले थे। घायल जहांगीर का पैर टूट गया है, जबकि हसनैन के सिर पर चोट है। अनियंत्रित कार सभी लोगों को टक्कर मारते हुए गड्ढा में गिर गया। इसके बाद लोगों ने कार चालक को पकड़ कर पिटाइ कर दी। जबकि कार में बैठा दूसरा व्यक्ति भागने में सफल रहा। सूचना मिलने के बाद मोहम्मदगंज पुलिस घटना स्तर पर पहुंचकर चालक को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क को जाम कर दिया। विधायक संजय कुमार सिंह यादव के पहल और आश्वासन के बाद जाम हटा। थाना प्रभारी ने बताया कि कार नंबर जेएच 01 एफएच 5907 को जब्त कर लिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## शिक्षक नियमों को ताक पर रख कर मध्याह्न भोजन में कर रहे गड़बड़ी : प्रमुख



**चैनपुर / पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बांसडीह पंचायत के पीपरढाबा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का प्रमुख गायत्री देवी ने औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि मध्यान्ह भोजन में जमकर शिक्षक के द्वारा लापरवाही हो रही है। प्रधानाध्यापक रामरूप प्रसाद द्वारा बच्चों को शिक्षा विभाग के मेन्यू अनुसार मध्यान भोजन में शुक्रवार को चावल,दाल,हरी सब्जी और अंडा फल देना था जबकि बच्चों को रसोईया द्वारा मध्यान भोजन में सिर्फ खिचड़ी ही परोसा गया था। वहीं रसोईया सुषमा देवी ने बताया कि प्रधानाध्यापक रामरूप प्रसाद के आदेशानुसार खिचड़ी बनायी ही गयी हैं। इधर इस संदर्भ में प्रमुख गायत्री देवी ने बताया कि प्रधानाध्यापक रामरूप प्रसाद द्वारा मेन्यू चार्ट के अनुसार से भोजन नहीं बनाया जा रहा है।

## प्रवासी मजदूर का शव पहुंचा गांव

**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के सेमरवार निवासी शिव भुइंया के 27 वर्षीय पुत्र पटेल भुइंया की मौत कर्नाटक के सिकेंद्राबाद में काम करने के दौरान हो गयी। शुक्रवार को एंबुलेंस से शव गांव पहुंचने पर सायरिंग की आवाज सुनते ही पूरे गांव में मातम छा गया और परिजनों में हा हाकार मच गया। घटना से आहत परिजनों ने बताया कि एक माह पहले सिकेंद्राबाद स्थित एलएनटी कंपनी में काम करने गया था जहां काम के दौरान गिर जाने से उसकी मौत हो गई थी । बता दें कि मजदूर की मौत की खबर मिलने पर सेमरवार पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान के पहल पर एलएनटी कंपनी ने एंबुलेंस से शव को घर भेजा गया। मृतक का शव पैतृक गांव आने के बाद सैकड़ो लोगों की मौजूदगी में बटाने नदी घाट पर अंतिम दाह संस्कार कर दिया गया। मजदूर के असामयिक मौत पर कई गणमान्य लोगों ने गहरी संवेदना जताई है। शोक जताने वाले में बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि, प्रमुख कमला देवी, मुखिया जितेंद्र पासवान,पंसस बासुदेव राम, पूर्व मुखिया सुनील भुइंया, राजद नेता महेंद्र यादव,अनिल पासवान, जितेंद्र कुमार, प्रमोद पासवान, रंजित पासवान,रौशन पासवान सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## प्रमुख ने धान क्रय केंद्र का किया उद्घाटन



**चैनपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर निगम क्षेत्र के कपूर्री चौक स्थित चैनपुर मंडल पैक्स धान क्रय केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी, समाजसेवी रंजन दुबे, पूर्व जिला परिषद सदस्य शैलेन्द्र कुमार शैलू, पूर्व प्रमुख विजय गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर प्रमुख नें कहा कि धान क्रय केंद्र खुलने से किसानों को सहूलियत होगी ।अब किसान औने पौने मूल्य पर धान नही बेचेंगे। धान क्रय केंद्र में बेचने पर उन्हें 24 रुपये प्रति किलो की दर से पैसा मिलेगा।

## 22 को पलामू में होगी झारखंड चैंबर की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया दिनांक 22 दिसंबर को 11:00 बजे से पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के साथ झारखंड की सबसे बड़ी व्यावसायिक संस्था झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के साथ ज्योति प्रकाश महिला बीईडी कॉलेज रांची रोड के प्रांगण में एक एग्जीक्यूटिव बैठक सुनिश्चित की गयी है जिसमें झारखंड चैंबर के अध्यक्ष, सचिव, पदाधिकारी एवं झारखंड के कई जिलों के अध्यक्ष एवं जोनल अध्यक्ष आ रहे हैं। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू के सांसद वीडी राम ने भी आने की सहमति दी है। इसमें मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर विशिष्ट अतिथि होंगी। इस बैठक में पलामू के विकास की संभावनाओं पर चर्चा होगी। बैठक की पूरी तैयारी कर ली गयी है। झारखंड के रीजनल उपाध्यक्ष रिंकू दुबे ने बताया कि बैठक हेतु भारी संख्या में चेंबर के सदस्य उपस्थित हो रहे हैं। बैठक में लातेहार, चतरा, गढ़वा से भी काफी संख्या में लोग आ रहे हैं। पलामू चैंबर की ओर से स्थानीय व्यवसायिक संगठन को भी आमंत्रित किया गया है जो पलामू के विकास की संभावनाओं पर विचार रखेंगे। पलामू चेंबर के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने बताया कि कार्यक्रम की तैयार कर ली गई है। चेंबर महिला विंग की भी काफी सदस्य उपस्थित होंगीं। कार्यक्रम 11:00 से 2:00 बजे तक चलेगा उसके उपरांत सामूहिक भोजन के बाद कार्यक्रम का समापन होगा। सदस्यता प्रभारी कृष्ण अग्रवाल ने बताया झारखंड चैंबर में अध्यक्ष आनंद शंकर के नेतृत्व में पूर्व से लगभग 100 सदस्य है और आज उनके ही नेतृत्व में हम सबों द्वारा और 100 सदस्य बनाकर पलामू जिले को पूरे झारखंड मैं सर्वाधिक सदस्यों वाला जिला बना दिया जायेगा।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell**
**Very Short e-Procurement Notice (4th Call)**
**Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 60 /2024-25 Date:-19-12-2024**

| Sl.No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of HSC Medkuri, BLOCK- Daru Dist-:Hazaribagh | 5549719/- | 111000/- | 10000/- | 04 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 23-12-2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 30-12-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 342504 (Building) 24-25 (D)


## जानवर के हमले से वृद्ध महिला जख्मी

**सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा थाना क्षेत्र के रबदा गांव के फुलवरिया टोला की रहने वाली 60 वर्षीय वृद्ध महिला धनी देवी जानवर के हमले से बुरी तरह घायल हो गयी। घटना गुरुवार लगभग 4:00 बजे शाम की है। पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि महिला गुरुवार को लगभग 4:00 बजे फुलवरिया गांव के जंगल से बकरी चरा कर लौट रही थी इसी दौरान चील टोंगरी के पास एक जानवर ने उसे पर हमला करके बुरी तरह जख्मी कर दिया।घटना के बाद महिला के पति इंद्रदेव सिंह के साथ स्थानीय प्रतिनिधियों ने सहयोग जख्मी हालत में महिला को तुम्बागाड़ा अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करके महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। ग्रामीणों के माध्यम से सूचना पाकर वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जानवर के पांव के निशान देख कर बताया कि महिला पर हमला बाईसन ने की है।

## नारायण ज्वेलर्स सह बर्तन दुकान से लाखों रुपये समेत सामानों की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नारायणपुर बाजार में स्थित नारायण ज्वेलर्स सह बर्तन दुकान में गुरुवार की रात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपए की समान व नगद की चोरी हो गयी। सुबह होने पर जब आस पास के लोगों ने देखा तो इसकी सूचना दुकान मालिक को दी। इस संबंध में औरंगाबाद जिला के नबीनगर थाना क्षेत्र के मंगल बाजार निवासी नारायण ज्वेलर्स बर्तन दुकान के प्रो विशाल कुमार सोनी हुसैनाबाद थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है। लिखित आवेदन में कहा है की पथरा गांव निवासी रामप्रवेश पासवान के नारायणपुर बाजार में बने दुकान को किराया में लेकर आभूषण और बर्तन और कुछ रेडीमेड कपड़ा का दुकान चलाता हूं, मैं रोज की तरह दुकानबंद कर गुरुवार की शाम अपने घर नबीनगर चल गया था। सुबह जब इस चोरी की सूचना मिली तो जब दुकान पर पहुंचा तो देखा की शटर टूटा हुआ है। दुकान में रखे लॉकर को तोड़ कर उसमें नगद 20 हजार, 45ग्राम सोना, 2 किलो चांदी के अलावा दुकान में फूल पीतल के करीब 200 किलो के बर्तन गायब है। इस चोरी की सूचना मिलने के बाद हुसैनाबाद पुलिस उक्त स्थल पर पहुंचकर चोरी मामले की छानबीन शुरू कर दी है।




## राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में धीरज और दीपिका ने अंतिम दिन रिकर्व खिताब जीता

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** ओलंपियन बी. धीरज और दीपिका कुमारी शुक्रवार को गोपाल मैदान में राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन क्रमशः रिकर्व पुरुष और महिला वर्ग में चैंपियन बनकर उभरे। उन्होंने टीम मेडल जीतकर अपनी खुशी दोगुनी कर दी। दिव्यांश चौधरी के साथ व्यक्तिगत खिताबी मुकाबले में धीरज ने पहले दो सेटों में अंक बांटे, जबकि दूसरे सेट में उन्होंने परफेक्ट 30 स्कोर किया, उन्होंने लगातार येलो जोन में पहुंचकर 6-2 के स्कोर के साथ अपना पहला खिताब जीता। उनके 18 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी पहली बार पोडियम पर शूटिंग करने के दबाव को नहीं झेल पाए। धीरज ने सर्विसेस पुरुष टीम की कांस्य पदक जीत में भी योगदान दिया।

धीरज ने कहा कि यह एक अच्छा प्रदर्शन था। मैंने जो कुछ भी किया है, वह सही दिशा में जा रहा है।

पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन के रंग में रंगी दीपिका ने अपने पति अतनु दास के साथ मिलकर पंजाब की सिमरनजीत कौर और आदित्य चौधरी की जोड़ी को 6-2 से हराकर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं के व्यक्तिगत फाइनल में दीपिका ने स्थानीय पसंदीदा अंकिता भक्त को 6-2 से हराकर अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

दीपिका ने कहा कि मैं नतीजों की परवाह किये बिना कुछ प्रयोग कर रही हूं। मेरा अंतिम लक्ष्य ओलंपिक है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–74/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.12.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 28.12.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.12.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of A Type Quarter No. -20 (One Unit) at Rajbhawan Pool (Machhali Ghar), Ranchi | 287800 | 5800 | 750 | One Month |
| 2 | Renovation of B Type Quarter No.-04 at Rajbhawan Pool (Machhali Ghar), Ranchi. | 327100 | 6600 | 750 | One Month |
| 3 | Renovation of B Type Quater No.-07 at Rajbhawan Pool (Machhali Ghar), Ranchi. | 371750 | 7500 | 750 | One Month |
| 4 | Renovation of Quarter no-1 (One Unit) in JAC Hostel at Booty Road, Ranchi | 395800 | 8000 | 750 | One Month |
| 5 | Renovation of Quarter No.-9 (One Unit) at JAC Hostel in Booty Road, Ranchi. | 422500 | 8500 | 750 | One Month |
| 6 | Renovation of Quarter No-7 (One Unit) in JAC Hostel at Booty Road, Ranchi | 427750 | 8600 | 750 | One Month |
| 7 | Renovation of Bathroom, False Ceiling and UPVC Partition work in CBI Annexy Building at Booty Road, Ranchi | 472900 | 9500 | 750 | One Month |
| 8 | Renovation of C type Block C type Quarter No-102, Ratu Road, Ranchi | 475250 | 9600 | 750 | One Month |
| 9 | Renovation of C type Quarter No-301 (Block-A) at Ratu Road, Ranchi | 521400 | 10500 | 1250 | One Month |
| 10 | Renovation of C type Quarter No-202 (Block C) at Ratu Road, Ranchi | 524350 | 10500 | 1250 | One Month |
| 11 | Renovation of C type Quarter No-303 (Block D) at Ratu Road, Ranchi | 525600 | 10600 | 1250 | One Month |
| 12 | Renovation of C type Quarter No-05 (One Unit) at Hatma, Kanke Road, Ranchi | 534000 | 10700 | 1250 | One Month |
| 13 | Renovation of C type Quarter No-104 (Block B) at Ratu Road, Ranchi | 536250 | 10800 | 1250 | One Month |
| 14 | Renovation of C type Quarter No-202 (Block B) at Ratu Road, Ranchi | 542500 | 10900 | 1250 | One Month |
| 15 | Renovation of C type Quarter No-01, Block No-03 at Audrey House, Ranchi | 557450 | 11200 | 1250 | One Month |
| 16 | Renovation of Quarter No-C/46, Ratu Road, Ranchi | 560350 | 11300 | 1250 | One Month |
| 17 | Renovation of C type Quarter No-301 (Block C) at Ratu Road, Ranchi | 571100 | 11500 | 1250 | One Month |
| 18 | Renovation of "C" Type Permanent Qtr. No. - 11/16 (New) at Line Tank Road, Ranchi. | 572200 | 11500 | 1250 | One Month |
| 19 | Renovation of A type Quarter No-14/24 and 17/24 at Rajbhawan Pool (Machhali Ghar) Ranchi | 578300 | 11600 | 1250 | One Month |
| 20 | Renovation of C type Quarter No-43 (One Unit) at Ratu Road, Ranchi | 584300 | 11700 | 1250 | One Month |
| 21 | Renovation of C Type Stenographer Quarter No.-2/3 (One Unit) at Kanke Road, Ranchi. | 586200 | 11800 | 1250 | One Month |
| 22 | Renovation of C Type Quarter No.-03, Block No.-05 at Audrey House, Ranchi. | 587500 | 11800 | 1250 | One Month |
| 23 | Renovation of C Type Quarter No.-03/11 (11 Set) at New Police Line, Kanke Road, Ranchi. | 592200 | 11900 | 1250 | One Month |
| 24 | Renovation of C Type Quarter No.-87 (Onc Unit) at New Nagra Toli, Ranchi. | 596700 | 12000 | 1250 | One Month |
| 25 | Renovation of Outer Surface and Roof of B Type Quarter No.-7 to 12 (24 Set) Block No.-2 at Police Line, kanke Road, Ranchi. | 695450 | 14000 | 1250 | One Month |
| 26 | Renovation of C type Quarter No-18 (One Unit) at Ratu Road, Ranchi | 584000 | 11700 | 1250 | One Month |
| 27 | Renovation of C type Quarter No-101 (Block-B) at Ratu Road, Ranchi | 524700 | 10500 | 1250 | One Month |
| 28 | Renovation of Outer Surface and waterproofing of C type Quarter No-01 to 04 of Block-08 at Audrey House, Ranchi | 677300 | 13600 | 1250 | One Month |
| 29 | Renovation of B type Quarter No-8 (One Unit) at New Nagra Toli, Ranchi | 384600 | 7700 | 750 | One Month |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 342436 Building (24-25)_D

# पत्रकारों के हित में सरकार जल्द ही लागू करने जा रही बीमा व पेंशन योजना : मंत्री

## एआइएसएमजेडब्ल्यूए ने राज्य के नगर विकास मंत्री को ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने झारखंड में पत्रकारों को शीघ्र ही बीमा और पेंशन योजना का लाभ दिने जाने को लेकर आश्वस्त किया है। उक्त जानकारी शुक्रवार को ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन (एआइएसएमजेडब्ल्यू) के प्रदेश सलाहकार तेजिंदर सिंह डिंपल और जमशेदपुर शहरी जिला अध्यक्ष चरणजीत सिंह ने संयुक्त रूप से दी है। बताते चलें कि राज्य में पत्रकारों के हित में अहम भूमिका निभाने वाले संगठन ने गिरीडीह में पत्रकारों के हित में एआइएसएमजेडब्ल्यूए की ओर से नौ सूत्री मांगों को लेकर नगर विकास मंत्री सुदिव्य सोनू को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें झारखंड के पत्रकारों पर दर्ज फर्जी मामलों की डीएसपी रैंक से जांच, सभी जिलों में प्रेस क्लब और आवासीय कॉलोनी का निर्माण, एक्रिडेशन, पत्रकार आयोग का गठन, बीमा, पेंशन व सम्मान योजना लागू करने की मांग की गई है। मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि राज्य सरकार पत्रकारों के हित में जल्द ही बीमा और पेंशन योजना लागू करने जा रही है। इसके लिए संबंधित विभाग योजना बना रहा है। उन्होने कहा कि जिलों में प्रेस क्लब का निर्माण व आवासीय कॉलोनी के लिए भी मुख्यमंत्री से दिशा-निर्देश मिलते ही एक प्रारूप तैयार किया जाएगा। नयी सरकार बनते ही ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन राज्य में पुनः सक्रिय हो गयी है। सबसे पहले राज्यपाल को ऐसोसिएशन के संताल परगना प्रमंडल अध्यक्ष राकेश चंदन ने विगत दिनों ज्ञापन सौंपा था जिसे राजभवन द्वारा संबंधित विभाग व मुख्यमंत्री सचिवालय को अग्रसारित कर दिया गया था। इस दिन मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है। अब अन्य जिलों से भी मंत्रियों व विधायकों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।



राज्य के नगर विकास मंत्री को ज्ञापन सौंपते एआइएसएमजेडब्ल्यू के सदस्य।

# बाघमारा अंचल में रैयतों का धरना 10वें दिन भी जारी, बढ़ा आक्रोश

**महुदा (आजाद सिपाही)।** बाघमारा अंचल में ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले रैयतों का धरना पिछले 10 दिनों से जारी है। जिससे रैयतों में भारी आक्रोश है। धरने पर बैठे रैयतों का आरोप है कि उनकी जमीन संबंधित समस्याओं का समाधान अंचल प्रशासन की ओर से नहीं किया जा रहा है। वे महीनों से अपने मामलों को लेकर अंचल कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। वहीं, ग्राम स्वराज अभियान के संस्थापक जगत महतो ने आरोप लगाया कि सीओ रैयतों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रहे हैं। कहा कि अंचल के अधिकारियों की ओर से धरना पर बैठे लोगों को जेल भेजने की धमकियां दी जा रही है। उन्होंने बताया कि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो 27 दिसंबर को बाघमारा सीओ का पुतला दहन करने के साथ ही आंदोलन तेज किया जाएगा। कहा कि मामलों का समाधान नहीं होने तक धरना जारी रहेगा। धरना पर बैठने वालों में मुसीब अख्तर खान, सुमित्रा देवी, आरटीआई कार्यकर्ता सह रैयत अरबिंद सिन्हा, विशाल महतो, तीता कुमारी उर्फ लक्ष्मी देवी, कैलाश रजवार, कमल महतो, दिलीप महतो, सलिक मिस्त्री, रूपेश रवानी, राजा राम महतो, शांती देवी, गौरी देवी, जरिए देवी, मालती देवी, लखी देवी, अंजली देवी, सारू देवी, पदावती देवी, रेशमी देवी और उर्मिला देवी आदि शामिल हैं।




## विभिन्न मांगों को लेकर जारी अनशन समाप्त

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सेल के जीतपुर कोलियरी मुख्यद्वार पर असंगठित मजदूरों की ओर से किया जा रहा आमरण अनशन 5वें दिन संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रबंधन के साथ हुई बर्ता के बाद शुक्रवार को समाप्त हो गया है। बतातें चलें कि बंद कोलियरी को चालू करने की मांग को लेकर अनशन किया जा रहा था। इस दौरान वार्ता में शामिल कोलियरी महाप्रबंधक बादल मंडल, चासनाला के मानव संसाधन महाप्रबंधक उदय कुलकर्णी, बीबी पांडेय, मिथिलेश सिंह, अंचल निरीक्षक अभय सिन्हा, श्रमिक नेता राजकुमार सिंह, राजकिशोर जैना, संजय सिंह, सुरेश सिंह आदि शामिल थे। प्रबंधन के साथ हुई वार्ता में सभी पांच सूत्री मांग पत्र पर सहमति बन गई हैं। महाप्रबंधक ने कहा कि खदान के चारों तरफ पानी भर जाने से डीजीएमएस सिंफर के आदेश पर 23 मार्च से कोलियरी को बंद कर दिया गया है। जिस कारण ठेका मजदूरों की माली हालत बेहद खराब हो गयी है। जिसे ध्यान में रखते हुए कंपनी ने निर्णय लिया है कि खदान में अतिरिक्त स्टॉयुग करने के लिए ठेका मजदूरों को काम दिया जायेगा। जिन मजदूरों को पीएफ एवं ग्रेच्यूटी फंसा हुआ है उसका भुकतान किया जायेगा, जिसमें सात फीसदी इंक्रीमेंट भी जोड़ा जाएगा। सेल कर्मी मृत्युंजय प्रशाद गुप्ता को कैंशर होने पर अनफिट किया गया है, उसके आश्रित को नौकरी दिया जाये। वहीं, आमरण अनशन पर बैठे बिरजू कुमार गुप्ता को अभय सिन्हा ने जूस पिला कर अनशन तुड़वाया गया।

# केंद्रीय गृह मंत्री के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन, पुतला दहन





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर कथित रूप से बाबा साहब डॉ भीमराम अंबेडकर का अपमान करने के प्रतिवाद में शुक्रवार को भी जिले के विभिन्न इलाकों में विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी कड़ी में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी के नेतृत्व में रणधीर वर्मा चौक पर केंद्रीय गृहमंत्री का पुतला दहन किया गया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने कहा कि जिस संविधान की बदौलत आज अमित शाह गृह मंत्री बने हैं उसी संविधान के जनक बाबा साहब का उपहास उड़ाना उनकी मानसिकता को दर्शाता है। कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री को बिना शर्त देश से माफी मांगनी चाहिए और अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। जब तक वे ऐसा नहीं करते, हम लोग इसी तरह आंदोलन करते रहेंगे। इस मौके पर प्रदेश सचिव रवि पासवान, युवा कांग्रेस के जिला महासचिव तबरेज खान, पूर्व झरिया विधानसभा अध्यक्ष देवेंद्र पासवान, धनबाद नगर अध्यक्ष सनी सिंह, गुरु नानक कॉलेज अध्यक्ष अनिकेत कुमार, विशाल रोहित पीके रॉय कॉलेज उपाध्यक्ष अमन पासवान, अरुण दास, सोहेल अली, रोहित मंड, देवांश कुमार, विशाल कुमार और सूरज सिंह आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, शहर के रणधीर वर्मा चौक पर शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने केंद्रीय गृहमंत्री पर संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का कथित रूप से अपमान करने का आरोप लगाते हुए उनका पुतला दहन किया। इस अवसर पर झारखंड बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुबल दास ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री को जब तक पद से नहीं हटया जाता और बाबा साहेब अंबेडकर पर हुए अपमान पर वे माफी नहीं मांग लेते तब तक प्रदर्शन करते रहेंगें। उन्होंने कहा कि भाजपा-आरएसएस का डॉ भीमराव आंबेडकर समेत दलित विरोधी मानसिकता एक बार फिर उजागर हो गयी है। जिसे बसपा बर्दाश्त नहीं करेगी। कहा कि कांग्रेस की ओर से बाबा साहब को अपमानित करने का सारा रिकॉर्ड भाजपा ने तोड़ दिया है। अब बसपा के रास्ते ही बाबा साहब का सम्मान सुरक्षित रह सकता है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अभय कुमार, जिला उपाध्यक्ष गणेश भारती, पूर्व जिलाध्यक्ष बाबूलाल मांझी, जिला प्रभारी सुनील रविदास, महासचिव मनोज दास, मोतीलाल किस्कू, राजीव कुमार, रंजीत कुमार पासवान, योगेंद्र बिन, अजीत दास, पप्पू पासवान, रमेश रविदास, बादल दत्ता, प्रेम वाल्मीकि और शेषनाथ आदि उपस्थित थे।

## सदस्यता महापर्व अभियान को लेकर फुसरो में भाजपा की बैठक

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** प्रदेश भाजपा के निर्देश पर पार्टी के फुसरो नगर मंडल की बैठक शुक्रवार को हुई। जिसमें संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024-30 को लेकर चर्चा की गयी। बैठक पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय के फुसरो स्थित आवासीय कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव ने की। बैठक में भाजपा परिवार के सभी स्तर के कार्यकर्ताओं को लिंक के माध्यम से निर्धारित सदस्य बनाने का भी उल्लेख किया गया। साथ ही संगठन में अपनी-अपनी भूमिका को पारदर्शिता के साथ प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन मंडल महामंत्री टुनटुन तिवारी ने किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह, मदन गुप्ता, पूर्व जिला मंत्री विक्रम पांडेय, फुसरो मंडल सदस्यता प्रभारी संजय प्रसाद और रोहित मित्तल आदि उपस्थित थे।

# सर्वेश्वरी समूह के कार्यक्रम में शामिल हुईं बोकारो विधायक, गरीबों में बांटे गर्म वस्त्र

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सर्वेश्वरी समूह शाखा जनवृत छह में परमपूज्य अघोरेश्व अवधूत भगवान राम जी की समाधि स्थापना दिवस समारोह में शुक्रवार को बोकारो विधायक श्वेता सिंह भी शामिल हुईं। सर्वप्रथम सर्वेश्वरी समूह के स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान किया गया। इसके बाद पूजन आरती कर अष्टयाम संकीर्तन और भंडारा किया गया। इस अवसर पर विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि इस दुनिया में जितने भी आविष्कार हुए हैं, उन्हें गहन सोच के माध्यम से हस्तगत किया गया है। इन आविष्कारों ने नये विचारों को जन्म दिया है। विचार बिजली की तरंगों के सदृश्य हैं, जो पूरे वातावरण में फैलकर अपनी शक्ति से मानव मस्तिष्क को प्रभावित करते है। किसी भी विचार का मूल और निवास स्थान अनंत शक्ति है, जिसे हम सर्वेश्वरी के नाम से जानते हैं। समूह एक मिलने का स्थान है, जहां लोग मिलकर केवल अपनी दैनिक समस्याओं का समाधान ही नहीं निकालते, बल्कि समाज और राष्ट्र के बारे में भी सोचते हैं। सर्वेश्वरी समूह मानव गतिविधि के हरेक पहलू जैसे सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक से जुड़ा है। यहां व्यक्ति अपने साथ के शाश्वत शांति और प्रसन्नता को अन्य समूह भी साझा करने को तत्पर है। समूह ऐसे गुणी लोगों की संस्था या संगठन है जो निःसहाय की सहायता करना चाहते हैं। समाज के पिछड़े, निर्धन वर्ग की सेवा करना चाहते हैं चाहे वह किसी भी वर्ग, जाति, धर्म या समुदाय का हो। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर विधायक ने सभी मौजूद गरीबों के बीच शॉल का वितरण किया।



## धनबाद आइआइटी-आइएसएम में नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप कार्यक्रम का समापन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शिक्षा मंत्रालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमएमटीटीपी) के तहत आयोजित प्रमुख पहल, नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम का शुक्रवार को धनबाद आइआइटी-आइएसएम के एमएमटीटी केंद्र में समापन हुआ। उक्त कार्यक्रम ने देशभर के विभिन्न संस्थानों वाराणसी बीएचयू, हैदराबाद ईएफएलयू, केंद्रीय कश्मीर विश्वविद्यालय, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, आइआइटी (बीएचयू) वाराणसी, आइआइटी जोधपुर, काजी नजरूल विश्वविद्यालय, सिद्धो-कान्हो-बिरसा विश्वविद्यालय और गुजरात तकनीकी विश्वविद्यालय अहमदाबाद के प्रतिभागियों में नेतृत्व कौशल का विकास किया। यह परिवर्तनकारी पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) के महत्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित थी, जिसमें नेतृत्व विकास और हाइहर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के फैकल्टी की रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया गया। शिक्षा मंत्रालय का मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत समर्थन इस दृष्टि को साकार करने में सहायक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार की मोएसपीआई के उप महानिदेशक डॉ पंकज केपी श्रेयास्कर द्वारा दिया गया प्रेरणादायक मुख्य भाषण प्रतिभागियों के बीच गहराई से प्रतिध्वनित हुआ। वहीं, प्रो सागर पाल, डीन (आर एंड डी) ने अकादमिक क्षेत्र में नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। प्रतिभागियों को बदलाव के वाहक बनने के लिए प्रेरित किया। एमएमटीटी केंद्र की कार्यक्रम निदेशक प्रो मृणालिनी पांडेय ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। विशेष धन्यवाद सम्मानित विशेषज्ञों को दिया गया, जिनके ज्ञानवर्धक सत्रों ने प्रतिभागियों की सोच को गहराई से प्रभावित किया। कार्यक्रम का सुचारू संचालन आयोजन समिति के सघन प्रयासों के कारण संभव हो पाया, जिनकी मेहनत ने सभी के लिए एक उत्पादक और समृद्ध अनुभव सुनिश्चित किया। कार्यक्रम के समापन के साथ, प्रतिभागियों को सिखाए गए पाठ और बनाए गए संबंधों को आगे बढ़ाने, और अपने-अपने क्षेत्रों में प्रेरणा और नवाचार लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## 21वीं पशुधन गणना को लेकर बैठक

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के पशुपालन विभाग के निर्देश पर बेरमो प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को 21वीं पशुधन गणना 2024 को लेकर बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता भ्रमनशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी सह फुसरो नगर नोडल पदाधिकारी डॉ अजय कुमार ने किया। बैठक में विशेष रूप से पशुधन गणना 2024 से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी।

# घर में लगी आग, जले अनाज, पीड़ित परिवारों से मिल कर मुआवजा दिलवाने का आश्वासन

**टुंडी (आजाद सिपाही)।** फतेहपुर पंचायत के बांदोजोर गांव में एक मकान में आग लग गयी, जिसमें अनाज वव मवेशी सहित अन्य सामान चलकर राख हो गये। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक बांदोजोर गांव निवासी रामलाल टुडू गुरुवार की शाम अपने सारे काम निपटा कर परिजनों के साथ खाने-पीने के बाद एक बोरसी में आग जलाकर जलाकर सोने चले गये। तभी अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप धारण कर लिया। जिससे पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे करीब 40 मन धान और एक मवेशी जल गया। इसकी सूचना पाकर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के निजी सचिव बसंत महतो, टुंडी बीडीओ विशाल कुमार पांडेय और सीओ जितेंद्र प्रसाद को साथ लेकर पीड़ित परिवार से मिले एवं घटनाक्रम की जानकारी ली। साथ ही मौके पर ही सरकारी प्रावधान के मुताबिक मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। बतातें चलें कि झारखंड सरकार के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो किसी महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने रांची गए हुए हैं। पर उन्होंने फोन पर पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रलाल बास्की, पूर्व मुखिया रामेश्वर बास्की, वरिष्ठ झामुमो नेता फूलचंद किस्कू, महेंद्र चौधरी, वार्ड प्रतिनिधि गुलाम अंसारी, साहेबराम टुडू और वीरू सिंह आदि उपस्थित थे।



# मांगों पर विचार नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन : भागीरथ

**11 सूत्री मांगों को लेकर सिजुआ व कतरास के क्षेत्रीय महाप्रबंधन को सौंपा गया ज्ञापन, ध्रुव महतो ने कहा-हमारी मांग को जल्द पूरी करे**

**कतरास (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शुक्रवार को शक्ति चौक से विशाल बाइक महारैली निकाली गई। जिसकी अगुवाई ध्रुव महतो और भागीरथ रवानी ने किया। ध्रुव महतो, भगीरथ महतो व डालू राम महतो ने शक्ति चौक स्थित शहीद शक्ति नाथ महतो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। लगे हाथ सिजुआ क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय व कतरास क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इसके बाद तेतुलमारी, पांडेयडीह, नयामोड, लोयाबाद, केन्दुआ , करकेन्द होते हुए गोधर के कुसुंडा क्षेत्रीय महाप्रबंधक के मुख्य गेट के समीप सभा की। कहा कि 11 सूत्री मांगों को जल्द ही पूरा नहीं किया गया तो 15 दिन बाद बीसीसीएल के ट्रांसपोर्टिंग कार्य का चक्का जाम कर दिया जाएगा। वहीं, अपने सैकड़ों समर्थको के साथ कुसुंडा क्षेत्र संख्या 6 के क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य द्वार पर भगीरथ रवानी ने प्रदर्शन कर कुसुंडा महाप्रबन्धक को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगीरथ रवानी व संचालन रमेश रवानी ने किया। भगीरथ रवानी ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन हमारी मांगों को नजरअंजाद कर रहा है। अब हम हमलोग के सब्र का बांध टूट गया है। यदि हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो बीसीसीएल का एक छटाक कोयला उठने नहीं देगे। इस मौके पर राजू रवानी, रमेश रवानी, छूटू लाल सोरेन, वीरेंद्र किस्कु, फूलचन्द महतो, कार्तिक महतो, अम्न चंद महतो, गोविंद मांझी, झंडू महतो, सुरेश किस्कु, खलील अंसारी, बसंत चौहान, रविन्द्र राम, शम्सुल अंसारी जगदीश हरि, मिथिलेश पासवान और कृष्ण निशाद आदि उपस्थित थे।



# रैयतों एवं विस्थापितों को काम नहीं देने पर रेल चौड़ीकरण का काम आज से अनिश्चितकाल के लिए करेंगे बंद: दीप नारायण

**कतरास (आजाद सिपाही)।** झारखंडी रैयत रेल विस्थापित समिति के केंद्रीय अध्यक्ष सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि डीएफसीसी की ओर से पूर्व-मध्य रेलवे डिवीजन में रेल चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। निचितपुर से गोमो तक विस्थापित और प्रभावित रैयत इस योजना में काम मांग रहे हैं। पर जो कंपनी इस कार्य को कर रही है, उसमें किसी भी विस्थापित और प्रभावित रैयत को काम नहीं दिया जा रहा है। पिछले तीन महीने से कंपनी के लोग विस्थापित और प्रभावित रैयतों को ठग रहे हैं। कंपनी गुंडों के बल पर काम करवाना चाह रही है, जो बर्दास्त नहीं करेंगें। अगर कंपनी हमलोगों की मांग को नहीं मानती है तो गांव के लोग अपने अधिकार को छिन कर लेंगे। रैयतों की मांग के समर्थन एवं कंपनी के अड़ियल रवैया के विरुद्ध शनिवार से निचितपुर से गोमो तक रेल चौडीकरण का कार्य अनिश्चितकालीन बंद किया जाएगा।



**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(जिला आपूर्ति शाखा)**

**आम सूचना**

खरीफ विपणन मौसम 2024–25 में धान अधिप्राप्ति का कार्य 15 दिसम्बर, 2024 से प्रारम्भ है। इस वर्ष किसानों से क्रय किये जाने वाले धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य रूपये 2300/– प्रति क्विंटल की दर एवं बोनस रूपये 100/– प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाना है।

ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि किसानों के द्वारा जानकारी के अभाव में बिचौलियों के माध्यम से अथवा खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दर पर धान की बिक्री की जा रही है।

अतः एतद् द्वारा कोडरमा जिला के सभी किसानों को सूचित किया जाता है कि सरकार के धान अधिप्राप्ति योजना का लाभ उठायें और अपना धान निबंधित पैक्स को ही उपलब्ध करायें। बिचौलियों के माध्यम से अथवा खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर औने–पौने दाम पर धान की बिक्री नहीं करें।

ह0/–
जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 342451 (Food Public Distribution and Consumer Affairs)24-25*D

# जिंदल स्टेनलेस को ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल का प्रतिष्ठित स्वॉर्ड ऑफ ऑनर सम्मान मिला

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टेनलेस की हिसार इकाई ने हाल ही में ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल का प्रतिष्ठित स्वॉर्ड ऑफ ऑनर सम्मान जीता। यह वैश्विक सम्मान व्यावसायिक स्वास्थ्य व सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बरकरार रखने के लिए कंपनी की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वॉर्ड ऑफ ऑनर उन कंपनियों को प्रदान किया जाता है, जो व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा जोखिमों को प्रबंधित करने में उत्कृष्टता प्रदर्शित करती हैं। 2024 में जिंदल स्टेनलेस ने यह सम्मान प्राप्त करके दुनिया भर में केवल 71 कंपनियों में अपनी जगह बनायी है, जो कंपनी की मजबूत सुरक्षा संस्कृति और परिचालन उत्कृष्टता को प्रदर्शित करता है।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस उपलब्धि के बारे में टिप्पणी की और कहा कि यह सम्मान दशार्ता है कि जिंदल स्टेनलेस में सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता पर हमारा निरंतर ध्यान रहता है। हम अपने कर्मचारियों, साझेदारों और हितधारकों के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह पुरस्कार विश्व स्तरीय सुरक्षा मानकों को बनाये रखने के हमारे संकल्प को और मजबूत बनाता है। हम सतत विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

स्वॉर्ड ऑफ ऑनर के लिए कंपनियों को एक अगस्त 2023 से 31 जुलाई 2024 के बीच आयोजित ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल की व्यावसायिक स्वास्थ्य व सुरक्षा प्रबंधन ऑडिट में फाइव स्टार रेटिंग हासिल करनी थी। कंपनी की हिसार इकाई न केवल इस कठोर मानदंड पर खरी उतरी बल्कि कंपनी के हर स्तर पर सुरक्षा प्रक्रियाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वतंत्र निर्णायक मंडल से सम्मान हासिल किया। जिंदल स्टेनलेस, हिसार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और इकाई के प्रमुख विजय बिंदलिश ने कहा कि जिंदल स्टेनलेस में सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दुर्घटना से मुक्त व्यवसायिक व्यवस्था कायम करने की हमारी प्रतिबद्धता, उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाये रखने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती है। यह सम्मान सभी के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के हमारी टीम के सामूहिक प्रयासों, अनुशासन और एकाग्रता का एक प्रमाण है।

# कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न विषय पर सेमिनार




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, खोरधा रोड द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खोरधा रोड स्काउट्स एंड गाइड्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) शुभ्र ज्योति मंडल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला आयुक्त (गाइड्स) तथा सहायक कार्मिक अधिकारी तपस्विनी महानंदिया, सहायक जिला आयुक्त (गाइड्स) निवेदिता नायक तथा खोरधा रोड की वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ऊषा रानी उपस्थित थीं।

खोरधा रोड स्काउट्स एंड गाइड्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शुभ्र ज्योति मंडल ने स्काउट-गाइड सदस्यों को समाज में यौन उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाओ, मजबूती से खड़े होओ, एकजुट हो जाओ के संदेश का प्रचार करने की सलाह दी।

तपस्विनी महानंदिया ने कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल बनाने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और यौन उत्पीड़न के मुद्दों से निपटने के विभिन्न वास्तविक जीवन के उदाहरणों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का समन्वयन रेणु कुमारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड्स), खोरधा रोड द्वारा किया गया।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई-निविदा संख्या : GEM/2024/B/5718627, dated 18.12.2024.

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि : धनबाद मंडल के बरवाडीह रनिंग रूम में इच्छुक क्रू को रियायती भोजन के लिए कच्चे माल की आपूर्ति और रियायती भोजन बनाने हेतु आउटसोर्सिंग के द्वारा कार्य कराने के संबंध में। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹1,91,07,678.72, 3. अग्रधन राशि : ₹2,45,600.00, 4. ई-निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय : ई-निविदा का बंद होना : 08.01.2025 को 17:00 बजे। ई-निविदा का खुलना : 08.01.2025 को 17:30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : http://gem.gov.in. विशेष : ई-निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि.)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/01736/डीएचएन/ईओपीएन/टी/24-25/32


# पेरिस में एकता और संकल्प ने भारत को हॉकी क्वार्टरफाइनल जीतने में मदद की : ओलंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम को उस समय करारा झटका लगा, जब डिफेंडर अमित रोहिदास को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ महत्वपूर्ण क्वार्टर फाइनल मैच के तीन-चौथाई शेष रहते हुए लाल कार्ड मिला। शुक्रवार को यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (एसओए) में ओलंपियनों के साथ बातचीत के दौरान एक छात्र ने मिडफील्डर शमशेर सिंह से यह सवाल पूछा। समशेर सिंह ने मैच एक-एक कर-के समाप्त होने के बाद टाई-ब्रेकर में भारत की 4-2 की शानदार जीत को याद करते हुए जवाब दिया। शमशेर के अलावा साथी ओलंपियन जरमनप्रीत सिंह, राज कुमार पाल और अंतरराष्ट्रीय वरुण कुमार ने बातचीत में हिस्सा लिया। ये खिलाड़ी 28 दिसंबर से राउरकेला में शुरू होने वाली हॉकी इंडिया लीग की तैयारी के लिए दिल्ली एसजी पाइपर्स टीम के सदस्य के रूप में यहां आये हैं।

एसओए के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंदा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं, जबकि डीन (छात्र कल्याण) प्रो ज्योति रंजन दास ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रख्यात खेल पत्रकार और वर्तमान में एसजी स्पोर्ट्स मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के उपाध्यक्ष, खेल और मीडिया दिग्विजय सिंह देव ने कहा कि किसी ने नहीं सोचा था कि अमित के बाद भारत मुकाबला जीत जायेगा। बहुमुखी मिडफील्डर राज कुमार पाल ने कहा कि खिलाड़ियों ने हमेशा एक-दूसरे का समर्थन किया है। वरुण कुमार ने कहा कि हालांकि जाहिर तौर पर क्रिकेट जैसे खेलों के लिए अधिक समर्थन था, भारतीय टीम द्वारा 2020 में टोक्यो ओलंपिक और 2024 में पेरिस खेलों में लगातार कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी ने एक बार फिर लोगों की कल्पना को प्रज्वलित कर दिया है।

अपने संबोधन में कुलपति ने हॉकी सितारों को 'देश का गौरव' बताया। जरमनप्रीत ने छात्रों से 28 दिसंबर से शुरू होने वाले एचआइएल मैच देखने और दिल्ली एसजी पाइपर्स का समर्थन करने का आग्रह किया।

# किट नन्हीपरी 2024 कल से

- निकिता पोरवाल, रेखा पांडे और आयुषी ढोलकिया आकर्षण होंगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट नन्हीपरी लिटिल मिस इंडिया का बहुप्रतीक्षित 24वां संस्करण 22 और 23 दिसंबर को किट परिसर में खेला जायेगा। इस शानदार कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से 25 फाइनलिस्ट एक रोमांचक मुकाबले में प्रतिस्पर्धा करेंगी। फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल; रेखा पांडे, फेमिना मिस इंडिया 2024 प्रथम रनर-अप और फेमिना मिस इंडिया 2024 सेकंड रनर-अप आयुषी ढोलकिया इस कार्यक्रम का आकर्षण होंगी। सेमीफाइनल 22 दिसंबर को शुरू होंगे, जिससे अगले दिन ग्रैंड फिनाले का मार्ग प्रशस्त होगा। शीर्ष 10 दावेदार प्रतिभा और ग्लैमर के रोमांचक प्रदर्शन के साथ प्रतिष्ठित शीर्ष तीन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इन चमकते सितारों को अगस्त से देश भर में आयोजित क्षेत्रीय दौरों से चुना गया था, जिससे असाधारण प्रतिभा की कतार सुनिश्चित हुई। 41.50 लाख रुपये का विशाल पुरस्कार पूल विजेताओं का इंतजार कर रहा है। ताज पहनाये गये चैंपियन को किट में उच्च अध्ययन करने के लिए पूरी फीस माफी (18 लाख रुपये तक) के साथ 3 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलता है। प्रथम और द्वितीय उपविजेता क्रमशः 2 लाख रुपये और 50,000 रुपये के नकद पुरस्कार का दावा करेंगे। साथ ही विश्वविद्यालय में उनकी पढ़ाई के लिए पर्याप्त शुल्क छूट भी मिलेगी।

प्रतियोगिता में मिस रॅपन्जेल, मिस फोटोजेनिक, मिस सेल्फी, मिस फैशन गर्ल, मिस विज्किड, मिस सिंड्रेला, मिस उर्वशी, मिस कैटवॉक, मिस मोनालिसा और मिस एक्टिव जैसे खिताबों के विजेताओं का भी फैसला किया जायेगा। उन्हें प्रभावशाली पुरस्कार भी मिलेंगे। यह प्रतियोगिता 2001 में मामूली स्तर पर शुरू हुई थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसने पहचान और प्रसिद्धि हासिल की है और खुद को देश में अपनी तरह की एकमात्र प्रतियोगिता के रूप में स्थापित किया है। इसका श्रेय प्रसिद्ध शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता और संस्थापक, किट और किस डॉ अच्युता सामंत को जाता है, जिन्होंने हमेशा महिलाओं के अधिकारों की वकालत की है। आज, किट नन्हीपरी उन सभी लड़कियों के लिए एक पसंदीदा मंच है, जो फैशन, मनोरंजन और विविध क्षेत्रों की दुनिया में कुछ बड़ा करना चाहती हैं। इसके अलावा, प्रतियोगिता प्रतिभागियों को उनके चुने हुए करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास विकसित करने में मदद करती है।

# निरंजन पटनायक के आवास पर इडी ने की छापामारी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भुवनेश्वर में वरिष्ठ कांग्रेस नेता निरंजन पटनायक के आवास पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने छापा मारा। भुवनेश्वर के नयापल्ली इलाके में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष निरंजन पटनायक के घर पर छापेमारी चल रही थी। इसके अलावा तीन अन्य जगहों पर भी इडी की छापेमारी चल रही है।


पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडि), पूर्व मध्य रेल, धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-खुली (e-Open Tender), Single Packet System, IREPS Portal में आमंत्रित की जाती है।

1. बोली क्रमांक (बिड संख्या) : 09-MC-Wagon Repair-2024-2, 2. कार्य का नाम तथा स्थान : 02 वर्ष/24 महीने की अवधि के लिए धनबाद मंडल में गहन परीक्षण के दौरान विभिन्न वैगन मरम्मत गतिविधियों की आउटसोर्सिंग। 3. कार्य का स्थान : बरवाडीह (C&W) डिपो और पतरातू (C&W) डिपो। 4. कार्य का अनुमानित लागत : ₹1,11,14,635.18/- (रुपया एक करोड़ ग्यारह लाख चौदह हजार छः सौ पैंतीस और अठारह पैसे मात्र), 5. बयाना राशि : ₹2,05,600.00/- (रुपया दो लाख पाँच हजार छः सौ मात्र), 6. निविदा जमा करने का तारीख तथा समय : IREPS पर ई-निविदा जमा करने का तारीख 06-01-2025 को 17:30 बजे तक। 7. निविदा खुलने का तारीख तथा समय : 06-01-2025 को 18:00 बजे तक। 8. वेबसाईट विवरण : http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता (समाडि) पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/01727/डीएचएन/यॉ/टी/24-25/36












# भद्रक रेलवे स्टेशन पर यार्ड पुनर्गठन का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्वोत्तर रेलवे ने निर्धारित समय सीमा के भीतर भद्रक रेलवे स्टेशन पर प्रमुख यार्ड पुनर्गठन कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जो स्टेशन के आधुनिकीकरण प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कार्य, जिसका उद्देश्य परिचालन दक्षता में सुधार और ट्रेन प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना था, निर्धारित समय के अनुसार पूरा किया गया। महत्वपूर्ण बात यह है कि परियोजना के दौरान कोई अतिरिक्त ट्रेन रद्द नहीं हुई और सेवाओं को नियोजित कार्यक्रम के अनुसार बनाए रखा गया।

भद्रक रेलवे स्टेशन के पुनर्गठन में विभिन्न प्रमुख उन्नयन शामिल थे, जिसमें नये प्लेटफार्मों को शामिल करना, बेहतर ट्रेन संचालन के लिए अतिरिक्त लाइनें और भद्रक और रानीताल रेलवे स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन को चालू करना शामिल था। ये सुधार बढ़े हुए ट्रैफिक को संभालने, ट्रेन की देरी को कम करने और समग्र स्टेशन कार्यक्षमता में सुधार करने के लिए डिजाइन किये गये हैं।

## पूरा किये गये कार्य की मुख्य विशेषताएं


**नये प्लेटफॉर्म का निर्माण :** अधिक ट्रेनों को समायोजित करने और स्टेशन पर यात्री प्रवाह को आसान बनाने के लिए एक नया प्लेटफॉर्म जोड़ा गया है।




**सुचारु परिचालन के लिए अतिरिक्त लाइनें :** ट्रेनों की कुशल आवाजाही और ट्रेन शेड्यूलिंग पर बेहतर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त लाइनें बिछाई गई हैं।

**भद्रक और रानीताल के बीच तीसरी लाइन :** तीसरी लाइन के चालू होने से आने वाली ट्रेनों को प्रबंधित करने की स्टेशन की क्षमता में काफी वृद्धि हुई है, जिससे आसपास के स्टेशनों पर रुकावटें और देरी कम हो गयी है।

इस परियोजना का सफल समापन भारतीय रेलवे की अपने यात्रियों के लिए बुनियादी ढांचे और सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संसाधनों का अनुकूलन और प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करके, परियोजना को योजनाबद्ध समय-सीमा के भीतर सुचारू रूप से पूरा किया गया, ट्रेन सेवाओं में कोई अतिरिक्त रद्दीकरण या व्यवधान नहीं हुआ। पूर्वोत्तर रेलवे पुनर्गठन प्रक्रिया के दौरान यात्रियों के समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करना चाहता है और आश्वासन देता है कि ये सुधार भविष्य में तेज, अधिक कुशल ट्रेन सेवाओं में योगदान देंगे।








# लाजकुरा में डबल लाइन फ्लाईओवर के लिए एफएलएस को मंजूरी दी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत सरकार ने देश में दो प्रमुख रेलवे परियोजनाओं के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) को मंजूरी दे दी है, जिसका उद्देश्य रेल बुनियादी ढांचे में सुधार और रेल परिवहन की दक्षता को बढ़ावा देना है। इनमें ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में स्थित लाजकुरा में डबल लाइन फ्लाईओवर/आरओआर पर विशेष ध्यान दिया गया है।

**परियोजना का मुख्य विवरण:** लाजकुरा में डबल लाइन फ्लाईओवर/आरओआर, लंबाई 10 किमी, सर्वेक्षण की लागतः 20 लाख रुपये है।

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) जैसे प्रमुख कोयला खनन क्षेत्रों के पास रणनीतिक रूप से स्थित लाजकुरा, कोयले के परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डबल-लाइन फ्लाईओवर के विकास से देश भर के औद्योगिक केंद्रों और बंदरगाहों तक कोयले से भरी ट्रेनों की सुचारू और अधिक कुशल आवाजाही सुनिश्चित होगी, जिससे भारत की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला और मजबूत होगी। इस परियोजना से परिवहन बाधाओं को कम करने की उम्मीद है, जिससे कोयले की समय पर और निर्बाध डिलीवरी की सुविधा मिलेगी, जो भारत के ऊर्जा उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है। भीड़भाड़ को कम करने और कोयला परिवहन की गति को बढ़ाकर, परियोजना सीधे स्थानीय और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान देगी। इसके अतिरिक्त, यह नया फ्लाईओवर प्रोजेक्ट लाजकुरा रैपिड लोडिंग सिस्टम (आरएलएस) का पूरक होगा, जिसका उद्घाटन फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था।












आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**